महानगर नई दिल्ली रविवार 18 अगस्त, 2024, रु. 6.00 (16 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

# जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

### कर्नाटक में एमयूडीए भूमि आबंटन मामले में राज्यपाल का निर्णय

# सिद्धरमैया पर मुकदमे को मंजूरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) की ओर से भूमि आबंटन में हुए कथित घोटाले के संबंध में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाने की शनिवार को मंजूरी दे दी। राज्यपाल ने कहा कि मामले की तटस्थ, वस्तुनिष्ठ और गैर-पक्षपातपूर्ण जांच कराना बहुत जरूरी है। वे प्रथम दृष्टया इस बात से संतुष्ट हैं कि आरोप और मामले से जुड़ी संबंधित सामग्री अपराध किए जाने का खुलासा करती हैं।

इस बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी से संबंधित राज्यपाल के फैसले को संविधान व कानून के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि इस पर

## राज्यपाल का फैसला संविधान व कानून के खिलाफ, मैं इस्तीफा क्यों दूं? इसे मैं चुनौती दूंगा : सिद्धरमैया

**राज्यपाल** ने कहा, मामले की वस्तुनिष्ठ और गैर-पक्षपातपूर्ण जांच कराना बहुत जरूरी है।



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए।

अदालत में सवाल उठाया जाएगा और वे कानूनी रूप से इसका सामना करेंगे। सिद्धरमैया ने संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि यह प्रदेश की निर्वाचित सरकार को हटाने की एक साजिश है। भाजपा ने दिल्ली, झारखंड समेत कई राज्यों में ऐसा किया है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा राज्यपालों के जरिए राज्यों में गैर भाजपा सरकारों पर अनावश्यक दबाव बनाने का प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की भाजपा की मांग पर सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है, जिससे उन्हें त्यागपत्र देना पड़े।

राज्यपाल ने प्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए उस निर्णय को अतार्किक करार दिया, जिसमें मुख्यमंत्री को जारी कारण बताओ नोटिस वापस लेने व मुकदमा चलाने की मंजूरी की मांग करने वाली याचिका को खारिज करने की सलाह दी गई थी। राज्यपाल ने अपने निर्णय में कहा, याचिका के साथ आरोपों के समर्थन में सामग्री, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के उत्तर, राज्य मंत्रिमंडल की सलाह और कानूनी राय की समीक्षा करने पर मुझे लगता है कि एक ही तथ्य के संदर्भ में दो अलग-अलग पक्ष हैं। मगर, यह बहुत जरूरी है कि मामले की गहन व निष्पक्ष जांच की जाए।

राज्यपाल ने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि टीजे अब्राहम, प्रदीप कुमार एसपी और स्नेहमयी कृष्णा की याचिकाओं बाकी पेज 8 पर

### प्रधानमंत्री ने ग्लोबल साउथ के लिए रखा प्रस्ताव

# खाद्य, ऊर्जा संकट से एकजुट होकर निपटें

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'ग्लोबल साउथ' के लिए मानव-केंद्रित व्यापक वैश्विक विकास समझौता करने का प्रस्ताव रखा, ताकि भारत की विकास यात्रा और विकासशील देशों की प्राथमिकताओं के अनुरूप व्यापार, प्रौद्योगिकी के स्थानांतरण और रियायती वित्तपोषण को सुविधाजनक बनाया जा सके। मोदी ने कहा कि विकास वित्त के नाम पर जरूरतमंद देशों पर कर्ज का बोझ नहीं डाला जाएगा।

बेजिंग की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआइ) के तहत कई देशों के चीन के 'कर्ज जाल' में फंसने की चिंताओं के बीच उन्होंने भारत की ओर से डिजिटल रूप से आयोजित तीसरे 'वायस आफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में 'काम्पैक्ट' (वैश्विक विकास समझौते) की घोषणा की। मोदी ने दुनियाभर में अनिश्चितताओं के परिणामों पर चिंता जताते हुए 'ग्लोबल साउथ' के देशों से खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा संकट एवं आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए एकजुट होकर काम करने का आ''ान किया। उन्होंने आपसी



**बेजिंग** की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' के तहत कई देशों के चीन के 'कर्ज जाल' में फंसने की चिंताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की ओर से डिजिटल रूप से आयोजित तीसरे 'वायस आफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में 'काम्पैक्ट' (वैश्विक विकास समझौते) की घोषणा की।

व्यापार और समावेशी विकास को बढ़ावा देने तथा सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 'ग्लोबल साउथ' या विकासशील देशों के साथ अपनी क्षमताओं को साझा करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मोदी ने कहा कि वैश्विक विकास समझौता 'ग्लोबल साउथ' के देशों द्वारा निर्धारित बाकी पेज 8 पर

## केंद्र सरकार करेगी विलंबित प्रवेश प्रक्रिया से 45 पदों पर भर्ती

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

केंद्र सरकार विभिन्न मंत्रालयों में विलंबित प्रवेश प्रक्रिया (लेटरल एंट्री) से संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के पदों पर जल्द ही 45 विशेषज्ञ नियुक्त करेगी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शनिवार को 10 संयुक्त सचिव और 35 निदेशक/उप सचिव के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया।

**खरगे** ने कहा कि सरकार ने केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के कम से कम 45 पद 'लेटरल एंट्री' के जरिए भरने का विज्ञापन निकाला है। क्या इसमें एससी,एसटी, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का आरक्षण है?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र में 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भर्ती अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को आरक्षण से दूर रखने की सरकार की साजिश है।

आमतौर पर ऐसे पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) और भारतीय वन सेवा (आइएफओएस) - और अन्य ग्रुप ए सेवाओं के अधिकारी होते हैं।

-पूरी खबर पेज 8

# 'विजेता' विनेश का दिल्ली से हरियाणा के रास्ते भव्य स्वागत

## महिला पहलवान ने कहा, पूरे देश का आभार व्यक्त करती हूं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

पेरिस ओलंपिक में महिलाओं के पचास किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बावजूद अयोग्य ठहराने जाने के बाद भारत की पहलवान विनेश फोगाट का शनिवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक के अलावा पंचायत नेता भी विनेश का स्वागत करने के लिए हवाई अड्डे पहुंचे थे। विनेश का स्वागत फूलों की माला और नोटों से बनी माला के साथ किया गया। उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा विनेश के साथ थे और उन्होंने विनेश को मिठाई खिलाई। विनेश ने हाथ जोड़कर कहा कि मैं पूरे देश का आभार व्यक्त करती हूं।

इसके बाद यह विशाल काफिला विनेश के साथ हरियाणा में उनके गांव बलाली रवाना हुआ। पूरे रास्ते में लोग उनके स्वागत के लिए खड़े थे और इस पहलवान ने भी उनका आभार व्यक्त किया। हुड्डा ने विनेश को 'विजय का प्रतीक' गदा भेंट की, जिसे देखकर विनेश भावुक हो गईं और उनके पति सोमवीर ने उन्हें सांत्वना दी।

विनेश का काफिला बलाली पहुंचने से पहले धनकोट, बादली, जहाजगढ़, लोहारवाड़ा बाकी पेज 8 पर



पेरिस से लौटीं पहलवान विनेश फोगाट शनिवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर।

**पहलवान** साक्षी मलिक ने कहा, वे भले ही पदक हासिल नहीं कर पाईं लेकिन हमारे लिए वे चैंपियन हैं।

**कांग्रेस** नेता दीपेंद्र हुड्डा ने 'एक्स' पर लिखा, हमारी नजर में आप पहले भी विजेता रही हैं और भविष्य में भी विजेता रहेंगी।

**तो** क्या हुआ अगर उन्होंने मुझे स्वर्ण पदक नहीं दिया, लेकिन यहां के लोगों से मुझे जो प्यार और सम्मान मिला है, वह 1000 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने से भी ज्यादा है।
*-विनेश फोगाट*

### कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास

# साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे पटरी से उतरे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

वाराणसी से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस के कम से कम 20 डिब्बे कानपुर के गोविंदपुरी स्टेशन के पास शुक्रवार देर रात पटरी से उतर गए। हालांकि, इस हादसे में जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि साबरमती एक्सप्रेस (वाराणसी-अमदावाद) का इंजन शुक्रवार देर रात दो बजकर 35 मिनट पर कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया। तेजी से टकराने के निशान देखे गए हैं। साक्ष्य सुरक्षित हैं। आइबी और उत्तर प्रदेश पुलिस भी इस पर काम कर रहे हैं। यात्रियों या कर्मचारियों को कोई चोट नहीं आई है। यात्रियों की आगे की यात्रा के लिए ट्रेन की व्यवस्था की गई।

हादसे के बाद रेलवे ने यात्रियों और उनके परिजनों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। उत्तर-मध्य रेलवे (एनसीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यह हादसा देर रात करीब ढाई बजे हुआ। उन्होंने बताया कि साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे कानपुर



**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि साबरमती एक्सप्रेस का इंजन शुक्रवार देर रात दो बजकर 35 मिनट पर कानपुर के पास ट्रैक पर रखी किसी वस्तु से टकराकर पटरी से उतर गया।


और भीमसेन रेलवे स्टेशन के बीच पटरी से उतर बाकी पेज 8 पर

# अमेरिकी अदालत से राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

अमेरिका की एक अदालत ने मुंबई में 2008 हुए भीषण आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के आरोपी एवं पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी तहव्वुर राणा को बड़ा झटका देते हुए फैसला सुनाया है कि उसे प्रत्यर्पण संधि के तहत भारत को प्रत्यर्पित किया जा सकता है।

अमेरिका की नाइंथ सर्किट संबंधित अपीलीय अदालत ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा, '(भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है।' राणा (63) ने



**अमेरिका** की नाइंथ सर्किट संबंधित अपीलीय अदालत ने 15 अगस्त को सुनाए अपने फैसले में कहा, '(भारत अमेरिका प्रत्यर्पण) संधि राणा के प्रत्यर्पण की अनुमति देती है।'

कैलिफोर्निया में अमेरिकी जिला अदालत के आदेश के खिलाफ बाकी पेज 8 पर

# हरियाणा में जुआ-सट्टेबाजी पर सात साल की सजा

## सरकार लेकर आई अध्यादेश, चुनाव आयोग को मंजूरी के लिए भेजेगी

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा में अब क्रिकेट मैचों पर फिक्सिंग, जुआ और सट्टेबाजी पर सात साल की सजा होगी। शनिवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार इस संबंध में एक अध्यादेश लेकर आई है।

इसे मंत्रिमंडल की स्वीकृति के साथ मंजूरी के लिए चुनाव आयोग को भेजने का फैसला किया गया है। शुक्रवार को चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तिथि घोषित करने से पहले भी राज्य सरकार ने कई घोषणाएं की थीं।अध्यादेश में प्रावधान किया गया है कि हरियाणा में जुआ खेलना अथवा किसी मैच



पेज 8


मंत्रिमंडल की अंतिम बैठक में सरकार ने स्वीकार किए कई प्रस्ताव

पर सट्टा लगाना संज्ञेय अपराध होगा। हरियाणा में कोई भी व्यक्ति यदि किसी भी तरह की सट्टेबाजी में शामिल होता है अथवा कोई 'मैच फिक्सिंग' करने का दोषी पाया जाता है सात साल की सजा और सात लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश सरकार पांच अध्यादेश पहले ही ला चुकी है, जिन पर राज्यपाल अपने हस्ताक्षर कर चुके हैं, लेकिन उन्हें अभी विधानसभा में मंजूर नहीं कराया जा सका है। जो पांच अध्यादेश स्वीकृत किए हैं, उनमें प्रदेश में संविदा (कांट्रेक्ट) आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को सेवा में सुरक्षा प्रदान करने को लेकर अहम अध्यादेश शामिल है। प्रदेश के नगर निकायों (नगर निगमों, नगर परिषदों और नगरपालिका समितियों) और पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग ब्लाक बी के व्यक्तियों को आरक्षण प्रदान करने के बारे में तीन अध्यादेश हैं। पांचवां अध्यादेश हरियाणा शामलात (साझा) भूमि विनियमन (संशोधन) से जुड़ा है।

## जनसत्ता प्रश्नकाल

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खत्म होगा तानाशाही का माहौल



**दिल्ली** के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का कहना है कि शराब घोटाला भाजपा की लिखी मनोहर कहानी है जो आम आदमी पार्टी के अस्तित्व को खत्म करने के इरादे से लिखी गई। पेज 7

## अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर ने एक स्टोर में लूटपाट करने के बाद भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

'सैलिसबरी पोस्ट' की रपट के अनुसार 2580 एअरपोर्ट रोड स्थित 'टोबैको हाउस स्टोर' के मालिक मेनांक पटेल की मंगलवार सुबह गोलीबारी में मौत हो गई। रोवन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार इस अपराध के लिए एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है।

-पूरी खबर पेज 12

### न्यायेतर हत्याओं, मनमानी गिरफ्तारियों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच पर जोर | संयुक्त राष्ट्र की रपट | प्रतिशोध में की गई हत्याओं की संख्या अभी निर्धारित की जानी बाकी

# बांग्लादेश में हुई हिंसा में जा चुकी है 650 लोगों की जान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय (यूएनएचसीआर) ने एक प्रारंभिक रपट में कहा है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच बांग्लादेश में अशांति के दौरान हिंसक घटनाओं में लगभग 650 लोग मारे गए। इस रपट में न्यायेतर हत्याओं, मनमानी गिरफ्तारियों और लोगों को हिरासत में लिए जाने की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का सुझाव दिया गया है।

'बांग्लादेश में हालिया विरोध प्रदर्शन और अशांति का प्रारंभिक विश्लेषण' शीर्षक वाली 10-पृष्ठ की रपट के अनुसार, 16 जुलाई से चार अगस्त के बीच करीब 400 मौत हुईं, वहीं पांच और छह अगस्त के बीच विरोध प्रदर्शनों के हिंसक रूप लेने के बाद लगभग 250 लोगों की मौत हो गई। प्रदर्शनों के सत्ता विरोधी आंदोलन का रूप लेने के बाद शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। मीडिया और आंदोलन समूहों द्वारा उपलब्ध सार्वजनिक रपट में दावा किया गया है कि 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच, भेदभाव-विरोधी छात्र प्रदर्शनों के बाद हिंसा की घटनाओं में 600 से अधिक लोग मारे गए।

जिनेवा में शुक्रवार को जारी की गई रपट में कहा गया है कि उस समय से प्रतिशोध में की गई हत्याओं की संख्या अभी निर्धारित की जानी बाकी हैं। यूएनएचसीआर की रपट में कहा गया है कि सात से 11 अगस्त के बीच कई मौत हुईं, जिनमें वे लोग भी शामिल हैं जिनकी हिंसा में लगी चोटों के कारण चिकित्सा उपचार के दौरान मौत हो गई। रपट में कहा गया है कि मरने वालों में प्रदर्शनकारी, राहगीर, पत्रकार और सुरक्षा बल के कई जवान शामिल थे। इसमें कहा गया है कि हजारों प्रदर्शनकारी और राहगीर घायल हुए तथा अस्पताल अत्यधिक मरीजों से भरे हुए हैं।



फाइल फोटो

**संरा** के मुताबिक, 'ऐसे मजबूत संकेत हैं कि सुरक्षा बलों ने हालात से निपटने के लिए अनावश्यक और अत्यधिक बल का प्रयोग किया।

रपट में कहा गया है कि मरने वालों की संख्या संभवतः कम आंकी गई है, क्योंकि कर्फ्यू और इंटरनेट बंद होने के कारण आवाजाही पर प्रतिबंधों के कारण सूचना संग्रह में बाधा आ रही है। रपट में यह भी कहा गया है कि अधिकारियों ने अस्पतालों को मारे गए और घायल हुए लोगों का विवरण देने से रोका। रपट में कहा गया है, 'ऐसे मजबूत संकेत हैं कि सुरक्षा बलों ने हालात से निपटने के लिए अनावश्यक और अत्यधिक बल का प्रयोग किया। इसलिए इन सबकी स्वतंत्र जांच की आवश्यकता है।'

रपट के अनुसार, 'कथित उल्लंघनों की गहन, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की आवश्यकता है, जिनमें न्यायेतर हत्याएं, मनमाने ढंग से गिरफ्तारियां और हिरासत, जबरन गायब कर दिया जाना, यातना और दुर्व्यवहार तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रतिबंध शामिल हैं।' रपट में कहा गया है कि पांच अगस्त को हसीना के इस्तीफे के बाद लूटपाट, आगजनी और धार्मिक अल्पसंख्यकों के सदस्यों पर हमले के साथ ही पूर्व सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों और पुलिस के खिलाफ प्रतिशोधी हमलों और हत्याओं की भी खबरें आईं।

संयुक्त राष्ट्र की रपट में कानून और व्यवस्था को तेजी से बहाल करने के महत्व पर जोर के साथ ही जानमाल की हानि, हिंसा और प्रतिशोध की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया है।

www.readwhere.com

## खबर कोना

### जेएनयू में भूख हड़ताल छठे दिन भी जारी, कई छात्रों की तबीयत बिगड़ी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शनिवार को छठे दिन भी जारी रही। छात्र संगठन के अनुसार कई प्रदर्शनकारियों की तबीयत बिगड़ गई। छात्र 11 अगस्त से अपनी मांगों के चार्टर पर जेएनयू प्रशासन की कथित गैर-जिम्मेदारी के खिलाफ परिसर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जेएनयू की कुलपति शांतिश्री डी पंडित ने कहा कि विश्वविद्यालय में अधिसूचित छात्र संघ नहीं है और प्रदर्शनकारी छात्रों द्वारा उठाई गई कुछ मांगों को निधि की कमी के कारण स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कुलपति ने कहा कि जो मांगें उठाई हैं, उन्हें स्वीकार करना असंभव है।

### कोचिंग सेंटर हादसा : आरोपियों की जमानत याचिका पर अदालत ने आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत ने कोचिंग सेंटर में जलभराव होने से सिविल सेवा की तैयारी कर रहे तीन अभ्यर्थियों की मौत के मामले में बेसमेंट के चार सह-मालिकों की जमानत याचिका पर 23 अगस्त को फैसला सुना सकती है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने शनिवार को सीबीआइ तथा आरोपियों-परविंदर सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह और सरबजीत सिंह की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। दलीलों के दौरान, आरोपियों के वकील ने अदालत को बताया कि घटना 'ईश्वरीय कृत्य' थी और एजंसियों ने अपना कर्तव्य निभाया होता, तो इसे टाला जा सकता था। वकील ने दलील दी कि बेसमेंट कोई पुस्तकालय नहीं था, बल्कि कक्षाएं शुरू होने से पहले छात्रों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्र है।

# सड़क पर झगड़े में युवक की चाकू घोंप कर हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

## प्रसाद नगर थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस की रात आरोपियों ने दिया वारदात को अंजाम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

प्रसाद नगर थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस की देर रात चार युवकों ने रोडरेज में एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया। युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर गया, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मोनू (22) की मौत हो गई।

पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। आरोपियों की पहचान जुगनू, अमित, विक्की और करण के रूप में हुई है। ये सभी जींस के कारखाने में काम करते हैं और उसी इलाके में रहते हैं, जहां मोनू रहता था। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त एम हर्षवर्धन ने शनिवार को बताया कि स्वतंत्रता दिवस की रात करीब 12 बजे थाना प्रसाद नगर में एक युवक को चाकू घोंप कर घायल करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि कुछ ही घंटे में इलाज के दौरान दम उसकी तोड़ दिया। उपायुक्त ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर पुलिस आगे की जांच में जुट गई। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर दबोच लिया।

### वारदात से दो घंटे पूर्व गाड़ी से हुई थी टक्क्कर

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वारदात से दो घंटे पूर्व जुगनू की स्कूटी और मोनू का दोस्त नीरज मोटरसाइकिल चला रहा था। इसी दौरान एक दूसरे की टक्कर हो गई थी। इसके बारे में सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। इसके बाद उनके बीच फिर से झगड़ा हुआ और उन्होंने मोनू की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आगे जांच में पुलिस को पता चला कि मोनू पर भी पहले से एक मामला दर्ज है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय : 24 घंटे में 72200 से अधिक विद्यार्थियों ने आबंटित सीटें कीं स्वीकार

नई दिल्ली, 17 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली विश्वविद्यालय में 24 घंटे के भीतर 72,277 उम्मीदवारों ने आबंटित पाठ्यक्रम और कालेजों को स्वीकार कर लिया है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय में उपलब्ध कुल सीटों की संख्या को पार कर गया है।

**29 अगस्त से शुरू होगा शैक्षणिक सत्र।**

डीयू कालेजों में स्नातक सीटों की कुल संख्या लगभग 71,600 है। हांलाकि सीट आबंटन के पहले दौर में 97,387 उम्मीदवारों को सीटें आबंटित की गई थीं। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा। डीयू के प्रवेश डीन हनीत गांधी ने कहा कि 97,387 में से 72,277 विद्यार्थियों ने कालेज और उन्हें दिए गए पाठ्यक्रम को स्वीकार करके अपनी सीटों की पुष्टि की है। डीयू ने यूनिक कामन रैंक के आधार पर सीटें आबंटितकी हैं। विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से 21 अगस्त तक अपनी फीस जमा करने को कहा है। विश्वविद्यालय 69 कालेजों और विभागों में प्रवेश दे रहा है।

## 12 कालेजों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति दी

नई दिल्ली, 17 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली विश्वविद्यालय ने दिल्ली सरकार के वित्तपोषित 12 कालेजों को राहत प्रदान करते हुए अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति दी है। कालेजों में शिक्षण स्टाफ की नियुक्ति में अत्यधिक देरी को देखते हुए फैसला लिया।

डीयू प्रशासन के अनुसार, विश्वविद्यालय के अन्य कालेजों में यह प्रतिबंधित है। इन कालेजों में शिक्षकों की नियुक्ति में देरी को देखते हुए डीयू प्रशासन ने कहा कि छात्रों के व्यापक हित में उसका पिछला निर्देश इन कालेज पर लागू नहीं होगा। उप रजिस्ट्रार (कालेज) द्वारा 13 अगस्त को जारी आदेश में कहा गया कि चूंकि दिल्ली सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्तपोषित 12 कालेज में शिक्षकों की नियुक्ति में अत्यधिक देरी हो गई है। विश्वविद्यालय द्वारा अतिथि संकाय की नियुक्ति के लिए जो निर्देश केवल अवकाश की स्थिति में लागू होते हैं, जैसे कि मातृत्व अवकाश, बाल देखभाल अवकाश, चिकित्सा अवकाश और असाधारण अवकाश वे इन कालेज पर तब तक लागू नहीं होंगे जब तक नए निर्देश जारी नहीं किए जाते।

### मंत्री आतिशी ने की घोषणा

# बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नकदी रहित इलाज की सुविधा का मिलेगा लाभ

नई दिल्ली, 17 अगस्त (संवाददाता)।

दिल्ली सरकार ने बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए शनिवार को बड़ा एलान करते हुए उन्हें संबद्ध अस्पतालों पर नकदी रहित (कैशलेस) इलाज की सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की है। बिजली मंत्री आतिशी ने प्रेस कांफ्रेंस में यह घोषणा की।

आतिशी ने कहा कि बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (मेडिकल रिम्बर्समेंट के लिए) अब दफ्तरों के चक्कर काटने की जरुरत नहीं है। उन्हें संबद्ध अस्पतालों में नकदी रहित मेडिकल सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस फैसले से दिल्ली विद्युत बोर्ड के 20,000 से अधिक पूर्व कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन एक-दो दिन में जारी कर दिया जाएगा।बिजली मंत्री आतिशी ने शनिवार को कहा कि साल 2002 में दिल्ली के बिजली के क्षेत्र में बड़ा बदलाव हुआ था। दिल्ली विद्युत बोर्ड से बिजली की अलग-अलग इकाइयां बनाई गई थी, जिसमें बिजली उत्पादन कंपनियां, ट्रासमिशन के लिए ट्रासको, बिजली वितरण का काम अलग-अलग कंपिनयों, निजी हाथों में सौंपा गया था।

**कहा, इस फैसले से 20,000 से अधिक पूर्व कर्मी होंगे लाभान्वित**

उन्होंने कहा कि जब दिल्ली विद्युत बोर्ड में बड़े स्तर पर बदलाव किया गया तो विद्युत बोर्ड में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सुविधाएं देने की जिम्मेदारी सरकार ने ली। पर यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि जो सरकारी कर्मचारी सेवानिवृत हुए। उनमें से कई कर्मचारियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ा रहा था।

one 97 Paytm

## ONE 97 COMMUNICATIONS LIMITED

**CIN:** L72200DL2000PLC108985
**पंजीकृत कार्यालय:** प्रथम तल, देविका टॉवर, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019, दिल्ली, भारत
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** वन स्काईमार्क, टॉवर-डी, प्लॉट नंबर H-10B, सेक्टर-98, नोएडा-201304, उत्तर प्रदेश, भारत
**टेलीफोन नंबर:** +91-120-4770770; **फैक्स:** +91-120-4770771
**ईमेल:** compliance.officer@paytm.com; **वेबसाइट:** www.paytm.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो-वीडियो साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से 24वीं वार्षिक साधारण बैठक के संबंध में सूचना**

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि **One 97 Communications Limited ("कंपनी") की 24वीं वार्षिक साधारण बैठक ("एजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो-वीडियो साधनों ("ओएवीएम") के माध्यम से गुरुवार, 12 सितंबर, 2024 को सुबह 09:00 बजे (आईएसटी)** आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम की सूचना ("सूचना") में उल्लिखित व्यवसायों का लेनदेन किया जाएगा, जो कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू सभी प्रावधानों, उसके तहत बनाए गए नियमों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन में और विभिन्न परिपत्रों सहित कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा 25 सितंबर, 2023 को जारी सामान्य परिपत्र 09/2023 और सेबी परिपत्र सं. SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 (जिसे आगे "परिपत्र" कहा जाएगा) और अन्य लागू कानूनों के अनुसार होगी।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन के अंतर्गत, सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 ("वार्षिक रिपोर्ट") केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ई-मेल पते कंपनी/लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए")/डिपॉजिटरी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों ("डीपी") के साथ पंजीकृत हैं और जिनके नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर में और/या डिपॉजिटरी द्वारा रखे गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज हैं। सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट https://ir.paytm.com/agm पर, नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपोजिटरीज़ लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों अर्थात बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइटों www.bseindia.com और www.nseindia.com पर और आरटीए की वेबसाइट www.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध होगी। सूचना के साथ वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां उन सदस्यों को भेजी जाएंगी जो इसे compliance.officer@paytm.com पर अपने फोलियो नंबर/डीपी ID और क्लाइंट ID का उल्लेख करके इसके लिए अनुरोध करेंगे।

एजीएम में शामिल होने और भाग लेने के निर्देशों के उल्लेख सूचना में प्रदान किए जाएंगे। वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल होने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

कंपनी सभी सदस्यों को सूचना में उल्लिखित प्रस्तावों पर अपने वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा भी प्रदान करेगी।

**ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका:**
जिन सदस्यों के पास अभौतिकीकृत स्वरूप में, भौतिक स्वरूप में शेयर हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनके लिए रिमोट ई-वोटिंग और एजीएम में वोटिंग का तरीका सूचना में बताया जाएगा। एजीएम में शामिल होने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला है, वे एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट कर सकेंगे।

**ई-मेल पते पंजीकृत/अपडेट करने का तरीका:**
- भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, लिंक https://liiplweb.linkintime.co.in/EmailReg/Email_Register.html पर क्लिक करके और वहाँ दिए गए पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके आरटीए के साथ अपने ई-मेल पते पंजीकृत कर सकते हैं। सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपना नाम, फ़ोलिओ नंबर, प्रमाण पत्र संख्या, पैन, मोबाइल नंबर और ई-मेल पता जैसी जानकारी प्रदान करें और पैन, आधार कार्ड, शेयर प्रमाण पत्र और फार्म आईएसआर-1 की फ़ोटोकॉपी पीडीएफ़ या जेपीईजी प्रारूप (1 एमबी तक) में अपलोड करें। सदस्य की जानकारी जमा करने पर सदस्य को एक ओटीपी प्राप्त होगा जिसे सत्यापन के लिए लिंक में दर्ज किया जाना होगा।
- किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य आरटीए को rnt.helpdesk@linkintime.co.in पर ई-मेल भेज सकते हैं या टेलीफोन नंबर: 022-49186000 पर कॉल कर सकते हैं। सदस्य कंपनी की वेबसाइट https://ir.paytm.com/faqs पर उपलब्ध पूछे जाने वाले प्रश्न को भी देख सकते हैं।
- इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे डीपी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके कंपनी से सभी सदस्य-संबंधित संचार प्राप्त करने के लिए डीमैट होल्डिंग्स के संबंध में अपने ई-मेल पते पंजीकृत/अपडेट करें।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे सूचना और विशेष रूप से एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग या एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के तरीके को ध्यान से पढ़ें।

यह विज्ञापन सभी सदस्यों की जानकारी और हित में जारी परिपत्रों के अनुपालन हेतु जारी किया जा रहा है।

**बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के आदेश से**
**One 97 Communications Limited के लिए**
**Sd/-**
**सुनील कुमार बंसल**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**
**सदस्य संख्या: F 4810**

**स्थान: नोएडा, उत्तर प्रदेश**
**तारीख: 17 अगस्त, 2024**

# पदयात्रा के दूसरे दिन सिसोदिया ने विनोद नगर में किया संवाद

## कहा, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जल्द जेल से बाहर आएंगे, हमेशा जीत सच्चाई की होती है



पदयात्रा के दौरान लोगों का अभिवादन करते पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया।

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तिहाड़ जेल से 17 महीने बाद बाहर आने के बाद पद यात्रा कर रहे हैं। सिसोदिया ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र पटपड़गंज के वेस्ट विनोद नगर में पदयात्रा निकाली और स्थानीय लोगों से संवाद किया।

पद यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि वह जेल से बाहर आ गए हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी जल्दी ही जेल से बाहर आएंगे, हमेशा जीत सच्चाई की होती है। भगवान ने उनकी सुन ली है, जल्दी ही केजरीवाल का भी प्रार्थना सुनेंगे।

वहीं, सिसोदिया से मिलने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। पहले से ही बड़ी तादात में लोग इकट्ठा हो गए थे। महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, युवा और तमाम समर्थक फूल मालाओं के साथ उनका इंतजार कर रहे थे। लोगों ने उनपर पुष्प वर्षा कर और फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। मनीष सिसोदिया ने भी हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

pnb पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) punjab national bank ...the name you can BANK upon!

**सर्किल सस्त्र : गाजियाबाद,**
केजे-13, कवि नगर, गाजियाबाद 201001,
दूरभाष नं. : 8295961765, 8283810870 ई-मेल आईडी : cs8228@pnb.co.in

## अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।**

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं बन्धककर्ता/जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, की बिक्री सम्बद्ध कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के बकायों की वसूली हेतु नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर "जहाँ है वहाँ है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे तालिका में सम्बद्ध सम्पत्तियों के सम्मुख उल्लिखित के अनुसार होगी।

**प्रतिभूत आस्तियों की बिक्री की अनुसूची**

| लॉट सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/जमानतियों के खाते का नाम तथा पता | बंधक अचल सम्पत्तियों का विवरण/ स्वामी का नाम (सम्पत्ति के बंधककर्ता) | A) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि / B) बकाया राशि / C) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि / D) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | E) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में) / F) ईएमडी / E) आरक्षित मूल्य (रु. लाख में) | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूत लेनदार के संज्ञान में ऋणभारों का विवरण / अधिकृत प्राधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शा.का.: चंदर नगर, गाजियाबाद (144300) श्री इंद्रजीत पुत्र श्री महेंद्र सिंह (कर्जदार) श्रीमती सुनीता पत्नी श्री इंद्रजीत (गारंटर) | आवासीय प्लॉट नंबर 1, खसरा नंबर 1519, मेघराज एन्क्लेव ग्राम-रईसपुर, प्रागना डासना, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का समस्त भाग, प्लॉट का क्षेत्रफल 85.28 वर्ग मीटर है। इस क्षेत्र से उधारकर्ता ने 27.59 वर्ग मीटर जमीन बेच दी है। ग्राउंड फ्लोर को छोड़कर, प्लॉट का वास्तविक क्षेत्रफल 57.69 वर्ग मीटर है। श्री इंदरजीत पुत्र श्री महेन्द्र सिंह के नाम पर | A) 21.03.2024 B) रु. 95.73 लाख + वसूली घटाकर ब्याज तथा प्रभार C) 21.06.2024 D) सांकेतिक कब्जा | E) रु. 53.00 लाख F) रु. 5.30 लाख G) रु. 0.25 लाख | 06.09.2024 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप. | हमें ज्ञात नहीं / श्री आर.पी. यादव मोबाइल : 9971720088 |
| 2. | शा.का.: शाहिबाबाद गाजियाबाद (370900) मेसर्स बेबी सेल्स एजेंसी (प्रोपराइटर) श्री बटेश्वर झा, पता : फ्लैट नंबर एफ-1 प्रथम तल, प्लॉट नंबर 16-17, ब्लॉक-एम, सेक्टर-12, रामप्रस्थ, गाजियाबाद यूपी | संपत्ति फ्लैट नंबर एफ-1 प्रथम तल का समस्त भाग, प्लॉट नंबर 16 ए और 17 ब्लॉक एम, तीसरा बी सेक्टर 12, रामप्रस्थ जिला गाजियाबाद, कवर्ड एरिया 400 वर्ग फीट, बटेश्वर झा पुत्र स्वर्गीय श्री दुखमोचन झा के नाम पर | A) 01.05.2017 B) रु. 18.44 लाख + वसूली घटाकर उस पर ब्याज एवं प्रभार C) 02.02.2018 D) सांकेतिक कब्जा | E) रु. 15.95 लाख F) रु. 1.60 लाख G) रु. 0.25 लाख | 06.09.2024 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप. | हमें ज्ञात नहीं / श्री आर.पी. यादव मोबाइल : 9971720088 |
| 3. | शा.का.: शाहिबाबाद गाजियाबाद (370900) मेसर्स बेबी सेल्स एजेंसी (प्रोपराइटर) श्री बटेश्वर झा, पता : फ्लैट नंबर एफ-1 प्रथम तल, प्लॉट नंबर 16-17, ब्लॉक-एम, सेक्टर-12, रामप्रस्थ, गाजियाबाद यूपी | संपत्ति का समस्त भाग, प्रतिभूति '. जिसमें दुकान नंबर एल.जी.ई.-11, दुकान का आधा निचला भूतल (छत के बिना) एरिया 9.522 वर्ग मीटर प्लॉट नंबर सी-7/ई, ब्लॉक-सी, रामप्रस्थ, जिला-गाजियाबाद बटेश्वर झा पुत्र स्वर्गीय श्री दुखमोचन झा के नाम पर। | A) 01.05.2017 B) रु. 18.44 लाख + वसूली घटाकर उस पर ब्याज एवं प्रभार C) 02.02.2018 D) सांकेतिक कब्जा | E) रु. 6.26 लाख F) रु. 0.63 लाख G) रु. 0.25 लाख | 06.09.2024 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप. | हमें ज्ञात नहीं / श्री आर.पी. यादव मोबाइल : 9971720088 |
| 4. | शा.का. : करहेड़ा गाजियाबाद (027210) श्री नरेश कुमार चौहान (कर्जदार) | संपत्ति का समस्त भाग, प्लॉट नंबर 746, सेक्टर 2बी, पहली मंजिल (छत के अधिकार के बिना) वसुंधरा गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में 95.19 वर्ग मीटर की संपत्ति शामिल है। श्री नरेश कुमार चौहान पुत्र श्री राधे श्याम चौहान के नाम पर। साथ ही खाता संख्या 05625015003455 में प्रभार का विस्तार, नाम मेसर्स कशिश ट्रेडर्स शा.का. - हौज खास, नई दिल्ली | A) 02.03.2020 B) रु. 13.81 लाख + वसूली घटाकर उस पर ब्याज एवं प्रभार C) 23.02.2023 D) सांकेतिक कब्जा | E) रु. 44.82 लाख F) रु. 4.49 लाख G) रु. 0.25 लाख | 06.09.2024 को 11.00 बजे पूर्वा. से 04.00 बजे अप. | हमें ज्ञात नहीं / श्री आर.पी. यादव मोबाइल : 9971720088 |

**नियम एवं शर्तें : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी :** 1. सम्पत्ति की बिक्री "जहाँ है जैसे है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" आधार पर की जा रही है। 2. यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर बताये गये हैं, किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। 3. बिक्री ऑनलाइन, वेबसाइट https:// ebkray.in पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया https://ebkray.in तथा www.pnbindia.in देखें। 5. सभी वैधानिक बकाया/अटेंडेंट शुल्क/पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क, कर आदि सहित अन्य बकाया क्रेता को वहन करना होगा और प्राधिकृत अधिकारी या बैंक किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति (ई-नीलामी) के संबंध में सरकार या किसी अन्य को देय राशि के बारे में बैंक को जानकारी नहीं है, इच्छुक बोलीदाता को वैधानिक देनदारियों, संपत्ति कर के बकाया, बिजली बकाया आदि सहित संपत्ति पर भार के संबंध में स्वतंत्र पूछताछ करने की सलाह दी जाती है। 6. संपत्तियों के निरीक्षण की तिथि 29.08.2024 को दोपहर 01.00 बजे से 03:00 बजे के बीच निर्धारित की गई है।

**सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना)**

दिनांक : 17.08.2024 स्थान : गाजियाबाद — अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

कल्पमेधा

*सच बोलने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि तुम्हें याद नहीं रखना पड़ता कि तुमने किससे, कहां, क्या कहा था।*

*– राबर्ट बेर्न्स*

# जो दिखता है वैसा नहीं है



## दूसरी नजर

**पी चिदंबरम**

> **सभी ने सोचा था कि 'शार्टसेलर', हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को जनवरी 2024 में चुपचाप दफना दिया जाएगा, लेकिन 'शार्टसेलर' अगस्त 2024 में फिर से सुर्खियों में आया, जब उसने 'सेबी' की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच के खिलाफ आरोप लगाए।**

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के खुलते आख्यान ने व्यापार और वित्तीय जगत का ध्यान आकर्षित किया है। शर्लक होम्स ने कहा था, 'अगर आप अंधविश्वास, नाटकीयता और अराजकता को हटा दें, तो आपके पास सिर्फ बेजान तथ्य रह जाएंगे।' इस आख्यान में अंधविश्वास यह है कि सरकार हमेशा आम लोगों के हक में बोलती और काम करती है। नाटकीयता यह है कि आख्यान में बड़े व्यवसाय छोटे निवेशकों के खिलाफ खड़े नजर आते हैं और अंत में सबक यह कि हमें खून-खराबे से बचना चाहिए। अराजकता इस अर्थ में है कि बहुत-से लोग बहुत-सी आवाजों में बोलते हैं और नतीजा सिर्फ शोर होता है।

अगर आप अंधविश्वास, नाटकीयता और अराजकता को हटा दें, तो आपको सच्चाई नजर आ जाएगी। मुख्य प्रश्न यह था कि एक व्यावसायिक समूह में निवेश का स्रोत क्या था? समूह ने इनकार किया कि उसने कोई गलत काम किया है और दावा किया कि सारा पैसा वैध था। संदेह करने वालों ने आरोप लगाया कि पैसा 'ओवर-इनवाइसिंग' और 'राउंड-ट्रिपिंग' के जरिए आया, और वह अवैध था। 'सेबी' ने मामले की जांच की और रपट दी कि उसे प्रथम दृष्टया कुछ भी गलत नहीं मिला, मगर संदेह करने वाले उससे संतुष्ट नहीं थे। आखिरकार, सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति से जांच कराने और रपट देने को कहा।

### समिति ने क्या पाया

न्यायमूर्ति सप्रे समिति ने जो पाया- और वह जो नहीं खोज सकी- वह महत्त्वपूर्ण है। समिति ने पाया कि बारह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) सहित तेरह विदेशी निवेशक शामिल थे। हर एफपीआइ के 'लाभ उठाने वाले मालिक' के बारे में खुलासा किया गया था, लेकिन अंतिम लाभ कमाने वाले मालिक- शृंखला में अंतिम वास्तविक व्यक्ति- का खुलासा नहीं किया गया था। क्यों? क्योंकि अंतिम वास्तविक व्यक्ति के बारे में खुलासा करने की आवश्यकता 2018 में समाप्त कर दी गई थी! फिर भी, 'सेबी' ने दावा किया कि उसने अक्तूबर 2020 से तेरह विदेशी संस्थाओं के स्वामित्व की जांच की थी, मगर उसे कोई नतीजा नहीं मिला। समिति की टिप्पणी तीखी थी: 'ऐसी जानकारी न मिल पाने की वजह से 'सेबी' खुद संतुष्ट नहीं हो पा रहा है कि इसे लेकर उठे संदेह को निर्मूल किया जा सकता है। प्रतिभूति बाजार नियामक को गड़बड़ी की आशंका है, लेकिन साथ ही उसे संबंधित विनियमों में विभिन्न शर्तों का अनुपालन भी मिलता है। इसलिए, रेकार्ड से मुर्गी और अंडे वाली स्थिति का पता चलता है।

इससे जुड़े सवाल पर कि क्या निवेशक या उनके लाभ पाने वाले मालिक निवेशक कंपनियों के 'संबंधित पक्ष' थे, समिति ने पाया कि 'संबंधित पक्ष' और 'संबंधित पक्ष लेनदेन' जैसे शब्दों में नवंबर 2021 में काफी हद तक संशोधन किया गया था, लेकिन संभावित प्रभाव के साथ, कुछ 1 अप्रैल, 2022 से और कुछ 1 अप्रैल, 2023 से लागू हुए! इस पहलू पर समिति की टिप्पणी भी उतनी ही तीखी थी: 'संभावित रूप से स्पष्ट शर्तें बनाने का रास्ता अपनाने के बाद, संबंधित पक्ष लेनदेन को नियंत्रित करने वाले लेनदेनों में अंतर्निहित सिद्धांतों का परीक्षण करने की व्यावहारिकता खत्म हो गई है।'

समिति का अंतिम निष्कर्ष था कि '... ऐसा लगता है कि एफपीआइ के स्वामित्व ढांचे पर 'सेबी' की विधायी नीति एक दिशा में आगे बढ़ी है, जबकि 'सेबी' द्वारा प्रवर्तन विपरीत दिशा में आगे बढ़ रहा है।'

### सेबी ने जांच जारी रखी

फिर भी, सेबी ने चौबीस विशिष्ट मामलों में अपनी जांच जारी रखी। जब समिति ने अपनी रपट सर्वोच्च न्यायालय को सौंपी, तो अदालत ने दलीलें सुनी और 3 जनवरी, 2024 के आदेश में 'सेबी' की कार्रवाई को बरकरार रखा। अदालत ने 'सेबी' को तीन महीने में अपनी जांच पूरी करने का भी निर्देश दिया। अब सात महीने बीत चुके हैं।

### हितों का टकराव

सभी ने सोचा था कि 'शार्टसेलर', हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को जनवरी 2024 में चुपचाप दफना दिया जाएगा, लेकिन 'शार्टसेलर' अगस्त 2024 में फिर से सुर्खियों में आया, जब उसने 'सेबी' की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच के खिलाफ आरोप लगाए। सुश्री बुच को अप्रैल 2017 में सेबी का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया गया था। अपना कार्यकाल पूरा करने और एक अंतराल के बाद, उन्हें 1 मार्च, 2022 को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जब 2018 और 2021-24 में महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए, तो सुश्री बुच 'सेबी' में निर्णय लेने वाले पद पर थीं। सुश्री बुच के खिलाफ हितों के टकराव के आरोप लगे हैं। ऐसा लगता है कि उनके और उनके पति के उन संस्थाओं में आर्थिक हित जुड़े थे, जिनकी 'सेबी' द्वारा जांच की गई थी और न्यायमूर्ति सप्रे समिति द्वारा समीक्षा की गई थी। सुश्री बुच ने अपने निवेश को स्वीकार किया, लेकिन स्पष्टीकरण भी दिया कि वे तब किए गए थे जब वे और उनके पति निजी नागरिक थे; उन्होंने 'सेबी' में नियुक्ति के बाद उन्होंने निवेश को भुनाया था; और संबंधित कंपनियां उसके तुरंत बाद निष्क्रिय हो गई थीं। मुद्दा यह नहीं है कि सुश्री बुच की ओर से कोई गलत काम किया गया था या वास्तव में हितों का टकराव था।

मुद्दा यह नहीं है कि क्या सरकार व्यवसाय समूह को बचाने के लिए सुश्री बुच को बचा रही है। बल्कि, यह मुद्दा बहुत सरल और सीधा है कि क्या सुश्री बुच ने अपने पिछले संबंधों और कार्यों- और संभावित हितों के टकराव- का खुलासा 'सेबी', सरकार, न्यायमूर्ति सप्रे समिति और सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष किया? जाहिर है, नहीं। न ही सुश्री बुच ने जांच से खुद को अलग किया।

यह मानते हुए कि सभी तथ्य सुश्री बुच के पक्ष में हैं, कम से कम उन्होंने एक गंभीर और दोषपूर्ण गलती की है। उन्हें मामले का खुलासा करना चाहिए था और खुद को मामले से अलग कर लेना चाहिए था। उनकी भागीदारी ने जांच को कलंकित किया है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए और आरोपों की नए सिरे से जांच होनी चाहिए।

# फीकी पड़ती चमक



## वक्त की नब्ज

**तवलीन सिंह**

> **'इंडिया शाइनिंग' अभियान ने मतदाताओं में यकीन पैदा करने की कोशिश की थी कि भारत अब उस जगह पहुंच गया है जहां वह उज्ज्वल दिखने लग गया है। जब आम मतदाताओं ने अपनी बदहाल बस्तियों में यह बात सुनी तो उनको विश्वास हो गया था कि सत्ता के आला गलियारों में उनकी कोई सुनवाई नहीं होनेवाली है। यही गलती मोदी कर रहे हैं।**

बात उन दिनों की है जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बने थे, लेकिन उनको यकीन हो गया था कि अगले लोकसभा चुनावों के बाद वे प्रधानमंत्री बनेंगे। यही अगस्त का महीना था, जब मुझे अहमदाबाद आने का बुलावा मिला था। मैंने अपने इंडियन एक्सप्रेस वाले स्तंभ में लिखा था कि लटयंस दिल्ली के बाशिंदे कांपने लग गए हैं इस डर से कि मोदी अगर प्रधानमंत्री बनकर आते हैं उनके इस देश के सबसे महत्त्वपूर्ण लोगों के रिहाइशी इलाके में, तो उनका खेल खत्म हो जाएगा। मोदी को लेख पसंद आया, इसलिए मुझे बुलाया गया उनसे बातचीत करने।

सोचकर यह गई थी कि इस मुलाकात में उनके कुछ अफसर भी होंगे, लेकिन अकेले में बातचीत हुई थी उनके दफ्तर में। इस बातचीत के दौरान न उस कमरे के अंदर कोई आया और न किसी का मोदी को फोन आया। थोड़ी हैरान हुई मैं जब उन्होंने मुझसे सुझाव मांगे कि उनकी सरकार बनने के बाद क्या करना चाहिए देश में परिवर्तन लाने के लिए। हैरान हुई जब मैंने सुझाव दिए और उन्होंने ध्यान से मेरी बातें सुनीं। मैंने उनको वही कहा, जो शायद आप भी कहते अगर मेरी जगह होते। सुझाव मेरी तरफ से थे कि कांग्रेस के लंबे शासनकाल में जो गलतियां हुई हैं, उनको पहले सुधारने का काम होना चाहिए। यह भी कहा कि मेरी राय में सबसे बड़ी गलतियां हुई हैं शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में। जब तक सरकारी स्कूल ऐसे रहेंगे, जिनमें देश के बच्चों को असली शिक्षा नहीं मिलेगी और सरकारी अस्पताल ऐसे कि सेहतमंद लोग बीमार होकर निकलते हैं, तब तक विकसित, समृद्ध भारत का सपना केवल सपना ही रहेगा।

इस बार जब मैंने लालकिले के प्राचीर से प्रधानमंत्री का भाषण सुना, तो मन में एक सवाल घूमता रहा: वे मोदी कहां खो गए हैं, जो मुझे दस वर्ष पहले मिले थे? माना कि सत्ता अच्छे भले लोगों को बिगाड़ डालती है, लेकिन जितना बदले हैं मोदी उतना बदलाव मैंने कम ही देखा है। जैसे भूल गए हैं हबीब जालिब का वह शेर जो राजनेताओं को खबरदार करने के लिए लिखा था। 'तुमसे पहले वो जो एक शख्स यहां तख्तनशीं था, उसको भी अपने खुदा होने पे इतना ही यक़ीन था'। मोदी इस शेर को याद रखते तो कभी न कहते कि उनको लगता है कि उन्हें परमात्मा ने भेजा है भारत को बचाने के लिए। इस बात को उन्होंने कहा था चुनाव अभियान के अंतिम दिनों में। मैं मानती हूं कि पूर्ण बहुमत इस बार न मिलने का एक अहम कारण यह बयान भी था।

लालकिले से जो इस बार उनका भाषण था उसने स्पष्ट किया कि मोदी के पांव अभी तक जमीन पर नहीं उतरे हैं। भाषण में उन्होंने यही साबित करने की कोशिश की कि उनकी सरकार देश में ऐसा क्रांतिकारी परिवर्तन लाई है कि हर क्षेत्र में सुधार दिखता है। चलिए बात शुरू करते हैं सरकारी स्कूलों से। क्या मोदीजी जानते नहीं हैं कि उनके मुख्यमंत्री इतने व्यस्त रहे हैं सत्ता की शान का मजा लेने में कि उन्होंने सरकारी स्कूलों की तरफ ध्यान ही नहीं दिया है। आज भी देश के बच्चे इन स्कूलों से अशिक्षित निकलते हैं।

ऐसे लगता है कि प्रधानमंत्री को खबर यह भी नहीं है कि उच्च शिक्षा संस्थाओं में भी कोई सुधार नहीं आया है। वरना यह नहीं कहते कि वे चाहते हैं कि देश में विश्वविद्यालय इतने अच्छे बन जाएं कि हमारे बच्चों को विदेशी कालेजों में जाना न पड़े। वह दिन अभी इतना दूर है कि क्षितिज पर नहीं दिखता है। शायद यह भी जानते नहीं हैं कि उनके शिक्षामंत्री ने कहा था कि एनईईटी में कोई प्रश्नपत्र लीक नहीं हुए हैं और फिर जब पूरी जानकारी मिली तो उनको मुंह की खानी पड़ी। शिक्षा का हाल वही है प्रधानमंत्री, जो आपके आने से पहले था।

इस बार वाले भाषण ने मेरे लिए उज्ज्वल भारत अभियान की यादें ताजा कर दीं। यह वही अभियान था, जिसकी वजह से अटलजी 2004 में चुनाव हारे थे। 'इंडिया शाइनिंग' अभियान ने मतदाताओं में यकीन पैदा करने की कोशिश की थी कि भारत अब उस जगह पहुंच गया है जहां वह उज्ज्वल दिखने लग गया है। जब आम मतदाताओं ने अपनी बदहाल बस्तियों में यह बात सुनी तो उनको विश्वास हो गया था कि सत्ता के आला गलियारों में उनकी कोई सुनवाई नहीं होनेवाली है। यही गलती मोदी कर रहे हैं जब लाल किले के प्राचीर से कहते हैं कि उन्होंने आदिवासियों और गरीबों के जीवन में परिवर्तन लाकर दिखाया है। ऐसा नहीं है मोदीजी।

आपने उनको गैस के सिलेंडर दिए हैं उज्ज्वला योजना के जरिए, लेकिन यह नहीं देखा है कि उनके पास क्षमता नहीं है दूसरा सिलेंडर खरीदने की। मुफ्त अनाज जरूर मिलता है गरीबों को, लेकिन अगर आप सोचते हैं कि बिजली-पानी हर घर में आ गया है तो गलत सोच रहे हैं। न ही निर्माण हुआ है अभी तक उन 'स्मार्ट सिटीज' का, जिनकी बातें आप कर रहे हैं। रही बात स्वच्छता की, तो इस अभियान का भी पैसा जाम-सा हो गया है पिछले कुछ सालों में। अच्छी बात है बार-बार याद दिलाना कि 2047 में भारत विकसित देश होने जा रहा है, लेकिन यह कैसे होगा जब उन बुनियादी चीजों का अभाव रहेगा, जो विकसित देशों में सबके पास होती हैं। विकसित देशों के राजनेता बिजली-पानी, पोषण-मकान की बातें भी नहीं करते हैं इसलिए कि जानते हैं कि ये सब चीजें दशकों से उपलब्ध हैं उनके देशवासियों के जीवन में।

आपने अगर प्रधानमंत्री का भाषण टीवी पर देखा होगा तो यह भी देखा होगा कि न तालियां बजीं लोगों से और न ही खुशी के नारे गूंजे। एक मायूसी-सी दिखी जो सच पूछिए आज मेरे दिल में भी है।

# लोकतंत्र की चैतन्यता

## मुद्दा

**जगमोहन सिंह राजपूत**

> **कोई भी समन्वित जनसमूह या समुदाय वैचारिकता में पूरी तरह कभी एकमत नहीं हो सकता, मगर हर सभ्य और सुसंस्कृत समाज यह अच्छी तरह जानता और समझता है कि लोकहित में सर्वसम्मत निर्णय क्यों आवश्यक हैं, कैसे लिए जाते हैं, और पारस्परिक आदर और सम्मान इसमें कितना सहायक हो सकता है।**

दूसरे महायुद्ध के बाद जितने भी देश साम्राज्यवाद के चंगुल से मुक्त हुए, उनमें से अधिकतर ने लोकतंत्र की आवश्यकता को स्वीकार किया। उपनिवेशवाद से छुटकारा अनेक प्रकार के त्याग, बलिदान और संघर्ष के बाद मिला था। स्वतंत्र होने के समय इन देशों को गरीबी, कुपोषण, अशिक्षा, साधनहीनता, विशेषज्ञों की कमी जैसी कितनी ही कठिन चुनौतियां विरासत में मिली थीं। इन सबके समाधान के लिए जिस अनुभव की आवश्यकता थी, वह भी उपलब्ध नहीं थी। स्वतंत्रता संग्राम के तपे हुए सेनानियों ने ही अपने-अपने देश में पहली बार सत्ता संभाली। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो कहा जा सकता है कि ज्यादातर से 'सत्ता संभली नहीं'! आचार्य चाणक्य ने कहा था कि राजकीय कर्मचारी उस मधुमक्खी की तरह होंगे, जो छत्ते में मधु बढ़ाती तो है, मगर कुछ न कुछ उसके पंखों में भी लगा रहता है! सत्ता के शीर्ष पर बैठे नायक भी इससे बच नहीं सके।

ऐसी स्थिति जहां-जहां पनपी, लोकतंत्र विफल हो गया, सत्ता पर सेना या निरंकुश तानाशाहों का आधिपत्य हो गया। प्राचीन भारत की विरासत में निहित 'सर्वे भवंतु सुखिनः' का प्रभाव और गांधी द्वारा आजादी के आंदोलन में प्रचार-प्रसार और व्यावहारिक उपयोग का उदाहरण सत्ता में आए लोगों के मन-मस्तिष्क पर स्वतंत्रता के बाद के प्रारंभिक वर्षों में भी बना रहा। उनकी कर्मठता और समर्पण भावना सत्ता में आने पर भी डिगी नहीं, इसीलिए भारत में लोकतंत्र की जड़ें ठीक से जमीं, और विश्व ने उसे स्वीकर किया। समय के साथ पीढ़ियां बदलीं, जीवन मूल्य और दृष्टिकोण बदले; भारत में भी सत्ता का प्रभाव लोगों और विशेषकर जन-प्रतिनिधियों को संग्रहण और संचय की ओर ले गया- मधुमक्खियों ने अपने पंखों का अधिकाधिक मधु अपने और अपनों के लिए छत्ते से दूर ले जाकर सहेजना शुरू कर दिया।

गांधी चाहते थे कि हर कोई पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की ओर देखे और सोचे कि उसके लिए क्या किया जा सकता है। अधिकांश लोगों नें इसे भुला दिया, अपने से आगे वाले की ओर सारा ध्यान केंद्रित कर दिया और वे सभी उपाय करने लगे, जिससे वे साधन संपन्नता में किसी से पीछे न रहें। इस सोच में नैतिकता, मानवीय मूल्यों के प्रति सम्मान तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव पूरी तरह अनुपस्थित था। ऐसी स्थिति में राष्ट्रनीति की वस्तुनिष्ठ संकल्पना, निर्माण और उसका ईमानदार क्रियान्वयन व्यावहारिकता में ढूंढ़ पाना लगभग असंभव हो जाएगा। जब स्वार्थपरकता बढ़ेगी तो निश्चित ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत नहीं रह पाएंगी। लोकतंत्र के विकास की पहली शर्त यही है कि लोगों का उसकी प्रक्रिया पर पूरा विश्वास हो।

लोकतंत्र की अवधारणा तभी सजीव हो सकती है, जब हर नागरिक सजग और सतर्क रह कर अपना सामाजिक उत्तरदायित्व समझे और उसका निर्वाह करने में उसे गर्व और गौरव का भान हो। कोई भी समन्वित जनसमूह या समुदाय वैचारिकता में पूरी तरह कभी एकमत नहीं हो सकता, मगर हर सभ्य और सुसंस्कृत समाज यह अच्छी तरह जानता और समझता है कि लोकहित में सर्वसम्मत निर्णय क्यों आवश्यक हैं, कैसे लिए जाते हैं, और पारस्परिक आदर और सम्मान इसमें कितना सहायक हो सकता है। जहां भी ऐसा नहीं होगा, वहां सर्वसम्मत निर्णय न होने के कारण क्रियान्वयन में शंका, शिथिलता और अकर्मण्यता ही हावी रहेंगे। जहां निर्णय लेने या किसी भी कार्य को पूरा करने में कर्मठता और समर्पण के स्थान पर व्यक्तिगत स्वार्थ प्राथमिकता पाएंगे, वहां गुणवत्ता की अपेक्षा का कोई अर्थ नहीं बचेगा। जब भी सरकारी तंत्र की समझ नियमों, उपनियमों और व्यक्तिगत स्वार्थ की परतों में जकड़ जाती, संवेदनशीलता मंद हो जाती है, तब वहां लोकतंत्र की आत्मा जैसी सोच और समझ का कोई महत्त्व नहीं रह जाता है। इस सबका खमियाजा लोक यानी लोगों को ही भुगतना पड़ता है।

अपेक्षा तो यही है कि लोकतंत्र की आत्मा को समझ कर ही कोई व्यक्ति लोकसेवा के क्षेत्र में उतरना चाहेगा। यानी वह अन्य की सेवा के भाव से लोकजीवन में अपने को उतारेगा! वे ऐसे लोग ही थे जिनके कारण भारत का स्वतंत्रता आंदोलन चला और सफल हुआ। राष्ट्रनिर्माण, विकास और प्रगति के लिए अब ऐसा हो पाना असंभव-सा क्यों लगाने लगा है? अगर जनप्रतिनिधि बनने की उत्कंठा राजनीति को एक अत्यंत लाभदायक व्यवसाय मानकर जागृत हुई हो, तो व्यक्ति के लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारण में प्राथमिकता स्वयं और अपनों की होगी, अन्य की नहीं, पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की नहीं! इसका अर्थ यह नहीं है कि निस्वार्थ सेवा करने वाले पूरी तरह अनुपस्थित हैं, चिंता इसकी है कि उनकी संख्या लगातार कम हो रही है। भारत के लोकतंत्र की जो भी व्यावहारिक स्थिति बनी है, लोक और उसके चयनित प्रतिनिधियों के आपसी संबंध जैसे भी हैं, राष्ट्रहित की अपेक्षाओं को कभी नैराश्य-भाव से नहीं देखा जाना चाहिए। कितनी ही बार एक व्यक्ति अपनी लगनशीलता से इतिहास बदल देता है, बना देता है। भारत में ऐसे मनीषियों की कभी कोई कमी नहीं रही है।

लोकहित के लिए लोक की भागीदारी पहली शर्त है। इस भागीदारी के लिए जनप्रतिनिधि और उसके मतदाता के बीच जीवंत संबंध बनाना पहली आवश्यकता है। राष्ट्र की प्रगति और विकास के लिए इनकी समझ आवश्यक है। यह समझ तभी अंकुरित होती है, जब व्यक्ति के मन-मानस में भारत की संस्कृति से निकले शाश्वत स्वीकार्य 'सर्व बहुत हिते रतः' जैसे जीवन-सूत्र अंतरतम तक अंकित हो जाएं।

# सांप्रदायिक बनाम धर्मनिरपेक्ष संहिता



## बाखबर

**सुधीश पचौरी**

> **कई चैनलों में आई 'हिंडनबर्ग' की नई रपट और फिर विपक्ष की मांग कि 'सेबी' अध्यक्ष इस्तीफा दें, अडाणी को फायदा पहुंचाया, ये है सदी का सबसे बड़ा 'घोटाला', सरकार जवाब दे, एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट इसका 'स्वत: संज्ञान' ले, जांच करे।**

बांग्लादेश में 'हिंदू संहार' की खबरों पर कुछ कथित उदारवादियों का एक आंसू न गिरा। एक 'फिरंग' ने एक लेख के जरिए इसका 'सामान्यीकरण' किया कि हिंदुओं से 'बदला' लिया जा रहा है। एक ओर 'हमदर्दी' की जगह ऐसी 'बेदर्दी' और दूसरी ओर अपने नेताओं का ऐसा 'छुई-मुई' का भाव कि नाम लेते ही बिफर जाएं कि मेरा नाम कैसे लिया? मेरा अपमान किया। फिर एक 'नाम' लिया गया, फिर एक नाम लेने पर विरोध हुआ, फिर बात 'भाव भंगिमा' पर आई, फिर 'स्त्रीद्वेषी-स्त्रीद्वेषी' हुआ, फिर 'वाकआउट' हुआ, फिर बात निंदा प्रस्ताव तक पहुंचने लगी कि सत्र स्थगित हो गया वरना, फिर एक 'वाकयुद्ध' छिड़ता। एक बहस में एक कहिन कि ये जो चाहे बोलें, कोई जरा-सा बोले तो आफत। दूसरे कहिन कि कोई बताए कि किसको किस नाम से पुकारें कि कोई 'अपमानित' महसूस न करे।

एक बोला कि दोस्तों के बीच होड़ चल रही है कि कौन कितनी बड़ी खबर बना सकता है। फिर कई चैनलों में आई 'हिंडनबर्ग' की नई रपट और फिर विपक्ष की मांग कि 'सेबी' अध्यक्ष इस्तीफा दें, अडाणी को फायदा पहुंचाया, ये है सदी का सबसे बड़ा 'घोटाला', सरकार जवाब दे, एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट इसका 'स्वतः संज्ञान' ले, जांच करे। इसके जवाब में सत्ता के 'पक्ष प्रवक्ता' बताते रहे कि इस रपट के पीछे फिर उसी 'शार्टसेलर' सोरोस का हाथ है जो पहले किसी कंपनी को गिराता है, फिर गिरे दाम पर उसके शेयर खरीदता है और फिर महंगा कर बेचता है।

पक्ष प्रवक्ता कहे कि ऐसे ही आरोप कुछ महीने पहले लगे थे, जिनको 'जांच' में असत्य पाया गया। निशाने पर लिए जाते अडाणी ने कहा कि 'सेबी' ने हमारे यहां पैसा नहीं लगाया। यही बात 'सेबी' की अध्यक्ष ने कही कि 'सेबी' ने पैसा निवेश नहीं किया, कि एक प्रवक्ता ने कहा कि यह सब भारत के बाजार को अस्थिर करने की साजिश है... कुछ लोग भारत का विकास नहीं चाहते। एक बहस में एक पूर्व 'सेबी' अधिकारी ने दो टूक कहा कि ये रपट रद्दी की टोकरी के लायक है। इस पर एक पत्रकार कहिन कि कुछ तो है, जिसकी पर्दादारी है। फिर पता नहीं क्या हुआ कि 'सेबी' को लेकर आए सारे आरोप-प्रत्यारोप चैनलों से ऐसे गायब हो गए, जैसे गधे के सिर से सींग।


फिर एक भयानक खबर आई कोलकाता से, जहां एक अस्पताल में आधी रात को एक महिला डाक्टर का 'सामूहिक बलात्कार' किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। इसके बाद लगभग हर खबर चैनल इस जघन्य अपराध की रपटों से भर गया। एक ओर प्रशासन का 'डैमेज कंट्रोल' चला, दूसरी ओर इसके विरोध में डाक्टरों की दो 'आल इंडिया एसोसिएशनों' के 'धरने' व 'प्रदर्शन' चले। पुलिस द्वारा जांच में की गई कोताही की खबरों ने पीड़ित के घर वालों को अस्पताल द्वारा इसे 'आत्महत्या' बताने, लेकिन पोस्टमार्टम रपट में इसे 'बर्बर सामूहिक बलात्कार और नृशंस हत्या' बताने ने इस सारे दुष्कांड की 'क्रूर सचाई' को सामने ला दिया। फिर भी कुछ प्रवक्ताओं द्वारा देर तक 'विक्टिम शेमिंग' की जाती रही। खबरें बताती रहीं कि इस मेडिकल कालेज के प्राचार्य को तुरंत दूसरे कालेज में स्थानांतरित किया गया।

फिर एक दिन हाई कोर्ट द्वारा इस घटना की जांच के लिए मुकदमा सीबीआइ को सौंपा गया। जाहिर है कि डाक्टरों के लगातार विरोध प्रदर्शनों ने इतना दबाव बनाया कि शासक दल के एक नेता तक को कहना पड़ा और (और तुरंत प्रवक्ता पद खोना पड़ा) कि जांच में कोताही हुई है। एक रात उन्मादी भीड़ ने अस्पताल पर हमला कर जम कर तोड़-फोड़ की और धरने पर बैठे डाक्टरों को मारा-पीटा। भीड़ इस कदर आक्रामक दिखी कि पुलिसवाले तक जान बचाकर भागे। एक एंकर ने कहा कि यह 'भीड़ तंत्र' है। लेकिन यही तो है अपना 'जनतंत्र प्रेम' और 'संविधान प्रेम' सर जी!

फिर एक दिन एक चैनल पर ट्रंप के साथ 'एक्स' पर एलन मस्क की एक 'बातचीत' तक ऐसे ही 'जनतंत्र' में 'प्रतिबंधित' कर दी गई। एक कहे कि बातचीत 'आपत्तिजनक' है, दूसरे कहे कि कुछ भी 'आपत्तिजनक' नहीं है। एक कहे कि ट्रंप 'जन्मजात झूठ्ठा' है। एक देसी भी कहे कि ट्रंप 'झूठा' है, 'जाली' है, 'ध्रुवीकरण' करता है।

फिर आया 'अठहत्तरवां स्वतंत्रता दिवस'! एक बार फिर वही प्रधानमंत्री और उनका लालकिले से संबोधन और एक-एक कर भविष्य का एजंडा खोला जाता हुआ। बहुत सी घोषणाओं के साथ यह भी घोषित किया गया कि अब तक हम एक 'सांप्रदायिक नागरिक संहिता' में रहते आए हैं, हमें चाहिए 'धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता', जिसके बारे में सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है। इस तरह आगे का एजंडा दे दिया गया। इसके साथ ही एक बड़े विपक्षी दल की शिकायत आई कि विपक्ष के नेता को लालकिले पर पीछे की सीट पर क्यों बिठाया गया... जवाब आया कि ओलंपिक खिलाड़ियों को आगे बिठाने के कारण उनको पीछे बिठाया गया... और फिर इस दिन के इंतजाम की जिम्मेदारी 'रक्षा मंत्रालय' की होती है!

ये संदेश देना चाहते थे कि तुम्हारे घर पर कभी भी कोई एजंसी पहुंच सकती है। हम किसी को भी जेल भेज सकते हैं। इन्हें अहंकार था कि ये भगवान से भी ऊपर हो गए हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने संदेश दे दिया कि तुम लोग भगवान नहीं हो। सबसे ऊपर संविधान है। और, सबसे ताकतवर तो देश की जनता है जिसने इन लोगों को संदेश दे दिया। लोकसभा चुनाव में इन्हें पटखनी दे दी।



# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से खत्म होगा तानाशाही का माहौल

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का कहना है कि शराब घोटाला भाजपा की लिखी मनोहर कहानी है जो आम आदमी पार्टी के अस्तित्व को खत्म करने के इरादे से लिखी गई। उनका आरोप है कि भाजपा को पता था कि उसकी दो सौ सीटें भी नहीं आएंगी इसलिए जिसे भी जेल में भेज सकते हो भेज दो। ऐसा उदाहरण कहीं भी नहीं मिलता कि एक कानून को राजनीतिक उगाही का जरिया बना कर किसी पार्टी के पूरे नेतृत्व को ही जेल भेज दिया जाए। दिल्ली के स्कूल से लेकर अस्पतालों को भाजपा शासित राज्यों से बेहतर बताते हुए उन्होंने दावा किया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा होगा। नई दिल्ली में सिसोदिया के साथ कार्यकारी संपादक *मुकेश भारद्वाज* की विस्तृत बातचीत के चुनिंदा अंश।



**● कैसा लग रहा है खुली हवा में सांस लेकर?**

●● बहुत ज्यादा ऊर्जा महसूस कर रहा हूं। हवा तो वहां भी थी, लेकिन आसमान सीमित था। जेल परिसर की दीवारों के बीच लगता था कि दुनिया इतनी ही है। सत्रह महीने बहुत लंबा समय होता है।

**● विधानसभा चुनाव भी आने वाले हैं दिल्ली में। ऊर्जा की यह भी तो एक वजह नहीं?**

●● अभी तो बाहर आया ही हूं। उसके लिए तो ऊर्जा चाहिए ही। मेरे कहने का मतलब है कि एक पूरी साजिश रच कर मुझे जेल भेजा गया। साजिश करने वालों की अपनी सोच होगी कि इसे पूरी तरह तोड़ देंगे, इसकी ऊर्जा खत्म कर देंगे। जेल जाने के बाद लगा कि मेरे पास दो विकल्प हैं या तो टूट जाऊं या अपने सिद्धांतों पर और भरोसा बढ़ाऊं। मुझे यकीन था मैं बाहर आऊंगा और उन लोगों को नाउम्मीद करूंगा जो मुझे टूटा हुआ देखना चाहते थे।

**● कैसे बनाए रखा अपना भरोसा?**

●● जेल जैसी जगह पर जाकर, या जब भी कोई विपरीत परिस्थिति आती है तो आदमी या तो टूटता है या फिर मजबूती से खड़ा होता है। मेरे संस्कार, मेरा परिवार, मेरी पार्टी मेरे साथ थे। भगवान ने मुझे प्रेरणा दी कि सिर्फ उठना नहीं है, मजबूत भी होना है। जेल के समय का सदुपयोग पढ़ाई में किया। खूब किताबें पढ़ीं। पिछले दस-पंद्रह वर्षों से सक्रिय राजनीति में आने के बाद पढ़ने के लिए समय नहीं निकाल पाता था। खूब पढ़ा और ध्यान लगाया। मेरे पास जितनी किताबें थीं और जितनी मित्रों ने लाकर दी, जेल में मैं दस से ग्यारह घंटे किताबें पढ़ता था। इसके साथ ही ध्यान लगाया। मुझे लगता है कि दुनिया को भारत की ओर से ध्यान सबसे बेहतरीन तोहफा है। इसका खूब इस्तेमाल करना चाहिए।

**● जब आप बाहर आए तो आपके समर्थक सत्य की जीत बता रहे थे। लेकिन, आपके विरोधी कह रहे हैं कि आरोप अभी खत्म नहीं हुए हैं। किस दिशा में जाएगा आप पर लगा यह आरोप?**


●● सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया वह बहुत अहम है। इसके दूरगामी प्रभाव होंगे। एक तरह से कहिए कि भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक उगाही के लिए कानून बना लिया। दुनिया भर में 'पीएमएलए' जैसे कानून हैं। दुनिया की अन्य जगहों पर इसका इस्तेमाल आतंकवादियों के मददगार, ड्रग माफिया के खिलाफ किया जाता है। लेकिन, हमारे यहां क्या हो रहा है? एक राजनीतिक दल जिसे जनता जिता भी रही है, जो केंद्रीय सत्ता के खिलाफ बोल रहा है, उसके खिलाफ 'पीएमएलए' का इस्तेमाल कर आप जेल में डाल देंगे। इसमें जमानत आसानी से नहीं मिलती है। जो भी आपके खिलाफ है आप उसे जेल में डाल रहे हैं। कभी आम आदमी पार्टी के नेताओं को डाला तो महाराष्ट्र में प्रवर्तन निदेशालय का डर दिखा कर राजनीतिक दलों को तोड़ दिया। चुनावी चंदे वाले मामले में कितना बड़ा खुलासा हुआ कि व्यापारियों को प्रवर्तन निदेशालय के नोटिस जाते थे। फिर चुनावी चंदा आ जाता था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद यह तानाशाही भरा माहौल खत्म होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप बिना मुकदमा चलाए हवा-हवाई अंतहीन जेल में नहीं रख सकते हैं।

**● जेल जाने के बाद आप पर काफी हमला हुआ। आपके मुख्यमंत्री अभी जेल में ही हैं। आप शिक्षा के जिस विश्वस्तरीय ढांचे को लाने का दावा कर रहे थे उस पर भी हमला हुआ। आपके विरोधी क्या संदेश देना चाहते थे?**

●● इनका पूरे देश में चंदे का जो धंधा चल रहा है सब उसी का खेल है। ये सभी को संदेश देना चाहते हैं। मनीष सिसोदिया जेल गए, अरविंद केजरीवाल जेल गए तो तुम्हारे राहुल गांधी और सोनिया गांधी भी जेल जा सकते हैं। ये संदेश देना चाहते थे कि तुम्हारे घर कभी भी कोई एजंसी पहुंच सकती है। हम किसी को भी जेल भेज सकते हैं। इन्हें अहंकार था कि ये भगवान से भी ऊपर हो गए हैं। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट ने संदेश दे दिया कि तुम लोग भगवान नहीं हो। सबसे ऊपर संविधान है। और, सबसे ताकतवर तो देश की जनता है जिसने इन लोगों को संदेश दे दिया। लोकसभा चुनाव में इन्हें पटखनी दे दी। हम यही सुनते थे कि विपक्ष को जेल में डाला और मरवा दिया। ये ऐसा भी कर सकते हैं। ये देश भर के दलों से नेताओं को अपने में शामिल कर रहे हैं। क्या ये ईमानदारी से हो रहा है? नेताओं के पास नोटिस पहुंचते हैं और वे भजन करते हुए आकर भाजपा में शामिल हो जाते हैं।

**● दावा है कि आपको भी भाजपा में आने का आमंत्रण मिला था?**

●● जी बिल्कुल। यह तो ऐतिहासिक उदाहरण है कि किसी पार्टी के पूरे नेतृत्व को ही उठा कर जेल में डाल दिया। इस मुसीबत की घड़ी में पार्टी एकजुट रही। हम लोग बंद मुट्ठी की तरह रहे। पार्टी की एकता हमारी बहुत बड़ी ताकत है।



सुनीता केजरीवाल बहुत पढ़ी-लिखी जहीन महिला हैं। वे हमेशा अरविंद जी के पीछे खड़ी रहीं। अरविंद जी के जेल जाने के बाद पहली जरूरत यह थी कि उनका संदेश जनता तक पहुंचे। हमें गर्व है कि उन्होंने इस आपात स्थिति को इतने अच्छे से संभाला।

## सिसोदिया क्यों

पारंपरिक राजनीतिक दलों के खिलाफ चुनौती बनी आम आदमी पार्टी पर शराब घोटाले का आरोप लगते ही इसके लिए राजनीतिक संकट खड़ा हो गया। इस आरोप ने मुख्यमंत्री सहित पार्टी के पूरे शीर्ष नेतृत्व को जेल के अंदर भेज दिया। संजय सिंह के जेल से बाहर आने के बाद वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को जमानत मिल गई है। अपनी जमानत को सिसोदिया तानाशाही का माहौल खत्म होने का आगाज मान रहे हैं। हरियाणा व महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो चुका है। इन राज्यों के चुनाव के साथ दिल्ली में अपना किला बचाए रखना आम आदमी पार्टी के लिए लिए चुनौती है। अभी जबकि मुख्यमंत्री जेल में हैं शराब घोटाले से लेकर आम आदमी पार्टी के भविष्य पर बात करने के लिए सिसोदिया से बेहतर कौन होता?

**● एक पक्ष यह भी है कि 2014 में लोकसभा चुनाव के समय भाजपा के नेता दावा कर रहे थे कि हमारी सरकार आई तो छह महीने के अंदर राबर्ट वाड्रा जेल में होंगे। अब उन्हीं की हरियाणा सरकार ने कह दिया कि वाड्रा के खिलाफ कुछ नहीं है। लेकिन, इस दौरान व्यक्तिगत तौर पर जो नुकसान हो चुका होता है उसकी भरपाई किससे मांगी जाए?**

●● नुकसान तो व्यक्तिगत से ज्यादा देश का हो रहा है, जनता का हो रहा है। जो लोग काम करने की कूवत रखते हैं उन्हें तोड़ा जा रहा है। इसलिए मैं कहता हूं कि इसके खिलाफ पूरे विपक्ष को इकट्ठा हो जाना चाहिए। लोकतंत्र की जरूरत किसे नहीं है? जो लोग उनके साथ चले गए हैं कायदे से लोकतंत्र की जरूरत तो उन्हें भी है। देश में लोकतंत्र को बचाना है तो लोगों को इसके खिलाफ इकट्ठा होना होगा। चुनाव के लिए नहीं लोकतंत्र के लिए इकट्ठे हो जाएं। कल तक जो चंद्रबाबू नायडू जेल में थे उन्हें इसी तानाशाही में डाला था। इस तानाशाही के खिलाफ एकजुट होना होगा।

**● जेल में कौन सी बात सबसे परेशान कर रही थी? कोई मलाल कि मेरा यह काम अधूरा रह गया?**

●● मैं अखबार पढ़ता था और टीवी से सूचनाएं मिलती थीं। या फिर पत्नी से बात और मुलाकात होती थी तो यह पता चलना सुकूनदेह था कि मैंने जो काम शुरू किया उसके संतोषजनक नतीजे आ रहे हैं। जिन स्कूलों की बुनियाद रखी थी उनके उद्घाटन हो गए। बीस नए स्कूल शुरू हो गए, 18 स्कूल आफ एक्सीलेंस, स्पोर्ट्स स्कूल शुरू हो गया। रक्षा का स्कूल हमने बनाया था तैयारी के लिए, उसमें सरकारी स्कूल से आठ-आठ बच्चे सेकेंड लेफ्टिनेंट बन गए पहली ही बैच से। यह कमाल था। देश के किसी भी स्कूल में ऐसा नहीं हुआ होगा कि किसी स्कूल के 64 बच्चों में से 32 बच्चे एनडीए के लिए चुने गए। सरकारी स्कूलों से पढ़े बच्चे एनडीए की परीक्षा पास कर रहे हैं। यह सब देखना सुकूनदेह था।

**● पर भाजपा का आरोप है कि आम आदमी पार्टी की सरकार में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की हालत काफी खराब हो गई है।**

●● भाजपा यह बताए कि उसकी सरकार वाले राज्यों में कहां स्कूलों की हालत ठीक है? गुजरात सहित भाजपा शासित कोई भी राज्य उठा लीजिए। मैं सत्रह महीने जेल में रह कर आया हूं, उसके बाद भी चुनौती देता हूं भाजपा को कि आपका इतना लंबा शासन रहा है गुजरात में। आप अपने सौ बढ़िया स्कूलों के बारे में बताइए। मैं अपने आठ साल के शासन के स्कूलों को दिखा कर बता रहा हूं कि भाजपा शासित राज्यों के स्कूलों से बहुत बेहतर नतीजे दे रहे हैं। हमने देश की सेना में सामान्य परिवारों के आठ बच्चों को एक स्कूल से भेज दिया अफसर बना कर। हमारे स्कूलों के बच्चे आइआइटी और नीट की परीक्षा निकाल रहे हैं। भाजपा जनता को कुछ देना नहीं जानती। चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करना ही इसका काम है। यह जनता का काम क्या करेगी जब जनता की चुनी हुई सरकार पर हमला करना इसका लक्ष्य बन गया है।


**● हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। हरियाणा में आप पहले भी दखल दे चुके हैं। तो क्या रणनीति रहेगी आपकी खास कर हरियाणा में?**

●● हमारी पार्टी की एक ही रणनीति है, जनता के लिए काम करना। राज्य सरकार चुनी जाती है, शिक्षा के लिए, स्वास्थ्य के लिए, नौकरियों के लिए, बिजली के लिए, पानी के लिए। हमने दिल्ली में यह सब जनता को दिया। दिल्ली के नतीजे देख जनता ने पंजाब में मौका दिया। पंजाब तो गहरे गड्ढे में डूबा हुआ था। वहां की शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था से लेकर सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था के लिए मान साहब ने बहुत काम किया है। सरकारी नौकरियों से लेकर निजी नौकरियां देने में हम आगे रहे हैं। हरियाणा की जनता के पास हम यही कह कर जा रहे हैं कि वहां भी ये सब देंगे। हमारी यही मजबूती है कि हमें इतना तोड़ा गया फिर भी दिल्ली से लेकर सभी जगह हमारा काम नहीं रुका।

**● हरियाणा में अकेले लड़ेंगे या 'इंडिया' गठबंधन के साथ किसी तरह का समझौता होगा?**

●● इंडिया गठबंधन लोकसभा के लिए था। आगे इस पर क्या होगा मैं अभी कुछ पुख्ता नहीं कह सकता। मुझे पूरा भरोसा है कि एक महीने के अंदर हमारे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी बाहर आ जाएंगे। अब हमारी पार्टी का राजनीतिक संकट खत्म होने वाला है।

लोकतंत्र की जरूरत किसे नहीं है? जो लोग उनके साथ चले गए हैं कायदे से लोकतंत्र की जरूरत तो उन्हें भी है। देश में लोकतंत्र को बचाना है तो लोगों को इसके खिलाफ इकट्ठा होना होगा। चुनाव के लिए नहीं लोकतंत्र के लिए इकट्ठे हो जाएं।



**● तो क्या लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का पंजाब में प्रदर्शन इसलिए अच्छा नहीं रहा क्योंकि इसका शीर्ष नेतृत्व जेल में था?**

●● इनकी कोशिशें यही थी कि आम आदमी पार्टी के नेताओं को अंदर डालो और चुनाव जीतो। इन्हें भी पता था कि इनकी 200 सीटें भी नहीं आएंगी। इसलिए इन्होंने मुहिम चलाई पूरे देश में कि जिसे भी अंदर कर सकते हो कर दो।

**● पंजाब में आपके पुराने साथी ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी खालिस्तान समर्थक लोगों से मदद ले रही है?**

●● बकवास करने के लिए कोई कुछ भी कर सकता है। पंजाब के लोग हम पर भरोसा कर हमें सरकार में लाए। इन हवा-हवाई आरोपों को क्यों तवज्जो दी जाए?

**● महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की क्या रणनीति रहेगी?**

●● मैं अभी तो बाहर आया हूं। मैं कहीं न कहीं दिल्ली को लेकर केंद्रित हूं। महाराष्ट्र में हमारी टीम है। लेकिन अभी मेरा वहां की टीम से कोई संवाद नहीं हुआ है। निश्चित रूप से पार्टी का विस्तार होगा। आम आदमी पार्टी से पूरे देश को उम्मीद है।

**● आरोप है कि आम आदमी पार्टी जिन सिद्धांतों को लेकर राजनीति में आई थी उससे पीछे हट गई है। उदाहरण के तौर पर अरविंद केजरीवाल के आवास का विवाद ही लीजिए।**

●● केजरीवाल जी ने अपना निजी घर तो बना नहीं लिया। उपराज्यपाल से लेकर प्रधानमंत्री निवास तक हैं उनमें क्या-क्या हुआ किसने देखा? यह मुद्दों से भटकाने की राजनीति है। मुद्दा यह है कि जनता को स्कूल और अस्पताल मिल रहे हैं या नहीं? एक साल के अंदर दो करोड़ लोगों ने मोहल्ला क्लीनिक में इलाज करवाया है। जनता से जाकर पूछिए कि केजरीवाल ने चार कमरों के घर की जगह एक कमरा और बनवा लिया तो वह यही कहेगी कि यह सब बकवास छोड़िए। केजरीवाल सरकार हमारा इलाज करवा रही है, बच्चों की पढ़ाई का इंतजाम कर रही है, हमारे घर में बिजली का बिल शून्य आ रहा है। स्कूल, अस्पताल नहीं बनवाए हों तो शिकायत करें।

**● फिर जनकल्याणकारी योजनाओं के उलट 'आप' का अस्तित्व शराब घोटाले से कैसे जुड़ गया?**

● यह भाजपा की साजिश है कि अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदार छवि को बर्बाद किया जाए। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक कहीं किसी ढाबे पर बैठ जाइए तो लोग कहेंगे केजरीवाल जी अपना काम कर रहे हैं। भाजपा ने एक मनोहर कहानी बनाई और हमारे ऊपर चिपकाने की कोशिश की। अफसोस मुझ पर भी यह कहानी चिपक नहीं पाई। मेरे बारे में सोचा कि आठ साल से वित्त मंत्री है, सत्तर हजार करोड़ का बजट देख रहे थे। पता नहीं इसके पास से क्या-क्या मिलेगा? इन्हें मेरे लाकर से वो झुनझुना मिला जो मेरे बच्चे के पैदा होने के बाद उसकी नानी ने दिया था। छोटी सी दो चांदी की गणेश की मूर्ति मिली।

**● अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद पार्टी ने सुनीता केजरीवाल को एक भूमिका दी। उसका क्या राजनीतिक संदेश था?**

●● सुनीता केजरीवाल बहुत पढ़ी-लिखी जहीन महिला हैं। वे हमेशा अरविंद जी के पीछे खड़ी रहीं। अरविंद जी के जेल जाने के बाद पहली जरूरत यह थी कि उनका संदेश जनता तक पहुंचे। हमें गर्व है कि उन्होंने इस आपात स्थिति को इतने अच्छे से संभाला। अरविंद जी के बाहर आने के बाद स्थिति बदल जाएगी।

**● आप दावा कर रहे हैं कि भाजपा की विधानसभा चुनाव में जमानत जब्त हो जाएगी? इस भरोसे का क्या आधार है?**

●● मैं पूरे दावे के साथ कह रहा हूं कि भाजपा का बुरा दौर आने वाला है। दिल्ली छोड़ दीजिए पूरे देश में उसका बुरा दौर चल रहा है।

**● अगर अरविंद केजरीवाल को बाहर आने में लंबा समय लग गया तो क्या आप दिल्ली की कमान संभाल सकते हैं?**

●● अरविंद जी पर हनुमान जी की विशेष कृपा है। वे एक महीने के अंदर बाहर आ जाएंगे।

**● जेल से सरकार चलाना ऐसा चुनिंदा उदाहरण है जो नैतिक सवाल उठाता है। हेमंत सोरेन ने भी इस्तीफा दे दिया था।**

●● यह भी तो चुनिंदा उदाहरण है कि केंद्र किसी मौजूदा मुख्यमंत्री पर झूठे आरोप लगा कर जेल में भेज दे। किसी को घर से उठा लाए और कहे कि तुम्हारा बाप केजरीवाल के खिलाफ बयान देगा तो तुम्हें छोड़ देंगे। फिर कोर्ट में कह दो हम तो ऐसे 'लालीपाप' देते रहते हैं। 'लालीपाप स्टेटमेंट' दिलवाओ और किसी को भी जेल के अंदर भेज दो। 'लालीपाप स्टेटमेंट', जेल व बेल के खेल से किसी सरकार को अस्थिर करने का इतना अनैतिक काम भी तो इस देश में पहले कभी नहीं हुआ था। इस्तीफा तो इन अनैतिक काम करने वालों को देना चाहिए जो एक लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई स्थिर सरकार के खिलाफ साजिश करते हैं।

*प्रस्तुति : मृणाल वल्लरी*
*विशेष सहयोग: पंकज रोहिला*

# स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के उपाय सुझाने के लिए समिति का गठन करेगी सरकार

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देशभर में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से काम पर लौटने को कहा

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभव उपाय सुझाने के वास्ते एक समिति गठित की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।

मंत्रालय ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में एक डाक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में देशभर में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से अनुरोध किया है कि वे व्यापक जनहित में तथा डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने काम पर लौट आएं। 'फेडरेशन आफ रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन' (फोरडा), भारती चिकित्सा संघ (आइएमए) और दिल्ली के सरकारी मेडिकल कालेजों एवं अस्पतालों के 'रेजिडेंट डाक्टर्स एसोसिएशन' के प्रतिनिधियों ने कोलकाता की घटना के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विभिन्न संघों ने कार्यस्थलों पर स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के संबंध में अपनी मांगें रखी हैं।



**मंत्रालय ने अनुरोध किया है कि डेंगू और मलेरिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए अपने काम पर लौट आएं डाक्टर। राज्य सरकारों सहित सभी हितधारकों के प्रतिनिधियों को समिति के साथ अपने सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा।**

बयान के मुताबिक, मंत्रालय ने मांगों को सुना और चिकित्सक संघ को स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है। बयान में कहा गया कि संघ के प्रतिनिधियों को बताया गया कि सरकार स्थिति से अच्छी तरह परिचित है और उनकी मांगों के प्रति संवेदनशील है। इस बात का भी उल्लेख किया गया कि 26 राज्य पहले ही स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए कानून पारित कर चुके हैं। बयान में कहा गया कि विभिन्न संघों द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के मद्देनजर, मंत्रालय ने उन्हें स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी संभावित उपाय सुझाने के वास्ते एक समिति गठित करने का आश्वासन दिया है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आइएमए ने कहा कि वह स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान का अध्ययन कर रहा है, जिसमें डाक्टरों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया गया है और इसके लिए उपाय सुझाने के वास्ते एक समिति बनाने की पेशकश की गई है। आइएमए ने कहा कि वह सभी पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार करने और अपनी राज्य शाखाओं के साथ परामर्श करने के बाद इस पर प्रतिक्रिया देगा। आइएमए ने एक बयान में कहा कि आइएमए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 23 मार्च, 2017 को जारी एक कार्यालय ज्ञापन को याद करता है, जिस पर मंत्रालय के अधिकारियों और आइएमए ने हस्ताक्षर किए थे। इस कार्यालय ज्ञापन में अन्य राज्यों में लागू कानूनों के अनुरूप उक्त मुद्दे पर एक केंद्रीय अधिनियम लाने की प्रक्रिया शुरू करने की संभावना तलाशने का आश्वासन दिया गया था।

### आरजी कर के पूर्व प्राचार्य से सीबीआइ ने पूछा

# पीड़िता की किस आधार पर 36-48 घंटे ड्यूटी लगाई गई

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

**सीबीआइ के अधिकारियों ने संदीप घोष से साप्ताहिक 'रोस्टर' के बारे में भी पूछा, जिसके अनुसार ड्यूटी लगाई गई थी।**

कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डा संदीप घोष एक महिला चिकित्सक से कथित बलात्कार एवं उसकी हत्या के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को लगातार दूसरे दिन केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) के समक्ष पेश हुए।

सीबीआइ के अधिकारियों ने घोष से साप्ताहिक 'रोस्टर' के बारे में भी पूछा गया, जिसके अनुसार पीड़िता की 36 घंटे या कभी-कभी 48 घंटे तक की ड्यूटी लगाई गई थी। एक अधिकारी ने कहा, घोष ने कुछ सवालों के जवाब घुमा-फिराकर दिए थे। सीबीआइ अधिकारियों का एक दल शनिवार दोपहर आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल गया और वहां कुछ जांच की। एक अधिकारी ने बताया कि वहां उन्होंने कुछ नमूने एकत्र किए और उन्हें जांच के लिए केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजा। उन्होंने बताया कि केंद्रीय एजंसी के अधिकारियों की एक अन्य टीम कोलकाता पुलिस की चौथी बटालियन के उस बैरक में गई जहां मामले में गिरफ्तार आरोपी संजय राय रहता था। उन्होंने कहा, 'उन्होंने वहां रह रहे पुलिसकर्मियों से बात की और आरोपी की शुक्रवार सुबह की गतिविधियों के बारे में पूछताछ की। उन्होंने यह जानकारी ली कि रॉय बैरक में कब लौटा और वहां पहुंचने के बाद उसने क्या किया।' अधिकारी ने बताया कि सीबीआइ अधिकारियों ने चिकित्सकों एवं पुलिस अधिकारियों समेत करीब 40 लोगों की सूची तैयार की है, जिनसे वह पूछताछ करेगी। उन्होंने कहा, 'हमने अभी तक 13 लोगों से पूछताछ की है।'

शुक्रवार को जांच एजंसी अस्पताल के पूर्व प्राचार्य को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई थी और उनसे देर रात एक बजकर 40 मिनट तक पूछताछ की गई थी। एक अधिकारी ने बताया कि घोष को यहां 'सीजीओ काम्प्लेक्स' स्थित सीबीआइ कार्यालय के एक कमरे में रात साढ़े नौ बजे तक बैठाया गया, जिसके बाद उनसे पूछताछ शुरू हुई। घोष दूसरी बार पूछताछ के लिए शनिवार सुबह साढ़े दस बजे से कुछ पहले सीबीआइ कार्यालय पहुंचे। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के पहले दौर में पूर्व प्राचार्य घोष से महिला चिकित्सक की मौत की खबर मिलने के बाद उनकी पहली प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया।

## भारत में मंकीपाक्स के संक्रमण का कम जोखिम : सरकार

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि भारत में फिलहाल मंकीपाक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है, हालांकि इस बीमारी को फैलने से रोकने और नियंत्रित करने के लिए एहतियाती कदम उठाए जाएंगे। समीक्षा बैठक में आगामी हफ्तों में बाहर से आने वाले कुछ मामलों का पता चलने की संभावना को पूरी तरह से खारिज नहीं किया गया है, लेकिन यह आकलन किया गया कि निरंतर संचरण के साथ बड़े प्रकोप का जोखिम वर्तमान में भारत के लिए कम है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) द्वारा 2022 में पहली बार स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा के बाद से भारत में कुल 30 मामले पाए गए, जिनमें से अंतिम इस साल मार्च में आया। मंत्रालय ने कहा कि फिलहाल भारत में मंकीपाक्स का कोई मामला सामने नहीं आया है। बयान में कहा गया कि मंत्रालय द्वारा स्थिति पर निगाह रखी जा रही है। डब्लूएचओ द्वारा 14 अगस्त को मंकीपाक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल (पीएचईआइसी) घोषित किए जाने के मद्देनजर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने यहां मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मंकीपाक्स की स्थिति और तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

## हड़ताल से दिल्ली ,पंजाब और बंगाल समेत पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

**इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने देश भर में अपने सदस्यों से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया। असम, मेघालय, मणिपुर समेत पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल।**

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, ओड़ीशा, बंगाल, बिहार, पूर्वोत्तर समेत पूरे देश में चिकित्सकों का विरोध प्रदर्शन जारी रहा। 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आइएमए) ने देश भर में अपने सदस्यों से 24 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होने का आह्वान किया है। हड़ताल की अपील रविवार सुबह छह बजे तक के लिए की गई थी।

कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ कथित दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या किए जाने की घटना के विरोध में शनिवार को प्रदर्शन किया जिसके कारण इन राज्यों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। आइएमए की पंजाब इकाई के सलाहकार नवजोत दहिया ने कहा कि महिला चिकित्सक के लिए न्याय और चिकित्सकों की सुरक्षा की मांग को लेकर पटियाला, अमृतसर तथा लुधियाना में कई जगहों पर स्वास्थ्यकर्मियों ने धरना दिया। प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने कहा कि बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) की सेवाएं बंद रहीं और वैकल्पिक सर्जरी भी नहीं की गईं, लेकिन आपातकालीन सेवाएं चालू हैं।

दिल्ली के प्रमुख निजी अस्पताल भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होते हुए अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और आईपीडी सेवाएं बंद कर दीं। राजधानी में रेजिडेंट डाक्टर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को हड़ताल के छठे दिन सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पताल भी इसमें शामिल हो गए हैं। सर गंगा राम, फोर्टिस एवं अपोलो जैसे अस्पतालों ने अपनी ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी एवं आइपीडी सेवाएं बंद कर दी हैं। पूर्वोत्तर में भी चिकित्सक हड़ताल पर चले गए हैं। असम, मेघालय, मणिपुर समेत पूर्वोत्तर में स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। अरुणाचल प्रदेश के नाहरलगुन में 'टोमो रीबा इंस्टिट्यूट आफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज' के चिकित्सकों ने आपातकालीन और ट्रामा विभाग के सामने विरोध प्रदर्शन किया। तख्तियां हाथ में लेकर प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने नारेबाजी की और मृतका तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए न्याय की मांग की। ईटानगर स्थित रामकृष्ण मिशन अस्पताल (आरकेएम) के चिकित्सक भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। ओड़ीशा में विरोध-प्रदर्शन में 'इंडियन मेडिकल एसोसिएशन' (आइएमए) के लगभग 6,000 सदस्य शामिल हुए, जिसके कारण सरकारी और निजी दोनों अस्पतालों में ओपीडी, वैकल्पिक सर्जरी और प्रयोगशाला सेवाएं बंद रहीं।

## ममता सरकार न्याय के लिए लड़ रहे लोगों पर कार्रवाई कर रही : भाजपा

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार एक प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के मामले में न्याय मांग रहे चिकित्सकों व मीडिया के एक वर्ग पर कार्रवाई कर रही है।

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने दावा किया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत सरकार का एकमात्र एजंडा 'सच को चुप करना, बलात्कारियों को बचाना और किसी भी कीमत पर सबूत नष्ट करना' है। उन्होंने कहा कि यह दोषियों को बचाने की 'सबसे भयावह एवं संस्थागत लीपापोती' है।

पूनावाला ने पत्रकारों से कहा कि न्याय के लिए आवाज उठाने पर 43 चिकित्सकों का तबादला कर दिया गया, जिनमें से कुछ का तबादला दूरदराज के इलाकों में किया गया है जबकि पुलिस ने नागरिकों और पत्रकारों को न्याय के उनके धर्मयुद्ध के लिए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

मामले में न्याय की मांग करते हुए एक प्रदर्शन की अगुआई करने पर बनर्जी पर निशाना साधते हुए पूनावाला ने पूछा कि जब वह गृह और स्वास्थ्य मंत्रालयों की प्रभारी हैं तो वह किस बात का विरोध कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि पुलिस की प्राथमिकता आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल पर हमला करने वाले हजारों उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई करना नहीं है, बल्कि न्याय के लिए आवाज उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है। उन्होंने दावा किया कि कुछ पत्रकारों को अपने सोशल मीडिया अकाउंट को बंद करना पड़ा।

## येचुरी ने कहा, अस्पताल में तोड़फोड़ 'सच्चाई को छिपाने' का प्रयास

नई दिल्ली, 17 अगस्त (एजंसी)।

माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने शनिवार को कहा कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल में हुई तोड़फोड़ 'सच्चाई को छिपाने' की एक कोशिश थी। उन्होंने उस महिला प्रशिक्षु डाक्टर के लिए न्याय सुनिश्चित करने की आपील की, जिसकी पिछले सप्ताह बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। सीताराम येचुरी ने कहा, 'आरजी कर मेडिकल कालेज में एक साथी डाक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे डाक्टरों पर यह बर्बरता न्याय को चुप कराने और सच्चाई को छिपाने का एक घृणित प्रयास है।

## हरियाणा मंत्रिमंडल : अतिथि शिक्षकों को मिलेगी नौकरी की सुरक्षा

चंडीगढ़, 17 अगस्त (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार ने बड़ा दांव खेलते हुए मंत्रिमंडल की बैठक करके कई बड़े अहम मुद्दों को स्वीकार कर लिया। फैसले के मुताबिक, अतिथि शिक्षकों को नौकरी की सुरक्षा मिलेगी ।

सरकार ने यह बैठक आचार संहिता की घोषणा से पहले बुलाई थी। शुक्रवार को चुनाव का एलान होने के बावजूद शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्तावों को मंजूरी देने की बजाए उन्हें स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद अब शनिवार को लिए गए फैसलों के संबंध में गेंद पूरी तरह से निर्वाचन आयोग के पाले में चली गई है।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा हुई और मंत्रिमंडल ने उन्हें स्वीकार भी किया है। अब उन पर चुनाव आयोग निर्णय लेगा। नायब सैनी ने कहा कि जिस तरह से एक लाख 20 हजार हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) कर्मचारियों की नौकरी को सुरक्षित किया गया है, उसी प्रकार अब उच्चतर शिक्षा विभाग के एक्सटेंशन लेक्चरर, इंजीनियरिंग और बहुतकतीकी संस्थान की अतिथि शिक्षकों को भी सुरक्षित किया जाएगा। इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति की रपट पर फैसला लेने के लिए चुनाव आयोग को भेजा जाएगा। चुनाव आयोग मंजूरी देगा तो इसे तुरंत लागू कर देंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा में नौकरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का स्वागत है, सरकार इस फैसले के बारे में चुनाव आयोग से पूछेगी।

### पेज 1 का बाकी

## सिद्धरमैया पर मुकदमे को मंजूरी

में उल्लेखित आरोपों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ मुकदमा चलाया जा सकता है। अधिवक्ता टीजे अब्राहम द्वारा दायर याचिका के आधार पर राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 26 जुलाई को मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इसमें कहा गया था कि मुख्यमंत्री सात दिनों के भीतर अपने खिलाफ लगे आरोपों पर जवाब प्रस्तुत करें कि क्यों न उनके खिलाफ अभियोजन की अनुमति दी जाए। इसके बाद कर्नाटक सरकार ने मुख्यमंत्री को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने और अब्राहम की याचिका को खारिज करने की राज्यपाल को सलाह दी थी। साथ ही राज्यपाल पर संवैधानिक कार्यालय के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया था। राज्यपाल ने अपने फैसले में आइएएस वेंकटचलपति की अध्यक्षता में गठित समिति और आयोग जांच अधिनियम 1952 के तहत एक उच्च-स्तरीय एकल सदस्यीय जांच समिति की ओर इशारा करते हुए कहा कि समिति की जांच शर्तों से स्पष्ट होता है कि वैकल्पिक भूमि के अवैध आबंटन में अनियमितताओं से जुड़े गंभीर आरोप हैं।

उन्होंने कहा कि यह एक सुस्थापित कानूनी सिद्धांत है कि जिस व्यक्ति के विरुद्ध आरोप लगाए गए हैं, उसे कार्रवाई का निर्णय लेने का अधिकार नहीं दिया जाना चाहिए। दरअसल, आरोप हैं कि सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु में एक प्रतिपूरक भूखंड आबंटित किया गया था। इसका संपत्ति मूल्य उनकी उस भूमि की तुलना में अधिक था, जिसे एमयूडीए ने अधिग्रहीत किया था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आबंटित किए थे। इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है।

**कर्नाटक हाई कोर्ट में 'कैविएट' दायर :** मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण के भूखंड आबंटन से जुड़े कथित घोटाले को लेकर शिकायतकर्ताओं में से एक प्रदीप कुमार ने शनिवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय में एक 'कैविएट' दायर की है। इसमें मुख्यमंत्री सिद्धरमैया पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार अब कैविएट दायर होने के बाद किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले अदालत मूल शिकायतकर्ता का पक्ष भी सुनेगी। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कानूनी प्रावधानों के तहत सिद्धरमैया राहत के लिए उच्च न्यायालय जा सकते हैं। कैविएट दाखिल न होने की स्थिति में उन्हें दूसरे पक्ष की दलीलें सुने बिना राहत मिल सकती थी। इसलिए उन्होंने उच्च न्यायालय में कैविएट दाखिल की है। इस मामले में एक अन्य शिकायतकर्ता टीजे अब्राहम ने कहा कि वह सोमवार को न्यायालय में कैविएट दाखिल करेंगे।

## अमेरिकी अदालत से राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की मंजूरी

इस अपीलीय अदालत में याचिका दायर की थी। कैलिफोर्निया की जिला अदालत ने उसकी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को अस्वीकार कर दिया था। बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में मुंबई में आतंकवादी हमलों में राणा की संलिप्तता के लिए उसे भारत प्रत्यर्पित किए जाने के मजिस्ट्रेट न्यायाधीश के आदेश को चुनौती दी गई थी।

अपीलीय अदालत के न्यायाधीशों के पैनल ने जिला अदालत के फैसले की पुष्टि की।राणा फिलहाल लास एंजिलिस की एक जेल में बंद है और वह 26/11 के मुंबई हमले में अपनी भूमिका को लेकर आरोपों का सामना कर रहा है। बताया जाता है कि उसका संबंध लश्कर-ए-तैयबा में पाकिस्तान मूल के अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से है। हेडली 2008 में मुंबई में 26 नवंबर को हुए हमले के मुख्य साजिशकर्ताओं में एक था। राणा के पास मौजूदा फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। उसके पास अब भी भारत को प्रत्यर्पित किए जाने से बचने के लिए कानूनी विकल्प बंद नहीं हुए हैं।

प्रत्यर्पण आदेश संबंधित बंदी प्रत्यक्षीकरण समीक्षा के सीमित दायरे के तहत, पैनल ने माना कि राणा पर लगाए गए आरोप अमेरिका और भारत के बीच प्रत्यर्पण संधि की शर्तों के अंतर्गत आते हैं। इस संधि में प्रत्यर्पण के लिए किसी व्यक्ति को एक अपराध के लिए दो बार दंडित नहीं किए जाने का सिद्धांत का अपवाद शामिल है। पैनल ने संधि की विषय वस्तु, विदेश मंत्रालय के तकनीकी विश्लेषण और अन्य सर्किट अदालतों में इस प्रकार के मामलों पर गौर करते हुए माना कि 'अपराध' शब्द अंतर्निहित कृत्यों के बजाय आरोपों को संदर्भित करता है तथा इसके लिए प्रत्येक अपराध के तत्त्वों का विश्लेषण आवश्यक है।तीन न्यायाधीशों के पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि सह-साजिशकर्ता की दलीलों के आधार पर किया गया समझौता किसी अलग नतीजे पर पहुंचने के लिए बाध्य नहीं करता। पैनल ने माना कि अपवाद इस मामले पर लागू नहीं होता, क्योंकि भारतीय आरोपों में उन आरोपों से भिन्न तत्व शामिल हैं।

## खाद्य, ऊर्जा संकट से एकजुट होकर निपटें

विकास प्राथमिकताओं से प्रेरित होगा। शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में उन्होंने कहा कि मैं भारत की ओर से एक व्यापक वैश्विक विकास समझौते का प्रस्ताव रखना चाहूंगा। इस समझौते की नींव भारत की विकास यात्रा और विकास साझेदारी के अनुभवों पर आधारित होगी। मोदी ने कहा कि यह विकास के लिए मानव-केंद्रित और बहुआयामी होगा तथा बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देगा। यह विकास वित्त के नाम पर जरूरतमंद देशों पर कर्ज का बोझ नहीं डालेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'काम्पैक्ट' से साझेदार देशों के संतुलित और सतत विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत हम विकास के लिए व्यापार, सतत विकास के लिए क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी स्थानांतरण, परियोजना-विशिष्ट रियायती वित्त और अनुदान पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत 'सोशल इम्पैक्ट फंड' में 2.5 करोड़ डालर का प्रारंभिक योगदान देगा, जिसका उद्देश्य 'ग्लोबल साउथ' में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा (डीपीआइ) विकसित करना है।प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद हमारे समाज के लिए गंभीर खतरा बने हुए हैं। प्रौद्योगिकी विभाजन और प्रौद्योगिकी से जुड़ी नई आर्थिक व सामाजिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पिछली शताब्दी में स्थापित वैश्विक शासन और वित्तीय संस्थान वर्तमान शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने में असमर्थ हैं।

## साबरमती एक्सप्रेस के 20 डिब्बे पटरी से उतरे

गए। त्रिपाठी के मुताबिक, ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी और इस हादसे में किसी के मारे जाने या घायल होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य जारी है। रेलवे बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि चालक ने बताया कि ट्रेन के इंजन से कोई बड़ा पत्थर टकराया, जिससे इसके अगले हिस्से में जानवरों से बचाव के लिए लगा 'कैटल गार्ड' बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर मुड़ गया। अधिकारी ने बताया कि खुफिया विभाग (आइबी) और उत्तर प्रदेश पुलिस घटना में शरारती या असामाजिक तत्त्वों की संलिप्तता की जांच कर रही हैं, क्योंकि प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि इंजन पटरी पर रखी किसी वस्तु से टकरा गया। अधिकारी ने कहा कि ट्रेन के 16वें डिब्बे के पास हमें एक संदिग्ध वस्तु मिली है। इंजन के 'कैटल गार्ड' को पहुंचे नुकसान को देखकर ऐसा लगता है कि इंजन इसी संदिग्ध वस्तु से टकराया और पटरी से उतर गया।

उन्होंने कहा कि हमने साक्ष्य सुरक्षित रखे हैं। आइबी और उत्तर प्रदेश पुलिस दोनों इस पर काम कर रही हैं। अधिकारी के अनुसार, जिस ट्रैक पर दुर्घटना हुई, उसी पर पटना-इंदौर एक्सप्रेस शुक्रवार देर रात एक बजकर 20 मिनट पर बिना किसी व्यवधान के गुजरी। अधिकारी के मुताबिक, टक्कर की तेज आवाज के बाद जब ट्रेन रुकी, तब उसमें सवार ज्यादातर यात्री सो रहे थे। उत्तर प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने कहा कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए बस सहित अन्य वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गईं। सभी यात्रियों को घटनास्थल से निकाल लिया गया है।

## 'विजेता' विनेश का दिल्ली से हरियाणा के रास्ते भव्य स्वागत

घासौला मंडौला सहित विभिन्न स्थानों पर रुका। विनेश ने कहा कि तो क्या हुआ अगर उन्होंने मुझे स्वर्ण पदक नहीं दिया लेकिन यहां के लोगों ने मुझे दिया है। मुझे जो प्यार और सम्मान मिला है, वह 1000 ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने से भी ज्यादा है। हुड्डा ने एक्स पर की गई पोस्ट में 29 वर्षीय विनेश के जुझारूपन की प्रशंसा की। उन्होंने लिखा, 'हमारी नजर में आप पहले भी विजेता रही हैं और भविष्य में भी विजेता रहेंगी। आपके साहस, संघर्ष और दृढ़ संकल्प ने ना केवल करोड़ों देशवासियों का दिल जीता है, बल्कि आप देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।' अपने गांव रवाना होने से पहले विनेश ने दिल्ली के द्वारका में एक मंदिर में पूजा अर्चना भी की। पेरिस ओलंपिक में फाइनल से पहले किए गए वजन में उनका वजन सौ ग्राम अधिक निकला था, जिसके कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## केंद्र सरकार करेगी विलंबित प्रवेश प्रक्रिया से 45 पदों पर भर्ती

**जनसत्ता ब्यूरो**
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

केंद्र सरकार विभिन्न मंत्रालयों में विलंबित प्रवेश प्रक्रिया (लेटरल एंट्री) से संयुक्त सचिवों, निदेशकों और उप सचिवों के पदों पर जल्द ही 45 विशेषज्ञ नियुक्त करेगी। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शनिवार को 10 संयुक्त सचिव और 35 निदेशक/उप सचिव के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र में 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भर्ती अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को आरक्षण से दूर रखने की सरकार की साजिश है।

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लगाया आरोप, कहा- केंद्र में 'लेटरल एंट्री' के माध्यम से भर्ती अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) को आरक्षण से दूर रखने की साजिश रच रही।**

आमतौर पर ऐसे पदों पर अखिल भारतीय सेवाओं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आइएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) और भारतीय वन सेवा (आइएफओएस) - और अन्य ग्रुप ए सेवाओं के अधिकारी होते हैं। विज्ञापन में कहा गया कि भारत सरकार संयुक्त सचिव और निदेशक/उप सचिव स्तर के अधिकारियों की 'लेटरल एंट्री' के जरिए नियुक्ति करना चाहती है। इस तरह, राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के आकांक्षी प्रतिभाशाली भारतीय नागरिकों से संयुक्त सचिव या निदेशक/उप सचिव के स्तर पर सरकार में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। विभिन्न मंत्रालयों, विभागों में रिक्तियों को अनुबंध के आधार पर तीन साल की अवधि के लिए भरा जाएगा (प्रदर्शन के आधार पर पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है) आवेदन यूपीएससी की वेबसाइट के माध्यम से 17 सितंबर तक किए जा सकते हैं। गृह, वित्त और इस्पात मंत्रालयों में संयुक्त सचिवों के 10 पद हैं। कृषि एवं किसान कल्याण, नागर विमानन और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों में निदेशक/उप सचिव स्तर के 35 पद भरे जाएंगे। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि संविधान को तार-तार करती भाजपा ने किया आरक्षण पर दोहरा वार। पहला, आज सरकार ने केंद्र में संयुक्त सचिव, निदेशक और उप सचिव के कम से कम 45 पद 'लेटरल एंट्री' के जरिए भरने का विज्ञापन निकाला है। क्या इसमें एससी,एसटी, ओबीसी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का आरक्षण है? उन्होंने आरोप लगाया कि सोची समझी साजिश के तहत भाजपा जानबूझकर नौकरियों में ऐसे भर्ती कर रही है, ताकि आरक्षण से एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को दूर रखा जा सके। खरगे ने कहा कि दूसरा, उत्तर प्रदेश में 69,000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण घोटाले का अब हाई कोर्ट के फैसले से पर्दाफाश हो चुका है।

www.readwhere.com

## खबर कोना

### वायुसेना, थलसेना का 15 हजार फुट की ऊंचाई पर 'पैरा-ड्राप' अभियान

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

भारतीय वायुसेना और थलसेना ने संयुक्त रूप से लगभग 15 हजार फुट की ऊंचाई पर 'आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब' पहल के तहत 'अपनी तरह के पहले सटीक पैरा-ड्राप' अभियान को अंजाम दिया है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इन 'क्रिटिकल ट्रामा केयर क्यूब' को परियोजना भीष्म (सहयोग, हित और मैत्री के लिए भारत स्वास्थ्य पहल) के अंतर्गत स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है। इस अभियान को मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के रूप में प्रभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण आपूर्ति प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप अंजाम दिया गया।

### 'पाकिस्तान में अनियमित इंटरनेट से विदेशी कंपनियों के बड़े पैमाने पर पलायन की आशंका'

कराची, 17 अगस्त (भाषा)।

पाकिस्तान में सरकार द्वारा लागू किए जा रहे विवादास्पद फायरवाल सिस्टम की वजह से पाकिस्तान में इंटरनेट की धीमी और अनियमित सेवाओं के कारण देश से बड़े पैमाने पर विदेशी कारोबारी पलायन कर सकते हैं। पाकिस्तान बिजनेस काउंसिल (पीबीसी) और पाकिस्तान साफ्टवेयर हाउसेज एसोसिएशन (पीएसएचए) ने यह चेतावनी दी है। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब कुछ महीने पहले उबर, फाइजर, शेल, एली (अमेरिका), सनोफी (फ्रांस), टेलीनार (नार्वे), लोट्टो केमिकल (दक्षिण कोरिया) जैसी कुछ शीर्ष कंपनियों ने अपनी पूरी या आंशिक हिस्सेदारी स्थानीय कंपनियों को बेच दी थी।

### भारत ने पोलैंड को अंजीर के रस की पहली खेप निर्यात की

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

भारत ने पोलैंड से अनूठे कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाने की अपनी पहल के तहत अंजीर के रस की पहली खेप पोलैंड को निर्यात की है। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जीआइ-टैग वाले पुरंदर अंजीर से बने भारत के पहले पीने के लिए तैयार अंजीर के रस के पोलैंड को निर्यात की सुविधा प्रदान की। जीआइ (भौगोलिक संकेत) टैग उस वस्तु को कानूनी सुरक्षा प्रदान करता है, दूसरों द्वारा अनधिकृत उपयोग को रोकता है और उत्पाद के निर्यात को बढ़ावा देने में मदद करता है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्यात वैश्विक बाजारों में भारतीय कृषि उत्पादों की क्षमता को दर्शाता है।

### आंध्र के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री के साथ बैठक में हवाई अड्डों के विकास पर जोर दिया

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात के दौरान राज्य में हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की। तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख नायडू की राष्ट्रीय राजधानी की दो दिवसीय यात्रा के दौरान यह बैठक हुई। इस दौरान विमानन क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाने और केंद्रीय योजनाओं से अधिकतम फायदा लेने पर ध्यान केंद्रित किया गया। केंद्रीय मंत्री ने इस बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, 'हमने चर्चा की कि विमानन क्षेत्र का विस्तार राज्य के विकास में कैसे सहायता कर सकता है, जिसने पिछले पांच वर्षों में चुनौतियों का सामना किया है।'

### सरकार ने भारत एआइ मिशन के तहत अवसंरचना प्रदाताओं के लिए बोलियां आमंत्रित कीं

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

सरकार ने 10,372 करोड़ रुपए के भारत एआइ मिशन के तहत क्लाउड पर कृत्रिम मेधा (एआइ) सेवाएं देने वाली संस्थाओं को शामिल करने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। इस योजना को इस साल मार्च में मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी। डेटा सेंटर और क्लाउड सेवा प्रदाताओं जैसी सूचीबद्ध एजंसियों को शिक्षाविदों, स्टार्टअप, शोधकर्ताओं, सरकारी निकायों आदि को ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू), एक्सेलेरेटर, टेंसर प्रोसेसिंग यूनिट (टीपीयू), स्टोरेज जैसे उच्च गति वाले कंप्यूटिंग एआइ अवसंरचना उपलब्ध करानी होगी।

### गीता गोपीनाथ से मिलकर निर्मला सीतारमण ने कहा

# आइएमएफ के साथ सहयोग बढ़ाने के तरीके तलाशने को भारत तैयार

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आइएमएफ की प्रथम उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ के साथ बैठक की। इस दौरान सीतारमण ने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) के साथ अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए और अधिक तरीके तलाशने को तैयार है। बैठक में गोपीनाथ ने राजकोषीय समेकन के लिए भारत सरकार के उपायों के लिए वित्त मंत्री को बधाई दी।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत आइएमएफ के साथ अपने संबंधों और निरंतर जुड़ाव को बहुत महत्व देता है। भविष्य में भारत सरकार आइएमएफ के साथ अपने सहयोग को बढ़ाने के लिए और अधिक तरीके तलाशने को तैयार है।' भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवंतता का जिक्र करते हुए गोपीनाथ ने आइएमएफ के साथ भारत के मजबूत संबंधों की सराहना की।



नई दिल्ली में शनिवार को एक बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ के साथ।

### 'भारत को 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियों की जरूरत'

**नई दिल्ली, 17 अगस्त (ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथ ने शनिवार को कहा कि भारत रोजगार सृजन के मामले में जी-20 देशों में पिछड़ा हुआ है। जनसंख्या वृद्धि को देखते हुए देश को वर्ष 2030 तक 14.8 करोड़ अतिरिक्त नौकरियां पैदा करने की जरूरत है। गोपीनाथ ने दिल्ली स्कूल आफ इकोनामिक्स के हीरक जयंती कार्यक्रम में कहा कि 2010 से शुरू हुए दशक में भारत की औसत वृद्धि दर 6.6 फीसद रही, लेकिन रोजगार दर दो फीसद से कम रही। इसलिए भारत की रोजगार दर, अन्य जी-20 देशों की तुलना में काफी कम है।

### लालू, तेजस्वी के खिलाफ आरोपपत्र का 24 को संज्ञान ले सकती है अदालत

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत 24 अगस्त को इस बारे में आदेश सुना सकती है कि जमीन के बदले नौकरी घोटाले के कथित मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव तथा आठ अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लिया जाए या नहीं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने शनिवार को जांच एजंसी की दलीलें सुनने के बाद अभियोजन पक्ष की शिकायत (ईडी का आरोपपत्र) पर आदेश सुरक्षित रख लिया। ईडी ने अदालत को बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। पूरक आरोपपत्र छह अगस्त को अदालत के समक्ष दाखिल किया गया था। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर अपने मामले दायर किए। ईडी ने कहा कि यह मामला मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित रेलवे के पश्चिम मध्य क्षेत्र में ग्रुप-डी की नियुक्तियों से संबंधित है।

# बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और शरीयत कानून में 'टकराव' दूर करने की मांग

### अदालत ने सरकार और आल इंडिया मुसलिम पर्सनल ला बोर्ड से मांगा जवाब

इंदौर, 17 अगस्त (भाषा)।

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सरकार और आल इंडिया मुसलिम पर्सनल ला बोर्ड से शनिवार को जवाबतलब किया जिसमें सूबे में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी की न्यूनतम उम्र के प्रावधानों को सभी समुदायों पर समान तरीके से लागू कराए जाने की गुहार की गई है।

याचिका में दावा किया गया है कि शादी की न्यूनतम कानूनी उम्र को लेकर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 और मुसलिम पर्सनल ला (शरीयत) अनुप्रयोग अधिनियम 1937 के बीच 'टकराव' की स्थिति है। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और न्यायमूर्ति दुप्पला वेंकटरमणा ने स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता डा. अमन शर्मा की जनहित याचिका पर केंद्र और राज्य की सरकारों के साथ ही आल इंडिया मुसलिम पर्सनल ला बोर्ड को नोटिस जारी किए और चार हफ्ते में जवाबतलब किया।

**धनोडकर ने कहा कि जनहित याचिका में उच्च न्यायालय से यह व्यवस्था देने की गुहार लगाई गई है कि राज्य में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को सभी समुदायों के निजी कानूनों से ऊपर रखा जाए।**

याचिकाकर्ता के वकील अभिनव धनोडकर ने संवाददाताओं से कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के मुताबिक देश में 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के और 18 साल से कम आयु की लड़की की शादी अपराध की श्रेणी में आती है, जबकि मुसलिम पर्सनल ला शरीयत (अनुप्रयोग) अधिनियम के प्रावधान तरुणाई की उम्र में लड़के-लड़कियों के विवाह की अनुमति देते हैं। उन्होंने कहा कि तरुणाई की उम्र को मोटे तौर पर 15 साल माना जा सकता है।

धनोडकर ने कहा कि जनहित याचिका में उच्च न्यायालय से यह व्यवस्था देने की गुहार लगाई गई है कि राज्य में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को सभी समुदायों के निजी कानूनों से ऊपर रखा जाए। उन्होंने बताया कि याचिका में अदालत से यह अनुरोध भी किया गया है कि वह राज्य में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत विवाह की न्यूनतम उम्र के प्रावधानों को सभी समुदायों पर समान तरीके से लागू कराने के वास्ते जरूरी कानूनी बदलावों के लिए उचित निर्देश जारी करे। धनोडकर ने कहा कि खासकर नाबालिग लड़कियों के विवाह से न केवल उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य खतरे में पड़ जाता है, बल्कि इससे सामाजिक तथा आर्थिक असमानता और लैंगिक भेदभाव को भी अनुचित बल मिलता है।

# होटल-अस्पताल में हो रहे नकद लेनदेन पर आयकर विभाग की निगाह

### सीबीडीटी ने बड़े पैमाने पर दिए जांच के आदेश

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

देश में प्रत्यक्ष कर प्रशासन के शीर्ष निकाय केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग से होटल, लक्जरी ब्रांड की बिक्री, अस्पताल और आइवीएफ क्लीनिक जैसे व्यावसायिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नकद लेनदेन की जांच करने को कहा है। बोर्ड ने कहा कि यह जांच गैर जरूरी हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए।

सीबीडीटी ने कर विभाग से बकाया मांगों की वसूली के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष से तेज वृद्धि देखने को मिली है। इस संबंध में बोर्ड ने हाल में केंद्रीय कार्य योजना (सीएपी) 2024-25 जारी की है। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय संस्थानों के दो लाख रुपए से अधिक के नकद लेनदेन को वित्तीय लेनदेन के विवरण (एसएफटी) के जरिए बताना आवश्यक था, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा था। बोर्ड ने आयकर विभाग से कहा है कि ऐसी रिपोर्टों की जांच करने पर पाया गया कि इन प्रावधानों का उल्लंघन व्यापक रूप से किया जा रहा है। इसमें आगे कहा गया कि उच्च मूल्य वाले उपभोग व्यय को करदाता के बारे में जानकारी के साथ सत्यापित करने की जरूरत है। विभाग ने इस संबंध में होटल, बैंक्वेट हाल, लक्जरी ब्रांड के खुदरा विक्रेताओं, आइवीएफ क्लीनिक, अस्पताल, डिजाइनर कपड़ों की दुकानों और एनआरआइ कोटा मेडिकल कालेज सीटों की पहचान की है, जहां इन नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है और बड़ा नकदी लेनदेन हो रहा है।

**विभाग ने इस संबंध में होटल, बैंक्वेट हाल, लक्जरी ब्रांड के खुदरा विक्रेताओं, आइवीएफ क्लीनिक, अस्पताल, डिजाइनर कपड़ों की दुकानों और एनआरआइ कोटा मेडिकल कालेज सीटों की पहचान की है।**

### कच्चे तेल पर सरकार ने उठाया कदम

# अप्रत्याशित कर 4600 रुपए प्रति टन से घटाकर 2,100

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर (विंडफाल टैक्स) को 4,600 रुपए प्रति टन से घटाकर 2,100 रुपए प्रति टन कर दिया है। यह कर शनिवार से प्रभावी हो गया है। यह कर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) के रूप में लगाया जाता है। डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नई दरें शनिवार से प्रभावी हो गई हैं। भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया, जिससे वह उन देशों में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं। हर पखवाड़े पिछले दो सप्ताह में औसत तेल कीमतों के आधार पर कर दरों की समीक्षा की जाती है।

इससे पहले कच्चे तेल पर यह कर 7000 रुपए प्रति टन था, जिसे पिछले पखवाड़े में घटाकर 4600 रुपए प्रति टन किया गया। यह लगातार दूसरा ऐसा मौका है जब अप्रत्याशित कर के दर को घटाया गया है। डीजल और एटीएफ यानी जेट ईंधन पर कर को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। दरअसल, तेल विपणन कंपनियों को अप्रत्याशित मुनाफा होने पर सरकार की ओर से अतिरिक्त कर लगाया जाता है, जिसे अप्रत्याशित कर कहते हैं। यह ऐसी कंपनियों पर लगता है जिन्हें लगातार बदलते हालात की वजह से अचानक उच्च मुनाफा हुआ है। भारत समेत कई देशों में तेल और ऊर्जा कंपनियों पर अप्रत्याशित कर लगाया जाता है। कच्चे तेल को लेकर फिलहाल दोहरा संकट है। रूस और यूक्रेन के बीच पहले से जारी जंग समेत पूर्वी एशिया के मौजूदा हालात को लेकर कच्चे तेल की आपूर्ति और उत्पादन को लेकर चिंता बनी हुई है। चीन, कच्चे तेल का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक है और कमजोर मांग का भी असर दिखता है।

**डीजल, पेट्रोल और जेट ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर एसएईडी को 'शून्य' पर बरकरार रखा गया है। आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया कि नई दरें शनिवार से प्रभावी हो गई हैं।**

**भारत ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को अप्रत्याशित लाभ कर लगाया, जिससे वह उन देशों में शामिल हो गया जो ऊर्जा कंपनियों के असाधारण लाभ पर कर लगाते हैं।**



उत्साह

अमृतसर में शनिवार को राखी की खरीददारी करतीं महिलाएं।

# राज्यों के चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराए जा रहे : पवार

नागपुर, 17 अगस्त (भाषा)।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को इस बात को लेकर हैरानी जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'एक देश एक चुनाव' पर जोर दिए जाने के बावजूद राज्यों के आगामी चुनाव एक साथ क्यों नहीं कराए जा रहे हैं।

पवार ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो कहते हैं उसमें कोई सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अपने भाषण में 'एक देश एक चुनाव' की वकालत की थी। निर्वाचन आयोग ने सितंबर-अक्तूबर में जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों और हरियाणा में एक चरण में मतदान कराने की शुक्रवार को घोषणा की थी। आयोग ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों की आवश्यकता और महाराष्ट्र में त्योहारों के दौरान होने वाली भीड़ का हवाला देते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घोषणा बाद में की जाएगी। पवार ने कहा, 'दो राज्यों (जम्मू-कश्मीर और हरियाणा) में चुनाव की तारीखों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। इसलिए, उनकी (प्रधानमंत्री मोदी की) बातों में कोई सच्चाई नहीं है।'



दावा | कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा वित्तीय तनाव से जूझ रहा है

# श्रमिकों का मासिक वेतन 20 हजार से कम

मुंबई, 17 अगस्त (भाषा)।

भारत में कारखानों में या अन्य श्रम प्रधान नौकरियों (ब्लू-कालर) में ज्यादातर का वेतन 20,000 रुपए प्रति माह या उससे कम है।

एक रिपोर्ट में कहा गया कि इससे पता चलता है कि कार्यबल का एक बड़ा हिस्सा वित्तीय तनाव से जूझ रहा है, तथा आवास, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रौद्योगिकी से जुड़े श्रम प्रधान भर्ती मंच वर्क इंडिया ने रिपोर्ट में कहा कि 57.63 फीसद से अधिक श्रम प्रधान नौकरियां 20,000 रुपए प्रति माह या उससे कम वेतन सीमा में आती हैं। यह दर्शाता है कि कई श्रमिक न्यूनतम मजदूरी के करीब कमाते हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि लगभग 29.34 फीसद श्रम प्रधान नौकरियां मध्यम आय वर्ग में हैं, जिनमें वेतन 20,000-40,000 रुपए प्रति माह है।

इसमें कहा गया है कि इस श्रेणी में आने वाले श्रमिकों को वित्तीय सुरक्षा में मामूली सुधार का अनुभव होता है, लेकिन वे आरामदायक जीवन स्तर प्राप्त करने से बहुत दूर हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस सीमा में आय से आवश्यकताएं तो पूरी हो जाती हैं, लेकिन बचत या निवेश के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है, जो इस श्रेणी के कार्यबल के एक बड़े हिस्से की आर्थिक कमजोरी को उजागर करता है।

वर्कइंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक नीलेश डूंगरवाल ने कहा, 'आंकड़ों से पता चलता है कि श्रम क्षेत्र में कम वेतन वाली नौकरियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और उच्च आय के लिए सीमित अवसर हैं। यह असमानता न केवल कार्यबल के एक बड़े हिस्से के सामने आने वाली आर्थिक चुनौतियों को दर्शाती है, बल्कि सामाजिक स्थिरता और आर्थिक वृद्धि के लिए भी व्यापक निहितार्थ रखती है।'



**श्रम प्रधान भर्ती मंच वर्क इंडिया की रपट का दावा।**

**इस तबके के लोग आरामदायक जीवन स्तर से बहुत दूर हैं।**

# एक दशक में देश में मेट्रो निर्माण की रफ्तार हुई 10 गुना तेजः मनोहर लाल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत के मेट्रो रेल नेटवर्क में बड़े बदलाव आए हैं। 2014 से पहले भारत में मेट्रो रेल प्रणाली सिर्फ 248 किलोमीटर के दायरे में पांच शहरों में सीमित थीं।

पिछले 10 वर्षों में 700 किलोमीटर नई मेट्रो लाइनें चालू होने के बाद देश में मेट्रो नेटवर्क की कुल परिचालन लंबाई बढ़कर 945 किलोमीटर हो गई है। देश भर के 21 शहरों में मेट्रो सेवाओं का विस्तार हुआ है। पहले औसतन हर महीने महज 600 मीटर मेट्रो लाइन का निर्माण किया जा रहा था जिसमें 10 गुना की बढ़ोतरी के बाद आंकड़ा छह किलोमीटर प्रति माह हो गया है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा तीन प्रमुख मेट्रो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दिए जाने की भी घोषणा की, जो शहरों में बुनियादी ढांचे को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इनमें बंगलुरु मेट्रो परियोजना के दो गलियारों सहित 44 किलोमीटर का विस्तार, ठाणे मेट्रो परियोजना के तहत 29 किलोमीटर का नेटवर्क सहित पुणे मेट्रो परियोजना के तहत 5.5 किलोमीटर के मार्ग का निर्माण शामिल हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने स्वदेशीकरण के तहत हुए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अधिकांश नागरिक संरचनाओं का निर्माण घरेलू स्तर पर किया जा रहा है। भारत ने मेट्रो कोच के लिए चार अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं विकसित की हैं। जहां पिछले पांच वर्षों में 1,000 से अधिक मेट्रो कोच का विनिर्माण किया गया। नई परियोजनाओं की मंजूरी के साथ भारत में अब 1,018 किलोमीटर मेट्रो लाइनें निर्माणाधीन हैं।

www.readwhere.com

# अमेरिका में भारतीय मूल के व्यक्ति की गोली मार कर हत्या

वाशिंगटन, 17 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका के उत्तरी कैरोलिना प्रांत में एक किशोर ने एक स्टोर में लूटपाट करने के बाद भारतीय मूल के 36 वर्षीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'सैलिसबरी पोस्ट' की रपट के अनुसार 2580 एअरपोर्ट रोड स्थित 'टोबैको हाउस स्टोर' के मालिक मेनांक पटेल की मंगलवार सुबह गोलीबारी में मौत हो गई।

रोवन काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार इस अपराध के लिए एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है, चूंकि वह वयस्क नहीं है इसलिए पुलिस अधिकारी उसका नाम उजागर नहीं कर सकते। आरोपी को मंगलवार शाम को गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन कोई अतिरिक्त विवरण जारी नहीं किया गया। रोवन काउंटी के शेरिफ कार्यालय के जन सूचना अधिकारी कैप्टन मार्क मैकडेनियल ने बताया कि जब वे घटनास्थल पर जा रहे थे तभी उन्हें सूचना मिली कि गोलीबारी हुई है।

मैकडेनियल ने बताया कि जब पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पटेल घायल हैं और उन्हें गोलियां लगी हैं। पटेल को नोवेंट हेल्थ रोवन मेडिकल सेंटर ले जाया गया और फिर चार्लोट के प्रेस्बिटेरियन अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। मैकडेनियल ने कहा कि गोलीबारी के कारणों के बारे में जानकारी नहीं मिली है। ऐसा लगता है कि यह डकैती का मामला है। पटेल के परिवार में उनकी पत्नी और पांच साल की बेटी है। उनकी पत्नी गर्भवती हैं।

### मध्यस्थों को युद्धविराम की उम्मीदों के बीच

# गाजा में हिंसा का दौर जारी, 18 लोग मारे गए

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी), 17 अगस्त (एपी)।



*शनिवार* को गाजा पट्टी पर किए गए एक हवाई हमले में एक ही परिवार के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। *पिछले* 10 महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में गाजा में मरने वालों की संख्या 40,000 से अधिक होने की स्वास्थ्य मंत्रालय की घोषणा और अमेरिका, मिस्र तथा कतर के अधिकारियों द्वारा दो दिन की संघर्षविराम वार्ता समाप्त करने के बाद यह हमला हुआ।

इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता कराने के मध्यस्थों के प्रयासों के बीच इजराइल द्वारा शनिवार को गाजा पट्टी पर किए गए एक हवाई हमले में एक ही परिवार के कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई।

वार्ता में समझौते पर मुहर लगने की उम्मीद जताई गई है। दीर अल-बलाह स्थित एक अस्पताल के मुताबिक, गाजा के जावैदा शहर में एक घर और निकटवर्ती एक गोदाम पर शनिवार सुबह हवाई हमला हुआ। इस गोदाम में विस्थापित लोग रह रहे थे। इसी अस्पताल में हताहतों को ले जाया गया और एसोसिएटेड प्रेस के एक संवाददाता ने वहां लाए गए मृतकों की गिनती की। मारे गए लोगों में एक थोक व्यापारी भी शामिल हैं, जिसकी पहचान समी जावेद अल-अजलाह के रूप में हुई है। समी गाजा में मांस और मछली लाने के लिए इजराइली सेना के साथ समन्वय करता था।


अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई गई मृतकों की सूची के अनुसार, मृतकों में उसकी दो पत्नियां, दो से 22 वर्ष की आयु के उसके 11 बच्चे, बच्चों की दादी और तीन अन्य रिश्तेदार भी शामिल हैं। हमले में मामूली रूप से घायल हुए पड़ोसी अबू अहमद ने कहा, 'वह (समी) एक शांतिपसंद व्यक्ति था।' उसने बताया कि हमले के समय घर और गोदाम में 40 से अधिक नागरिक शरण लिए हुए थे।

### लोकसभा सचिवालय की घोषणा

# कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल पीएसी के अध्यक्ष बने

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

*प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता संजय जायसवाल करेंगे*



केसी वेणुगोपाल



संजय जायसवाल

**लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में पांच संसदीय समितियों के गठन की जानकारी दी गई है। इनमें लोक लेखा समिति व प्राक्कलन समिति के अलावा ओबीसी के कल्याण से संबंधित संसदीय समिति, एससी एवं एसटी के कल्याण से जुड़ी समिति भी शामिल हैं।**

कांग्रेस के संगठन महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल को संसद की महत्त्वपूर्ण समिति माने जाने वाली लोक लेखा समिति (पीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद संजय जायसवाल को प्राक्कलन समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है।

लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन में पांच संसदीय समितियों के गठन की जानकारी दी गई है। बुलेटिन में कहा गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कल्याण से संबंधित संसदीय समिति तथा अनुसूचित जाति (एससी) एवं अनुसूचित जनजाति (एसटी) के कल्याण से जुड़ी समिति गठित की गई हैं।

ओबीसी कल्याण के संबंधित समिति के अध्यक्ष भाजपा के गणेश सिंह होंगे, जबकि उनके पार्टी सहयोगी फग्गन सिंह कुलस्ते एससी-एसटी कल्याण से संबंधित संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे।

भाजपा सांसद बैजयंत पांडा सार्वजनिक उपक्रम संबंधी संसदीय समिति की अध्यक्षता करेंगे। लोक लेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रम संबंधी समिति (सीओपीयू) और प्राक्कलन समिति संसद की प्रमुख वित्तीय समितियां हैं, जिनका काम सरकार के खातों और सार्वजनिक उपक्रमों के कामकाज पर नजर रखना है।

तीनों समितियों का कार्यकाल एक वर्ष का होता है और इनमें लोकसभा और राज्यसभा, दोनों के सदस्य शामिल होते हैं, जिनका चयन दोनों सदनों द्वारा किया जाता है। इनके अलावा विभाग-संबंधी अन्य स्थाई समितियां भी हैं जो विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों पर नजर रखती हैं। संसदीय परिपाटी के अनुसार, पीएसी की अध्यक्षता मुख्य विपक्षी दल के किसी नेता को सौंपी जाती है। पिछली लोकसभा में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी पीएसी के अध्यक्ष थे।

पीएसी में लोकसभा के जिन 15 सदस्यों को जगह दी गई है, उनमें द्रमुक के टीआर बालू, भाजपा के रविशंकर प्रसाद, निशिकांत दुबे व जगदंबिका पाल, तृणमूल कांग्रेस के सौगत राय, समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव तथा कई अन्य सांसद शामिल हैं।

इस समिति में लोकसभा से 15 और राज्य सभा से 7 सांसद यानि कुल मिलाकर अध्यक्ष सहित 22 सांसद शामिल हैं। केसी वेणुगोपाल के अलावा लोकसभा से टीआर बालू,निशिकान्त दुबे, जगदंबिका पाल, जय प्रकाश, रवि शंकर प्रसाद, सीएम रमेश, मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी, प्रो. सौगत राय, अपराजिता सारंगी, डा. अमर सिंह, तेजस्वी सूर्या, अनुराग सिंह ठाकुर, बालाशौरी वल्लभनेनी और धर्मेन्द्र यादव समिति के सदस्य हैं। वहीं राज्य सभा से अशोक चव्हाण, शक्तिसिंह गोहिल, डा. के. लक्ष्मण, प्रफुल्ल पटेल, सुखेंदु शेखर राय, तिरुचि के शिवा सांसद शामिल हैं।

### कोलकाता में बलात्कार व हत्या का मामला

# ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया प्रदर्शन

ढाका, 17 अगस्त (भाषा)।

बांग्लादेश के ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने पड़ोसी देश भारत में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज में एक महिला प्रशिक्षु डाक्टर के बलात्कार और हत्या के विरोध में जारी प्रदर्शनों में शामिल होकर एकजुटता दिखाई। समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार शुक्रवार को 'आवाज तोलो नारी' (आवाज उठाओ महिलाओं) के बैनर तले आयोजित यह प्रदर्शन ढाका विश्वविद्यालय में 'राजू स्कल्प्चर' (ढाका विश्वविद्यालय में एक छात्र की स्मृति में बनाया गया स्मारक) के निकट किया गया।

प्रदर्शनकारियों ने तख्तियां भी ले रखी थीं जिन पर लिखा था 'बलात्कारियों को फांसी दो', 'क्या मैं अगली हूं?', 'हिंसा बंद करो'। 'ढाका ट्रिब्यून' ने भौतिकी विभाग की छात्रा रहनुमा अहमद निरेट के हवाले से अपनी खबर में कहा, 'हम बंगाल में बलात्कार के मामले में मेडिकल कालेज प्रशासन के असहयोगपूर्ण रवैये से अवगत हैं। महिला होने के नाते, हम मांग करते हैं कि प्रशासन अधिक से अधिक कानूनी सहायता प्रदान करे, कानून को सख्ती से लागू करे और फैसला जल्द सुनाए।' मानव विज्ञान विभाग की छात्रा आन्या फहमीन ने कहा, 'दुनियाभर में महिलाओं को बलात्कार जैसे घिनौने अपराध का सामना करना पड़ता है।'

# भाजपा की विचारधारा को हर कोने तक पहुंचाने का आह्वान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का एक सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू होने वाला है। पार्टी का लक्ष्य है कि इस अभियान के जरिए वह दस करोड़ से अधिक सदस्य बनाए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पार्टी नेताओं से भाजपा की विचारधारा को देश के सभी कोनों तक ले जाने का आह्वान किया और भविष्य में पार्टी की मजबूत चुनावी संभावनाओं का विश्वास व्यक्त किया।

भाजपा की एक बैठक को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि लोगों ने बार-बार राज्यों और केंद्र में भाजपा सरकारों में अपना विश्वास व्यक्त किया है, जबकि कांग्रेस को खारिज किया है। पार्टी भविष्य में भी चुनाव जीतती रहेगी। शाह ने पार्टी नेताओं से आह्वान किया कि भाजपा की विचारधारा को देश के हर हिस्से तक ले जाया जाए।

पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सदस्यता अभियान की सह संयोजक रेखा वर्मा और राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने दिल्ली में हुई बैठक को लेकर जानकारी दी। पात्रा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में शनिवार को सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि अगले एक सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होने वाला है। इसका मुख्य उद्देश्य 10 करोड़ से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाना है। कोरोना महामारी के कारण इस अभियान को रोका गया था। सदस्यता अभियान चार आयामों पर आगे बढ़ेगा।

### जयशंकर ने तीसरे 'वायस आफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में कहा

# बहुपक्षीय संस्थाएं समाधान तलाशने में विफल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।



भारत ने शनिवार को एक बार फिर प्रमुख बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की जोरदार वकालत करते हुए कहा कि यह एक निर्विवाद तथ्य है कि जब वैश्विक व्यवस्था को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा, तो संबंधित संस्थाएं समाधान नहीं दे पाईं।

जयशंकर ने तीसरे 'वायस आफ ग्लोबल साउथ' सम्मेलन में अपने संबोधन में विकासशील देशों को कम लागत वाले वित्तपोषण और महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकियां प्रदान करने का भी आ''ान किया। भारत ने डिजिटल रूप से इस सम्मेलन की मेजबानी की। उन्होंने कहा कि यह एक निर्विवाद तथ्य है कि वैश्विक व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौतियां होने के बावजूद बहुपक्षीय संस्थाओं से समाधान नहीं निकल पाया। शिखर सम्मेलन के विदेश मंत्रियों के सत्र में उन्होंने कहा कि इसका कारण बहुपक्षीय संगठनों का ध्रुवीकरण है।

उन्होंने कहा कि यहां भी भारत ने सुधारवादी बहुपक्षवाद की वकालत की है और जी-20 के माध्यम से बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार की मांग की है। एक समूह के रूप में, हमें अपने मुद्दे को मजबूती से आगे बढ़ाने की जरूरत है। भारत संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष समेत बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार के लिए लगातार दबाव बनाता रहा है और तर्क देता रहा है कि इनमें वर्तमान विश्व की वास्तविकताएं प्रतिबिंबित होनी चाहिए। विदेश मंत्री ने आर्थिक लचीलेपन को मजबूत करने, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा परिवर्तन, बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने और डिजिटल बदलावों को लोकतांत्रिक बनाने के चार विशिष्ट क्षेत्रों में अपने विचार रखे।

आर्थिक लचीलेपन के बारे में उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी, संघर्षों और जलवायु संबंधी घटनाओं ने विश्वसनीय और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं की आवश्यकता को रेखांकित किया है।



**उत्साह** जकार्ता में एंकोल तट पर इंडोनेशिया के स्वतंत्रता समारोह में ग्रीस लगे खंभे पर चढ़ा प्रतिभागी।


### भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 2000 सदस्य जुटे | गौरव | बिल गेट्स ने आयोजन में शामिल होने को सम्मान बताया

# सिएटल में पहले भारत दिवस समारोह की शुरुआत हुई

सिएटल/न्यूयार्क, 17 अगस्त (भाषा)।

*बिल गेट्स बने मुख्य अतिथि*

**'गेट्स फाउंडेशन' के अध्यक्ष गेट्स ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सिएटल स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में प्रथम भारत दिवस समारोह का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशकर को 'टैग' करते हुए पोस्ट में लिखा।**



*इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा की*

**गेट्स ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की तस्वीरें भी साझा कीं। भारतीय राष्ट्रध्वज के रंगों का स्कार्फ पहने गेट्स के साथ सिएटल में भारत के महावाणिज्य दूत प्रकाश गुप्ता और अन्य अधिकारी समारोह में शामिल हुए। वाणिज्य दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर प्रथम भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाई।**

प्रौद्योगिकी कंपनी 'माइक्रोसाफ्ट' के सह-संस्थापक और अरबपति परोपकारी बिल गेट्स ने सिएटल क्षेत्र में पहले भारत दिवस समारोह को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सुरक्षित टीकों के निर्माण से लेकर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे तक हर क्षेत्र में भारत की कुशलता न केवल भारतीयों, बल्कि पूरे विश्व की मदद कर रही है।


सिएटल वाणिज्य दूतावास द्वारा शुक्रवार को जारी एक प्रेस बयान में कहा गया कि गेट्स ने समारोह में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के 2,000 से अधिक सदस्यों को संबोधित करते हुए भारत को 'प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व नवोन्मेष करने वाला एक वैश्विक नेता' बताया। गेट्स ने इस बात पर जोर दिया कि 'कम लागत का सुरक्षित टीका बनाने और प्रवासी भारतीयों द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय नेतृत्व से लेकर भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी (डीपीआइ) ढांचे तक-भारत की कुशलता न केवल भारतीयों, बल्कि पूरी दुनिया की मदद कर रही है। 'ग्लोबल साउथ' के देश अपनी डीपीआइ प्रणाली बनाने के लिए भारत के अनुभव का लाभ उठा रहे हैं।'

'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से अल्प विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द आम तौर पर लातिन अमेरिका, एशिया, अफ्रीका और ओशेनिया के क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसका मतलब यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाहर दक्षिणी गोलार्द्ध और भूमध्यरेखीय क्षेत्र में स्थित खासकर ऐसे देशों से है, जो कम आय वाले हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में गेट्स ने कहा कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और भारतीय प्रवासियों के साथ मिलकर सिएटल वाणिज्य दूतावास में पहले भारत दिवस समारोह में भाग लेना 'सम्मान' की बात है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशकर को 'टैग' करते हुए पोस्ट में लिखा, 'भारत प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में ऐसे अभूतपूर्व नवोन्मेष करने वाला वैश्विक नेता हैं, जो जीवन की रक्षा कर रहे हैं और उसे सुधार रहे हैं। भारत सरकार, परोपकारी लोगों, निजी क्षेत्र, गैर-लाभकारी संस्थाओं और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ सहयोग करना सम्मान की बात है। सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं।'

वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में बताया कि ग्रेटर सिएटल क्षेत्र में पहली बार स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया, जिसमें भारत के सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों की झांकियों और सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से 'विविधता में एकता' दर्शाई गई।

## खबर कोना



*तेहरान* में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान संसद के खुले सत्र में बोलते हुए।

### कांगो में विद्रोहियों के हमले में 16 ग्रामीणों की मौत, 20 का अपहरण

किन्शासा, 17 अगस्त (एपी)।

उत्तर-पूर्वी कांगो में इस्लामिक स्टेट समूह से संबद्ध आतंकवादियों के हमलों में कम से कम 16 ग्रामीणों की मौत हो गई और 20 अन्य का अपहरण कर लिया गया। एक स्थानीय नागरिक समाज समूह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'न्यू सिविल सोसायटी आफ कांगो' के समन्वयक जान वुल्वेरियो ने बताया कि 'एलीड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' के हमलावरों ने इटुरी प्रांत के मम्बासा क्षेत्र में बुधवार और शुक्रवार के बीच स्थानीय लोगों पर उस समय हमले किए, जब वे अपने खेतों में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया, 'मृतकों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, क्योंकि जो 20 अन्य लोग अपहृत किए गए हैं, उनकी कोई जानकारी नहीं है।' स्थानीय मीडिया ने बताया कि अपहृत किए गए लोगों में एक स्थानीय सरकारी अधिकारी गिल्बर्ट शिवमवेंदा की मां और बहन भी शामिल हैं। कांगो के कई गांवों को सत्ता और मूल्यवान खनिज संसाधनों के लिए लड़ने वाले स्थानीय विद्रोहियों या चरमपंथी विचारधारा वाले आतंकवादी समूहों ने घेर लिया है।

### हालीवुड के जाने माने संगीतकार ग्रेग किहन का निधन

सैन फ्रांसिस्को, 17 अगस्त (एपी)।

अस्सी के दशक के लोकप्रिय गीतों 'जेओपार्डी' और 'द ब्रेकअप सान्ग' के लिए मशहूर 'राक एंड रोल' संगीतकार ग्रेग किहन का निधन हो गया है। वह 75 वर्ष के थे। किहन की वेबसाइट पर जारी एक बयान में उनकी प्रबंधन टीम ने बताया कि संगीतकार का अल्जाइमर बीमारी से मंगलवार को निधन हो गया। बाल्टीमोर में 10 जुलाई 1949 को जन्मे किहन 1970 के दशक में सैन फ्रांसिस्को चले गए थे जिसके बाद उन्होंने 'बेसर्क्ली रिकार्ड्स' के साथ अनुबंध किया। ग्रेग किहन बैंड को पहली सफलता 1981 में 'द ब्रेकअप सान्ग' से मिली। उन्होंने कई उपन्यास एवं लघु कथाएं भी लिखीं।

### दक्षिणी लेबनान में हमले में महिला और दो बच्चों सहित 10 लोगों की मौत

बेरूत, 17 अगस्त (एपी)।

दक्षिणी लेबनान में शनिवार तड़के इजराइल द्वारा किए गए एक हमले में कम से कम 10 सीरियाई नागरिकों की मौत हो गई। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। हमास के दक्षिणी इजराइल पर हमले के एक दिन बाद आठ अक्तूबर को हिजबुल्ला उग्रवादी समूह और इजराइली सेना के बीच एक-दूसरे पर हमले किए जाने के बाद से नाबातीह प्रांत के वादी अल-कफूर पर यह हमला लेबनान पर किए गए सबसे घातक हमलों में से एक माना जा रहा है। हिजबुल्ला का कहना है कि जब तक गाजा पट्टी में युद्ध विराम नहीं हो जाता तब तक वह अपने हमले बंद नहीं करेगा।

### अभिनेता पंकज त्रिपाठी 'इंडिया डे परेड' में गणमान्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित

न्यूयार्क, 17 अगस्त (भाषा)।

अभिनेता पंकज त्रिपाठी को भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के न्यूयार्क शहर में आयोजित होने वाली 'इंडिया डे परेड' के लिए गणमान्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। त्रिपाठी फिलहाल न्यूयार्क में हैं, जहां मैनहेटन में मेडिसन एवेन्यू में भारतीय समुदाय का प्रमुख संगठन फेडरेशन आफ इंडियन एसोसिएशन एनवाई-एनजे-सीटी-एनई (एफआइए) रविवार को 42वीं 'इंडिया डे परेड' आयोजित करेगा। त्रिपाठी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व का क्षण है कि परेड में 'वसुधैव कुटुंबकम' के संदेश के साथ-साथ भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया जाएगा। अभिनेता ने कहा, 'हम अमेरिका में लोगों को वसुधैव कुटुंबकम का अपना संदेश देंगे।'

www.readwhere.com

## तीन वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की गई जान

**नीमच, 17 अगस्त (भाषा)।** मध्य प्रदेश के नीमच जिले में शनिवार सुबह तीन वाहनों की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम पांच लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंकित जायसवाल के अनुसार, हादसे में एक पुलिस वाहन, एक पिकअप वैन और एक ट्रक शामिल थे।

**शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 501, सेल्कन औरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली-110025
CIN : U 65900D L2020P LC 366027

**नीलामी सूचना**

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित कर्जदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी किए गए व्यक्तिगत नोटिसों सहित विभिन्न मांगों और नोटिसों के बावजूद उनके द्वारा बैंक से लिए गए गोल्ड लोन को समायोजित नहीं किया गया है। सभी कर्जदारों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि बैंक के पास प्रतिभूति के रूप में रखे सोने के आभूषणों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार 28.08.2024 को 03:00 बजे अप. उस शाखा परिसर में नीलामी की तिथि निर्धारित की गई है जहाँ से ऋण लिया गया था। नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार इस नीलामी में कर्जदारों, खाताधारकों और बड़े पैमाने पर जनता सहित सभी भाग ले सकते हैं।

| शाखा | खाता सं. | खाता धारक का नाम | पिता/पति-पत्नी का नाम | पता | खाता खुलने की तिथि | पेऑफ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| गाजियाबाद | 101542514476 | वेद प्रकाश वत्स | पुत्र राम प्रकाश सिंह | बी-121, शूकर बाजार रोड विकास नगर एक्सटेंशन, पश्चिमी दिल्ली, उत्तम नगर दिल्ली 110059 | 06/04/2024 | 357102.36 |
| गाजियाबाद | 101542514472 | वेद प्रकाश वत्स | पुत्र राम प्रकाश सिंह | बी-121, शूकर बाजार रोड विकास नगर एक्सटेंशन, पश्चिमी दिल्ली, उत्तम नगर दिल्ली 110059 | 06/04/2024 | 203017.38 |
| गाजियाबाद | 101542513436 | हिमांशु त्यागी | पुत्र दुष्यन्त कुमार त्यागी | मकान नं. 132 राधाकुंज II, नंद ग्राम, भारतीय गैस एजेंसी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201003 | 20/01/2024 | 20426.65 |
| गाजियाबाद | 101542514692 | हिमांशु त्यागी | पुत्र दुष्यन्त कुमार त्यागी | मकान नं. 132 राधाकुंज II, नंद ग्राम, भारतीय गैस एजेंसी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201003 | 21/04/2024 | 51499.86 |
| गाजियाबाद | 101542514468 | हिमांशु त्यागी | पुत्र दुष्यन्त कुमार त्यागी | मकान नं. 132 राधाकुंज क्क, नंद ग्राम, भारतीय गैस एजेंसी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201003 | 06/04/2024 | 36369.58 |
| इन्दिरापुरम | 101942517199 | अमन भाटी | पुत्र रवीन्द्र भाटी | राजपुर कलां, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 203202 | 08/04/2024 | 50665.31 |
| गाजियाबाद | 101542513910 | बिजेन्द्र | पुत्र हरि लाल | मकान नं. ए 67 एस 2, डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन 2, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201005 | 02/03/2024 | 79492.35 |
| गाजियाबाद | 101542513905 | बिजेन्द्र | पुत्र हरि लाल | मकान नं. ए 67 एस 2, डीएलएफ दिलशाद एक्सटेंशन 2, साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश 201005 | 02/03/2024 | 187462.40 |
| गाजियाबाद | 101542514413 | आकाश | पुत्र महावीर सिंह | 1180, कापसहेड़ा, वीर बाजार वाली गली, कापसहेड़ा गांव, राधा कृष्णन के पीछे, दिल्ली दिल्ली 110037 | 04/04/2024 | 101903.42 |
| गाजियाबाद | 101542514478 | कुणाल के शर्मा | पुत्र घनश्याम शर्मा | प्लॉट नं. 1708 सेक्टर-52 गुड़गांव हरियाणा 122001 | 08/04/2024 | 56551.74 |
| गाजियाबाद | 101542513237 | सुथ्यास | पुत्र सुसेन्द्रन नायर बी | 301 100 फीट रोड लोहिया पी, घिटोरनी दिल्ली साउथ वेस्ट, दिल्ली 110030 | 02/01/2024 | 18314.62 |
| गाजियाबाद | 101542513393 | सुनील के सिन्हा | पुत्र अम्बिका प्रसाद | मदन पुर डबास, हाउस नंबर-74 भाग्य विहार खसरा नं.-42/07 उत्तर पश्चिम दिल्ली 110081 | 17/01/2024 | 211007.11 |
| गाजियाबाद | 101542513457 | बबलू | पुत्र आलम | ए-10 टॉप फ्लोर, कृष्णा नगर, वेस्ट लक्ष्मी मार्केट ईस्ट दिल्ली दिल्ली 1110051 | 22/01/2024 | 208132.00 |
| गाजियाबाद | 101542513461 | बबलू | पुत्र आलम | ए-10 टॉप फ्लोर, कृष्णा नगर, वेस्ट लक्ष्मी मार्केट ईस्ट दिल्ली दिल्ली 1110051 | 22/01/2024 | 111873.33 |
| गाजियाबाद | 101542513795 | पीयूष भडाना | पुत्र धर्मवीर भड़ाना | 727 1 पचोला, मोहल्ला अनंगपुर अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा 121003 | 20/02/2024 | 153196.23 |
| गाजियाबाद | 101542513713 | राज के यादव | पुत्र सूर्य नारायण यादव | 52 शिव मंदिर के पास शिव कॉलोनी पल्ला नंबर 1 अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा 121003 | 12/02/2024 | 400301.43 |
| गाजियाबाद | 101542513703 | राज के यादव | पुत्र सूर्य नारायण यादव | 52 शिव मंदिर के पास शिव कॉलोनी पल्ला नंबर 1 अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा 121003 | 12/02/2024 | 216602.99 |
| गाजियाबाद | 101542513580 | राज के यादव | पुत्र सूर्य नारायण यादव | 52 शिव मंदिर के पास शिव कॉलोनी पल्ला नंबर 1 अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा 121003 | 01/02/2024 | 46286.10 |
| गाजियाबाद | 101542513817 | तपन के जेना | पुत्र गिरिधारी जेना | प्लॉट 267/108, ब्लॉक-बी, रोड नंबर-3, गली नंबर-7, सरस्वती एन्क्लेव नोएडा सेक्टर-143 उत्तर प्रदेश 201306 | 22/02/2024 | 77068.85 |
| गाजियाबाद | 101542513717 | मनीष सारस्वत | पुत्र संजीव | डी-602 संस्कृति अपार्टमेंट, नोएडा, सेक्टर-1 ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश 201301 | 13/02/2024 | 100172.77 |
| गाजियाबाद | 101542513835 | दिलीप के राय | पुत्र रुक्मंगद राय | 349 3 प्रेम नगर सेक्टर 1, गुड़गांव हरियाणा 122001 | 23/02/2024 | 12441.25 |
| गाजियाबाद | 101542513970 | ज्ञान सिंह | पुत्र लक्ष्मण सिंह | मकान नंबर। 312/22, गली नं. 6\ई गांधी नगर गुड़गांव हरियाणा 122001 | 06/03/2024 | 250417.13 |
| गाजियाबाद | 101542513967 | कविता सविता | पुत्र विनोद कुमार | एफ-510 डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश 201308 | 06/03/2024 | 65921.70 |
| गाजियाबाद | 101542514117 | साहिल राज | पुत्र पारस | मकान नंबर। 10/4 एस/एफ, उत्तम नगर, ओम विहार फेज-1 पश्चिमी दिल्ली दिल्ली 110059 | 16/03/2024 | 150870.00 |
| गाजियाबाद | 101542514389 | साहिल राज | पुत्र पारस | मकान नंबर। 10/4 एस/एफ, उत्तम नगर, ओम विहार फेज-1 पश्चिमी दिल्ली दिल्ली 110059 | 02/04/2024 | 32001.34 |
| गाजियाबाद | 101542514176 | अंकुश वर्मा | पुत्र संजय वर्मा | बी 115 खसरा 1813 2 जी नंबर 8. प्रधान वाली गली डगरपुर मोहल्ला जोहरिपुर, करावल नगर उत्तर पूर्वी दिल्ली दिल्ली 110094 | 19/03/2024 | 217104.51 |
| गाजियाबाद | 101542514191 | सरला देवी | पुत्र सुनकुराम | मकान नंबर बी 53/13, ब्लॉक बी सूरज पार्क कॉलोनी बादली, उत्तर पश्चिम दिल्ली दिल्ली 110042 | 20/03/2024 | 88491.46 |
| गाजियाबाद | 101542514201 | शीषपाल एस. मेहरा | पुत्र किताब सिंह मेहरा | ए-3/205, कृष्णा अपरा गार्डन यानी साहिबाबाद, वैभव खंड इंदिरापुरम गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201010 | 21/03/2024 | 44558.56 |
| गाजियाबाद | 101542514262 | योगेश के सिंह | पुत्र अनिल | मकान नंबर-सी-88.अवाना कॉम्प्लेक्स, गली नंबर-3 बदरपुर, एक्सटेंशन साउथ दिल्ली दिल्ली 110044 | 27/03/2024 | 41187.99 |
| गाजियाबाद | 101542514200 | योगेश के सिंह | पुत्र अनिल | मकान नंबर-सी-88.अवाना कॉम्प्लेक्स, गली नंबर-3 बदरपुर, एक्सटेंशन साउथ दिल्ली दिल्ली 110044 | 21/03/2024 | 21380.48 |
| गाजियाबाद | 101542514247 | मोहम्मद सिद्दीकी | पुत्र ऐनुल सिद्दीकी | ए-14 ग्राउंड फ्लोर मदनपुर खादर, भाग-3अबू बकर सिद्दीकी पब्लिक स्कूल सरिता विहार दक्षिण दिल्ली दिल्ली 110076 | 24/03/2024 | 109984.55 |
| गाजियाबाद | 101542514302 | विकास यादव | पुत्र सुरेश कुमार | 24, फाजिलपुर, गुड़गांव हरियाणा 122101 | 28/03/2024 | 24752.65 |
| गाजियाबाद | 101542514329 | शाहरुख खान | पुत्र नुरे खान | ई-2/1262, मुख्य 25 फुटा रोड करावल नगर, नेहरू विहार उत्तर पूर्वी दिल्ली दिल्ली 110094 | 30/03/2024 | 184637.95 |
| गाजियाबाद | 101542514332 | रखशिंदा परवीन | पुत्र अंजार आलम | प्लॉट नंबर-21, 4वीं मंजिल, लोकप्रिय विहार मोहम्मदी मस्जिद खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201309 | 30/03/2024 | 161963.11 |
| गाजियाबाद | 101542514341 | रेनू सिंह | वाया विकास जसमेरा | मकान नं. 65 पुल पहलादपुर, डीडीए फ्लैट्स सेठी डेंटल, दक्षिण दिल्ली दिल्ली 110044 | 30/03/2024 | 100417.13 |
| गाजियाबाद | 101542514358 | योगेश कुमार | पुत्र देवेन्द्र सिंह | 9/56.खिचड़ीपुर के पास शिव मंदिर चिल्ला सरोदा खादर पूर्वी दिल्ली दिल्ली 110091 | 31/03/2024 | 205044.26 |
| गाजियाबाद | 101542514372 | नरेन्दर | पुत्र शिव कुमार शुक्ला | आर-5.रघुबीर नगर, जे जे कॉलोनी पश्चिमी दिल्ली दिल्ली 110027 | 02/04/2024 | 36639.52 |
| गाजियाबाद | 101542514434 | मीना कोइरी | पुत्र श्रीकिशुन कोइरी | मकान नंबर 15.दरबारीपुरी रोड राव महरम स्कूल के पास बीए, शाहपुर गुड़गांव हरियाणा 122101 | 04/04/2024 | 340648.23 |
| गाजियाबाद | 101542514452 | नवीन कुमार | पुत्र पन्ना लाल | 212, गली लोहारन चावड़ी बाजार दिल्ली जी.पी.ओ..अजमेर गेट उत्तरी दिल्ली दिल्ली 110006 | 05/04/2024 | 164869.84 |
| गाजियाबाद | 101542514447 | नवीन कुमार | पुत्र पन्ना लाल | 212, गली लोहारन चावड़ी बाजार दिल्ली जी.पी.ओ..अजमेर गेट उत्तरी दिल्ली दिल्ली 110006 | 05/04/2024 | 185761.97 |
| गाजियाबाद | 101542514453 | दीपक | पुत्र सुरेश चंद | खरखरी, बासलंबी(130), खरखरी गुड़गांव हरियाणा 122503 | 05/04/2024 | 64192.00 |
| गाजियाबाद | 101542514475 | मनोर कुमारी | पुत्र गणेश प्रसाद | बी-121, शुकर बाजार रोड उत्तम नगर ,विकास नगर एक्सटेंशन, पश्चिमी दिल्ली दिल्ली 110059 | 06/04/2024 | 198957.03 |
| गाजियाबाद | 101542514532 | प्रियंका | वाया विक्रम सिंह | 24,फाजिलपुर,गुड़गांव हरियाणा 122101 | 11/04/2024 | 56667.68 |
| गाजियाबाद | 101542514546 | साधना सिन्हा | वायाअनुराग सिन्हा | 1201 बी3 बी टावर,क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद उत्तर प्रदेश 201016 | 12/04/2024 | 209097.54 |
| गाजियाबाद | 101542514603 | अनिल पत्याल | पुत्र कुलदीप सिंह | मकान नं.-सी-46 ए,उत्तम नगर,सेवक पार्क पश्चिमी दिल्ली दिल्ली 110059 | 16/04/2024 | 145154.02 |
| इन्दिरापुरम | 101942517613 | सोनू नागर | पुत्र राज कुमार नागर | हाउस नंबर-924, खेरी कलां(113) ,सेक्टर 15/ए फरीदाबाद हरियाणा 121002 | 22/05/2024 | 2076715.18 |
| इन्दिरापुरम | 101942517582 | लव मिश्रा | पुत्र राजेश मोहन मिश्रा | मकान नं. 50ए, पहली मंजिल, फ्लैट नंबर 102, सुमिता अपार्टमेंट, मैदान गढ़ी एक्सटेंशन, दिल्ली 1110068 | 20/05/2024 | 30391.04 |
| इन्दिरापुरम | 101942517624 | कपिल खेड़ा | पुत्र आनंद स्वरूप खेरा | मकान नंबर 262/ 7, प्रताप नगर गुड़गांव, हरियाणा 122001 | 23/05/2024 | 62543.70 |
| इन्दिरापुरम | 101942517643 | संजू देवी | पुत्र अजय | बी-2/17, मुबारक पुर डबास, शर्मा एन्क्लेव दिल्ली 110081 | 24/05/2024 | 174186.91 |
| इन्दिरापुरम | 101942517638 | अंकित उपाध्याय | पुत्र अनिल उपाध्याय | 173 2, शिकोहाबाद, शंभू नगर फि रोजाबाद उत्तर प्रदेश 205135 | 24/05/2024 | 97012.50 |
| इन्दिरापुरम | 101942517171 | राहुल यादव | पुत्र रति राम | सावला, सेक्टर 52, वजीराबाद (75), गुड़गांव हरियाणा 122003 | 28/03/2024 | 935520.37 |
| गाजियाबाद | 101542513339 | अजय पाल | पुत्र दयाराम | नांगल कालिया (225), महेंद्रगढ़ हरियाणा 123023 | 10/01/2024 | 30047.74 |

**नीलामी की तिथि 28.08.2024 को 3:00 बजे अप. है**

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्माल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# जालसाजी में मामला दर्ज करने से पूर्व सरकार से कानूनी राय लेने के निर्देश पर रोक

## शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर जारी किया नोटिस

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह उन मामलों में धोखाधड़ी, जालसाजी या आपराधिक विश्वासघात के लिए प्राथमिकी दर्ज करने से पहले सरकार की कानूनी राय ले, जहां ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक दीवानी विवाद है। न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका पर नोटिस भी जारी किया है। शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को ये आदेश जारी किए हैं। पीठ ने कहा कि आपराधिक याचिका पर पारित 18 अप्रैल, 2024 के आदेश के पैराग्राफ 15 से 17 का संचालन और कार्यान्वयन अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, क्योंकि आदेश का पालन न करने पर अवमानना कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी। उच्च न्यायालय ने भूमि के मालिकाना हक से संबंधित एक दीवानी विवाद की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया था, जिसमें मजिस्ट्रेट ने पुलिस को धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक विश्वासघात के लिए प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि दीवानी विवादों को तेजी से आपराधिक मामलों का रंग दिया जा रहा है।

**पीठ** ने कहा कि आपराधिक याचिका पर पारित 18 अप्रैल, 2024 के आदेश के पैराग्राफ 15 से 17 का संचालन और कार्यान्वयन अगली सुनवाई तक स्थगित रहेगा।

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी है, क्योंकि आदेश का पालन न करने पर अवमानना कार्रवाई की चेतावनी दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने पुलिस महानिदेशक को राज्य के सभी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक निर्देश जारी करने का निर्देश दिया था, जो अपने-अपने थानों के सभी प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देंगे कि जहां कोई दीवानी या वाणिज्यिक विवाद स्पष्ट हो, वहां प्राथमिकी दर्ज करने से पहले संज्ञान-पूर्व चरण में जिला व उप सरकारी वकील की राय ली जानी चाहिए।

**नगर निगम जोधपुर-दक्षिण**

क्रमांक :- एफ.10/विकास/ दक्षिण/2024-25/7954 — दिनांक :- 16/08/2024

**ई निविदा सूचना**

नगर निगम दक्षिण जोधपुर की ओर से विकास कार्यो हेतु ऑनलाईन ई – निविदा आमंत्रित की जाती है. कार्यो की विस्तृत जानकारी एवं शर्तो इत्यादि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, sppp.raj.gov.in पर व जोधपुर नगर निगम दक्षिण की वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/mcjs पर देखी जा सकती है।

UBN No. : DLB2425WSOB05672

राज.संवाद/सी/24/3936 — महापौर — आयुक्त

**फॉर्म नं. 5**
**ऋण वसूली न्यायाधिकरण लखनऊ**
600/1, यूनिवर्सिटी रोड, हनुमान सेतु मंदिर के पास, लखनऊ-226007
(क्षेत्राधिकार-उत्तर प्रदेश का भाग)
प्रकाशन द्वारा उत्तर दाखिल करने और उपस्थिति के लिए समन

ओ.ए. नं. 1026/2023 — दिनांकः 25.04.2024

(ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया नियम 1993) के नियम 12 और 13 के साथ पठित बैंकों और वित्तीय संस्थानों को बकाया ऋण वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19(3) के तहत प्रतिवादी को समन)

**केनरा बैंक.....** — आवेदक बैंक

बनाम

**मेसर्स लक्ष्मी ट्रैवल्स एंड अन्य ....** — प्रतिवादी/विपक्षी,

सेवा में ,

1. **मेसर्स लक्ष्मी ट्रैवल्स** अपने मालिक श्री बबलू (लगभग वयस्क) के माध्यम से, श्री सावल राम के पुत्र, निवासीः- ए-238, सेक्टर 31, नोएडा उत्तर प्रदेश-201301
   **दूसरा पताः-** 123 बी, ब्लॉक, एलआईजी फ्लैट्स, सेक्टर 99, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश।
2. **श्री बबलू** (लगभग वयस्क), श्री सावल राम के पुत्र, मेसर्स लक्ष्मी ट्रैवल्स के मालिक, पताः- ए-238, सेक्टर 31, नोएडा उत्तर प्रदेश-201301
   **दूसरा पताः-** 123 बी, ब्लॉक, एलआईजी फ्लैट्स, सेक्टर 99, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश।

उपरोक्त उल्लिखित आवेदन में, आपको इस ट्रिब्यूनल में व्यक्तिगत रूप से या अपने विधिवत अधिकृत एजेंट या कानूनी पेशेवर के माध्यम से दस्तावेजों और हलफनामों (यदि कोई हो) के साथ दो सेटों में पेपर बुक फॉर्म में जवाब दाखिल करने की आवश्यकता है, सम्मन के प्रकाशन के बाद आवेदक या उसके वकील/विधिवत अधिकृत एजेंट को इसकी प्रति प्रस्तुत करने के बाद और उसके बाद आपको 05.11.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे ट्रिब्यूनल के समक्ष उपस्थित होना होगा। ऐसा न करने पर आवेदन पर सुनवाई की जाएगी और आपकी अनुपस्थिति में निर्णय लिया जाएगा।

रजिस्ट्रार
ऋण वसूली न्यायाधिकरण, लखनऊ

## अटल सेतु से समुद्र में गिरते-गिरते बची महिला

ठाणे, 17 अगस्त (भाषा)।

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक टैक्सी चालक और चार यातायात पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी ने 56 वर्षीय महिला की जान बचा ली, जो अटल सेतु से अरब सागर में गिरने वाली थी। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई से जोड़ने वाले पुल पर नाटकीय ढंग से महिला को बचाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी प्रसारित हो रहा है। शुक्रवार को रात करीब सात बजे मुलुंड निवासी रीमा मुकेश पटेल एक टैक्सी से अटल सेतु पहुंची और न्हावा शेवा की ओर गाड़ी रुकवाई। वह पुल के किनारे की रेलिंग पर बैठ गई।

सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में टैक्सी चालक को महिला के बगल में खड़े हुए देखा जा सकता है। तभी पुलिस का गश्ती वाहन वहां रुकता है। पुलिस देखकर महिला हड़बड़ा जाती है और अचानक समुद्र में गिरने लगती है। टैक्सी चालक चंद सेकंड के भीतर नीचे गिर रही महिला के बाल पकड़ लेता है। तभी चार पुलिसकर्मी दौड़कर आते हैं और रेलिंग पर चढ़ जाते हैं। अधिकारी ने बताया, एक पुलिसकर्मी नीचे झुक जाता है और महिला को किसी तरह पकड़ लेता है।

## अभिषेक सिंघवी कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नियुक्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

कांग्रेस ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को अपने विधि, मानवाधिकार और आरटीआइ प्रकोष्ठ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से शनिवार को यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस प्रकोष्ठ के पुनर्गठन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

अभिषेक सिंघवी को कुछ दिन पहले ही तेलंगाना से राज्यसभा की एक सीट के उपचुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार घोषित किया गया था। राज्यसभा में संख्या बल के हिसाब से सिंघवी के राज्यसभा पहुंचने की प्रबल संभावना है। कांग्रेस के इस प्रकोष्ठ की अध्यक्षता पहले विवेक तन्खा कर रहे थे, जिन्हें बतौर वरिष्ठ अधिवक्ता इस प्रकोष्ठ के पैनल में जगह दी गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व अधिवक्ता सलमान खुर्शीद और केटीएस तुलसी को भी पार्टी के विधि प्रकोष्ठ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के पैनल में शामिल किया गया है।

**AXIS BANK LTD. | नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

ग्राउंड फ्लोर, वार्ड नं0 7, म्यूनिसिपालिटी नं0 21 से 23, मेरठ रोड, अम्बेडकर चौक, हापुड़, उत्तर प्रदेश, 245101, मोबाइल नं0 9675001111

**नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माल/सामान जिसमें 2734.7 कुँटल गेहूँ है, ''जहाँ है, जैसा है'' के आधार पर नीलाम किया जायेंगा। यह माल/सामान बैंक में गिरवी रखा हुआ है एवं यू.पी. फार्म फ्रेश सीड्स इंडस्ट्रीज गोडाउन नं0 2 स्थित रामपुर, नियमतपुर, तहसील गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़ उत्तर प्रदेश, 245101, में स्टोर किया हुआ है।

इच्छुक खरीददार माल/सामान का नमूना प्राप्त करने के लिए बैंक से सम्पर्क कर सकते हैं। बैंक को सीलबंद लिफाफे में निविदा प्रेषित करने की अन्तिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 5 वें दिन होगी।

**(नीलामी प्रक्रिया के नियम एवं शर्तें)**

1. यदि नीलाम किये जाने वाले माल/सामान की अधिकतम कीमत, वास्तविक बाजार मूल्य के बराबर नहीं है, तो बैंक को नीमामी प्रक्रिया को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार है। 2. नीलामी विज्ञापन के प्रकाशन के बाद किसी भी समय नीलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का बैंक का अधिकार सुरक्षित है। 3. नीलामी प्रक्रिया में किसी आवेदक की बिड स्वीकार किये जाने पर माल की कीमत का 5% धनराशि तत्काल धरोहर राशि के रूप में बैंक में जमा करनी होगी। माल की सुपर्दगी लेने के लिए शेष धनराशि अर्थात माल की कीमत का 95% कार्यशील दिवस में जमा करना होगा। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा तथा पूरी बिड की धनराशि तीन कार्यशील दिवस में जमा करने में विफल होने की स्थिति में, धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। 4. विडर द्वारा एक बार माल/सामान अपनी अभिरक्षा (कस्टडी) में लेने के बाद बैंक/उसके कर्मचारी/उसके एजेन्ट माल/सामान की गुणवत्ता/मात्रा में किसी भी प्रकार की क्षति/हानि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगें। 5. यह बैंक के पूर्ण विवेकाधीन है, कि वह अधिकतम/औसत बिड की धनराशि के उपरान्त भी किसी अन्य आवेदक एकाधिक आवेदकों को बिड आवंटित कर सकता है। इस सम्बन्ध में बैंक का निर्णय अन्तिम होगा। 6. प्रतिभूति/माल/सामान ''जैसा है, जहाँ है'' के आधार पर नीलाम किया जा रहा है तथा सभी प्रकार का व्यय जैसे लोडिंग, ट्रांसपोटेशन, टैक्स माल लाने ले जाने में विविध व्यय खदीरदार द्वारा ही वहन करने होंगें।

दिनांक– 18.08.2024 — स्थान–हापुड़ — अधिकृत हस्ताक्षरकर्त्ता

**ऐक्सिस बैंक लि0 | कब्जे की नोटिस**

रिटेल एसेट्स सेंटरः प्रथम तल, जी-4/5 बी सेंटर-4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ उ0प्र0- 226010
रजिस्टर्ड ऑफिसः (त्रिशूल), तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-380006

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, न सिक्योरिटाइजशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) रूल, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने करने में असफल रहे है, अतः उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कब्जा ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा एक्सिस बैंक लि0 के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुशंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

| खातेदार/गारन्टरों का नाम एवं पता | बंधक सम्पत्तियों का विवरण | मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि |
|---|---|---|
| श्रीमती सतनाम कौर (ऋणी) पत्नी श्री कुलवंत सिंह पताः 1. जोगीपुरा, जोगीपुरा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड, 262401, पताः 2. खाता नं0 00047, खसरा नं0 22/1/1, मौजा– गुल्दिया गोबरा, निकट कोसी खाता चौक, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड 263401, श्री मोहन सिंह (सह-ऋणी) पुत्र श्री चरन सिंह पताः मीरापुर, मोदीवाला, पोस्ट हिदायतपुर, मीरापुर, मोदीवाला, पोस्ट-हिदायतपुर, बिजनौर, उ0प्र0, 246761 | भूमि/सम्पत्ति (रिहायशी/व्यवसायिक) स्थित खाता नं0 00047, खसरा नं0 22/1/1, मौजा– गुल्दिया गोबरा, निकट कोसी खाता चौक, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड 263401, एरियाः 245.35 वर्ग मी., सम्पत्ति श्रीमती सतनाम कौर के नाम। **चौहद्दी वैल्यूएशन के अनुसार–पूरब**–15 फीट चौड़ा रोड उसके बाद मंगेश की सम्पत्ति, **पश्चिम**– राजेन्द्र पाल सिंह की सम्पत्ति, **उत्तर**–राजेन्द्र पाल सिंह की सम्पत्ति, **दक्षिण**–15 फीट चौड़ा बी0टी0 रोड। | रू0 2045035.40 रू0 36261.00 दि. 29.05.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / 03.06.2024 / 14.08.2024 |
| कु0 गीता कुमारी (ऋणी) पुत्री श्री अशोक कुमार पताः ग्राम गोबरा, तहसील बाजपुर, जोगीपुरा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड 262401, श्री अशोक कुमार (सह-ऋणी) पुत्र श्री कृष्ण दास पताः 1– ग्राम गोबरा, गजराओला, तहसील बाजपुर, जोगीपुरा, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड 262401, पताः 2–खाता नं0 00081, खसरा नं0 318/1/2/2, ग्राम–गोबरा, निकट गुरूद्वारा एवं शिव मंदिर, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड, 262401 | भूमि/सम्पत्ति (रिहायशी/व्यवसायिक) स्थित खाता नं0 00081, खसरा नं0 318/1/2/2, ग्राम–गोबरा, निकट गुरूद्वारा एवं शिव मंदिर, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड, 262401, एरियाः 249.95 वर्ग मी., सम्पत्ति श्री अशोक कुमार के नाम। **चौहद्दी वैल्यूएशन के अनुसार–पूरब**–सुरजीत एवं नरेश कुमार की सम्पत्ति, **पश्चिम**– 14 फीट (4.268 मी.) चौड़ा रोड एवं अशोक कुमार की सम्पत्ति, **उत्तर**–सुरजीत सिंह का मकान, **दक्षिण**–सुरेन्द्र कम्बोज की सम्पत्ति। | रू0 2680355.00 रू0 33669.00 दि. 18.05.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / 18.05.2024 / 14.08.2024 |
| श्रीमती बलजीत कौर (ऋणी) पत्नी श्री तहल सिंह पताः 1. रेनहता, बन्नाखेढ़ा, रेनहता, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड, 262401, पताः 2– खाता नं0 00103, खसरा नं0 34 मिन., ग्राम रेनता, निकट एच0पी0 पेट्रोल पम्प, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड, 263401, श्रीमती पलविन्दर कौर (सह-ऋणी) पत्नी श्री रंजीत सिंह पताः पोस्ट बन्नाखेढ़ा, ग्राम रेनता टंडा अमीचंद, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड 262401 | भूमि/सम्पत्ति (रिहायशी/व्यवसायिक) स्थित खाता नं0 00103, खसरा नं0 34 मिन., ग्राम रेनता, निकट एच0पी0 पेट्रोल पम्प, बाजपुर, ऊधमसिंह नगर, उत्तराखंड, 263401, एरियाः167.29 वर्ग मी., सम्पत्ति श्रीमती बलजीत कौर के नाम। **चौहद्दी वैल्यूएशन के अनुसार–पूरब**– 18 मी. चौड़ा बन्नाखेढ़ा–विक्रमपुर रोड, **पश्चिम**– बलविन्दर सिंह की सम्पत्ति, **उत्तर**–बलविन्दर सिंह की सम्पत्ति, **दक्षिण**–बाला देवी का मकान। | रू0 2541736.20 रू0 25999.70 दि. 15.05.2024 तक + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे / 16.05.2024 / 14.08.2024 |

दिनांकः 18.08.2024 — प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लि0

## रक्षाबंधन : डाकघरों से देश विदेश में भाइयों के लिए भेजी जा रहीं राखियां

### अहमदाबाद से भेजी गईं 3 लाख से अधिक राखियां

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 17 अगस्त।

रेशम के धागों ने सोशल मीडिया पर चल रही आभासी(वर्चुअल) राखियों को बौना साबित कर दिया है। वाट्सएप, फेसबुक, स्काइप, टेलीग्राम जैसे बड़े सोशल मीडिया मंच को छोड़, बहनें इस बार अपने भाईयों की कलाई पर बांधने के लिए डाक के जरिए राखी भेजना ज्यादा पसंद कर रही हैं। किसी भाई की कलाई सूनी न रहे इसलिए रक्षाबंधन के एक दिन पहले रविवार को भी डाक पहुंचाने के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

उत्तरी गुजरात क्षेत्र अहमदाबाद के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अहमदाबाद क्षेत्र के डाकघरों से देश विदेश में रहने वाले भाईयों को अब तक तीन लाख से राखियां भेजी गईं। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि डाकघरों से कई देशों के लिए भी स्पीड पोस्ट और पंजीकृत डाक के जरिए राखियां भेजी जा रही हैं।

करीब 1.5 लाख राखियां अहमदाबाद क्षेत्र के डाकघरों से अलग अलग देशों में भेजी गईं। इनमें ज्यादातर राखियां संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, कनाडा, रुस, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, जापान, चीन इत्यादि देशों में भेजी गई हैं। वहीं विदेशों में रह रही बहनें भी अपने भाईयों को राखी भेज रही हैं, जो डाक विभाग के माध्यम से तुरंत पहुंचाई जा रही हैं। इसके लिए छंटाई के लिए विशेष प्रक्रिया अपनाने सहित गंतव्य तक राखियां पहुंचाने में देरी न हो इसका खास ध्यान रखा जा रहा है।

**ऋण वसूली अधिकरण चण्डीगढ़ (डीआरटी 3)**
**भूतल, एससीओ 33-34-35, सेक्टर-17ए, चण्डीगढ़-160017**

मुकदमा सं. : ओए/1410/2023
ऋण वसूली अधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम 5 के उपनियम (2ए) के साथ पठित धारा 19 की उपधारा (4) के तहत समन

एक्सएच. नं. 21600

भारतीय स्टेट बैंक
बनाम
डॉ. साकिब नवीद खान

सेवा में,

(2) **मेसर्स गुप्ता बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, कॉर्पोरेट कार्यालय एससीओ 196-197, सेक्टर 34-ए, चंडीगढ़ - 160022, अपने प्रबंध निदेशक / निदेशक / प्रधान अधिकारी के माध्यम से (डेवलपर / बिल्डर / प्रमोटर और प्रतिवादी नंबर 1 से ऋण राशि का प्राप्तकर्ता भी)।

(3) मेसर्स ब्रॉन बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय 57 एलजी ऑफ वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, बाबर रोड, नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली -110001 में है, अपने प्रबंध निदेशक / प्रधान अधिकारी के माध्यम से (संपूर्ण परियोजना का मालिक जिस पर प्रतिवादी नंबर 1 द्वारा खरीदा गया फ्लैट स्थित है)

**समन**

जबकि ओ.ए./1410/2022 माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष 30.07.2024 को सूचीबद्ध था।

जबकि, यह माननीय अधिकरण रु. 22,82,266/- के ऋण की वसूली के लिए आपके विरुद्ध दर्ज अधिनियम (ओए) की धारा 19(4) के तहत कथित आवेदन पर समन/सूचना निर्गत करते हैं (दस्तावेजों की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)।

अधिनियम की धारा 19 की उपधारा (4) के अनुसार प्रतिवादियों को निम्नलिखित निर्देश दिया जाता है :

(i) समन की सर्विस के तीस दिनों के भीतर कारण बताना कि जिस राहत के लिए प्रार्थना की गयी उसे स्वीकार क्यों न किया जाये;
(ii) मूल आवेदन की क्रम सं. 3ए के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट सम्पत्तियों अथवा आस्तियों के अतिरिक्त सम्पत्तियों अथवा आस्तियों के विवरणों को प्रकटित करना;
(iii) आपको प्रतिभूत आस्तियों अथवा मूल आवेदन की क्रम संख्या 3ए के तहत प्रकटित अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों के साथ संव्यवहार करने, सुनवाई लम्बित करने तथा सम्पत्तियों के अटैचमेंट हेतु आवेदन को निस्तारित करने से निषिद्ध किया जाता है;
(iv) आप उन किसी आस्तियों को सामान्य प्रकार्यों के विषय को छोड़कर जिस पर प्रतिभूति हित सृजित किया गया है तथा/अथवा मूल आवेदन की क्रम सं. 3ए के तहत निर्दिष्ट अन्य आस्तियों तथा सम्पत्तियों को अधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्य विधि से हस्तान्तरित नहीं करेंगे;
(v) आप प्रतिभूत आस्तियों अथवा अन्य आस्तियों तथा सामान्य प्रकार्य में सम्पत्तियों की बिक्री द्वारा वसूलीकृत बिक्री कार्यवाहियों हेतु उत्तरदायी होंगे और ऐसी बिक्रीत कार्यवाहियों को बैंक अथवा ऐसी आस्तियों पर प्रतिभूति हित धारक वित्तीय संस्थानों के खातों में अनुरक्षित करेंगे।

आपको 30.11.2024 को 10.30 बजे प्रातः रजिस्ट्रार के पास एक लिखित वक्तव्य जिसकी एक प्रति आवेदक को देनी है, दाखिल करने तथा उनके समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है जिसमें विफल होने पर आवेदन पर सुनवाई की जायेगी और आपकी अनुपस्थिति में फैसला दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा इस अधिकरण की मुहर सहित तिथि 31.07.2024 को

**समन जारी करने हेतु अधिकृत प्राधिकारी के हस्ताक्षर**
**ऋण वसूली अधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 3)**

## खबर कोना

### प्रज्ञानानंद अंतिम स्थान पर, फिरोजा ने सेंट लुई चरण जीता


सेंट लुई, 17 अगस्त (भाषा)।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंद ने ब्लिट्ज वर्ग में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन इसके बावजूद सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अंतिम स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन प्रज्ञानानंद के ब्लिट्ज वर्ग में आठ अंक रहे। वह इससे पहले रेपिड वर्ग में चार ही अंक जुटा पाए थे। ग्रैंड शतरंज टूर प्रतियोगिता में प्रज्ञानानंद के कुल 12 अंक रहे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने रेपिड में 11 और ब्लिट्ज में 12 अंक से कुल 23 अंक के साथ खिताब जीता। फिरोजा ने दबदबा बनाते हुए दो दौर शेष रहते ही खिताब अपने नाम कर लिया था।

### जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए टीम चीन रवाना

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

भारत ने अगले साल अपनी मेजबानी में होने वाली विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले खिलाड़ियों का मजबूत पूल तैयार करने के इरादे से चीन के चेंगदू में 20 से 25 अगस्त तक होने वाली बैडमिंटन एशिया (अंडर-15/अंडर-17) जूनियर चैंपियनशिप के लिए 39 सदस्यीय टीम भेजी। बंगलुरु में व्यापक चयन ट्रायल के बाद चुनी गई भारतीय टीम का अंडर-17 वर्ग में नेतृत्व ज्ञान दत्तू और तन्वी रेड्डी एंडलुरी करेंगे जबकि अंडर-15 वर्ग में श्याम बिंदिगनविले और तन्वी पत्री शीर्ष एकल खिलाड़ी होंगे। चेंगदू में ही हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के पिछले सत्र में भारत ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था।



*ब्रिटेन :* इप्सविच में फुटबाल प्रीमियर लीग के दौरान शनिवार को इप्सविच टाउन के खिलाफ गेंद को गोल की ओर ले जाते लिवरपूल के लुइस डियाज।

### विदेशी निशानेबाज पीटर ने कोच पद के लिए किया आवेदन

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

ग्रेट ब्रिटेन के महान डबल ट्रैप निशानेबाज पीटर विल्सन ने भारतीय टीम को कोचिंग देने में रुचि दिखाई है और उनका लक्ष्य 2028 लास एंजिल्स खेलों के लिए निशानेबाजों को प्रशिक्षित करना है। लंदन ओलंपिक 2012 में सबसे कम उम्र के डबल ट्रैप स्वर्ण पदक विजेता बने विल्सन की देख रेख में हाल ही में पेरिस ओलंपिक में ग्रेट ब्रिटेन के नाथन हेल्स ने शीर्ष स्थान हासिल कर इस स्पर्धा में अपने देश के 12 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। 37 वर्षीय निशानेबाज के नाम डबल ट्रैप में विश्व कीर्तिमान है। वह क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन स्नो-बोर्डिंग दुर्घटना के बाद उन्होंने निशानेबाजी शुरू कर दी। विल्सन ने इंग्लैंड से शनिवार को एजंसी से बातचीत में कहा कि मैंने अपना 'बायोडाटा' भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) को भेज दिया है और मुझे अब उनके जवाब का इंतजार है। मैं टीम के साथ काम कर उन्हें लास एंजिल्स ओलंपिक और जूनियर टीम को अगले आठ से 12 वर्षों के लिए तैयार करना चाहता हूं।



*पर्थ :* रग्बी मैच के दौरान आस्ट्रेलिया के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के पीटर-स्टीफ डू टोयट गेंद को पकड़ने के लिए संघर्ष करते हुए।

मुकाबला

# विरोध के कारण मोहन बागान और ईस्ट बंगाल का फुटबाल मैच रद्द

कोलकाता, 17 अगस्त (भाषा)।

मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच रविवार को यहां साल्ट लेक स्टेडियम में होने वाले डूरंड कप मैच को शहर में मौजूदा अशांति के कारण रद्द कर दिया गया है। यह निर्णय कोलकाता पुलिस अधिकारियों और टूर्नामेंट के आयोजकों के बीच एक बैठक के बाद लिया गया।

एक अधिकारी ने जानकारी दी कि दोनों टीमों को एक-एक अंक दिया जाएगा, जबकि प्रशंसकों को खरीदे गए टिकटों का पूरा पैसा वापस मिलेगा। यह भी पता चला है कि कोलकाता में होने वाले डूरंड कप के सभी मैच जमशेदपुर में स्थानांतरित किए जा सकते हैं। मामले में आधिकारिक बयान का इंतजार है। आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की परास्नातक प्रशिक्षु चिकित्सक का शव नौ अगस्त को मिला था, जिसके बाद से व्यापक विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। मोहन बागान और ईस्ट बंगाल फैन क्लब दोनों द्वारा विरोध प्रदर्शन के आह्वान के बाद स्टेडियम के पास लगभग एक लाख लोगों के इकट्ठा होने की उम्मीद है।

बयान के मुताबिक कि कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले मोहन बागान सुपरजायंट्स और इमामी ईस्ट बंगाल एफसी के ग्रुप ए मैच को रद्द कर दिया गया है।

**डूरंड कप**

**टूर्नामेंट** के टिकट साझेदार 'बुकमायशो' के अनुसार मैच रद्द होने के बाद सभी आनलाइन और आफलाइन टिकटों का रुपए प्रशंसकों को वापस कर दिया जाएगा। प्रक्रिया अगले दो दिनों के भीतर अधिसूचित की जाएगी।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्ट इंडीज के विरुद्ध 239 रनों की बढ़त बनाई

**टैस्ट क्रिकेट**

प्रोविडेंस, 17 अगस्त (एपी)।

एडेन मार्कराम और काइल वेरेन के अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टैस्ट मैच के दूसरे दिन 239 रन की बढ़त हासिल कर ली। अपनी पहली पारी में 160 रन बनाने वाले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 223 रन बनाए हैं।

वेस्ट इंडीज की टीम अपनी पहली पारी में 144 रन पर आउट हो गई थी। मार्कराम ने 50 रन बनाए जबकि वेरेन 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर वियान मुल्डर 34 रन बनाकर खेल रहे हैं। इससे पहले वेस्ट इंडीज की तरफ से जेसन होल्डर ने नाबाद 54 रन की पारी खेली। उन्होंने शमर जोसेफ (25) के साथ दसवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी करके वेस्ट इंडीज को दक्षिण अफ्रीका के स्कोर के करीब पहुंचाया।

प्रोविडेंस स्टेडियम में शुरुआती दिन 17 और दूसरे दिन आठ विकेट गिरे।

वियान मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार विकेट लिए। वेस्ट इंडीज की तरफ से पहली पारी में तीन विकेट लेने वाले जेडेन सील्स ने दूसरी पारी में अभी तक 52 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। दोनों टीम के बीच त्रिनिदाद में खेला गया पहला मैच बारिश से प्रभावित रहा था तथा ड्रा समाप्त हुआ था।

# हार के बाद अल्करास ने टेनिस रैकेट पर निकाला गुस्सा, पटककर तोड़ा

**टेनिस**

सिनसिनाटी, 17 अगस्त (एपी)।

चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्करास ने सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में गेल मोनफिल्स से हारने के बाद अपना गुस्सा रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटककर तोड़ दिया।

मोनफिल्स ने तीन सेट तक चले इस कड़े मुकाबले में 4-6, 7-6 (7-5), 6-4 से जीत दर्ज की। बारिश के कारण यह मैच गुरुवार को पूरा नहीं हो पाया था। दूसरी वरीयता प्राप्त अल्करास ने मैच के बाद कहा कि मुझे ऐसा लगा जैसे यह मेरे करिअर का अब तक का सबसे खराब मैच था। मैंने वास्तव में बहुत अच्छी तैयारी कर रही थी और मैं अच्छा महसूस कर रहा था। मैं इस मैच को भूल जाना चाहता हूं और अमेरिकी ओपन में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं।

यह टूर्नामेंट 26 अगस्त से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्त्वपूर्ण माना जाता है। मोनफिल्स का सफर भी लंबा नहीं चला और शुक्रवार को बाद में खेले गए मैच में वह होल्गर रूण से 3-6, 6-3, 6-4 से हार गए। महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्त्युक पर 6-2, 6-2 की शानदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आर्यना सबालेंका भी एलिना स्वितोलिना पर 7-5, 6-2 से जीत के साथ आगे बढ़ने में सफल रही लेकिन विंबलडन में उपविजेता रहीं जैस्मीन पाओलिनी को मीरा एंड्रीवा से हार का सामना करना पड़ा।

## पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा

# नब्बे मीटर की दूरी हासिल करने का लक्ष्य भगवान पर छोड़ा

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

पेरिस खेलों में नब्बे मीटर के अपने लक्ष्य से मामूली अंतर से चूकने के बाद, दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने कहा कि उन्होंने इस लक्ष्य को अब भगवान के भरोसे छोड़ दिया है।

नीरज ने पेरिस ओलंपिक में 89.45 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक जीता। पेरिस ओलंपिक में उनके छह प्रयास में से यह इकलौता वैध प्रयास था। लगातार दो ओलंपिक खेलों में पदक जीतना किसी भारतीय एथलीट के लिए एक बड़ी उपलब्धि है लेकिन नीरज लगातार दो स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। उनका प्रयास पाकिस्तान के अरशद नदीम के ओलंपिक कीर्तिमान प्रयास से 92.97 मीटर से काफी कम था। नदीम इस दौरान व्यक्तिगत खेलों में पाकिस्तान के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने।

नीरज ने निकट भविष्य में अपने 90 मीटर के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा कि अब लगता है कि इस तरह के लक्ष्य को 'ऊपरवाले' पर छोड़ना होगा। उन्होंने शनिवार को आयोजित आनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं बस अच्छी तरह से तैयारी करना चाहता हूं और देखना चाहता हूं कि भाला कहां तक जाता है। 90 मीटर के बारे में पहले ही बात हो चुकी है, अब मुझे लगता है कि इसे रहने दो। पेरिस में मुझे लगा था कि यह होगा और यह हो सकता था। अब मैं अगले दो या तीन प्रतियोगिताओं में अपना सौ फीसद दूंगा और देखूंगा कि क्या होता है। इस दौरान मैं अपनी खामियों को सुधारने पर काम करूंगा। नीरज लंबे समय से कमर की चोट से परेशान हैं लेकिन 22 अगस्त को होने वाले डायमंड लीग में प्रतिस्पर्धा करेंगे और फिर ब्रुसेल्स में 13-14 सितंबर को डायमंड लीग फाइनल में भाग लेने के बाद चिकित्सकों से परामर्श लेंगे। नीरज ने स्विट्जरलैंड में अभ्यास शुरू कर दिया है और चोट के बावजूद सत्र को शानदार ढंग से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

नीरज ने कहा कि उन्हें अपने खेल में थोड़ी तकनीकी बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि पेरिस में आर्क स्पीड अच्छी थी लेकिन लाइन सही नहीं हो पा रही थी, अगर यह सीधी होती तो मैं इससे दो तीन मीटर दूर निकल सकता था। मैंने एक बार भी नहीं सोचा कि अरशद के थ्रो से बेहतर नहीं किया जा सकता। मेरा दिमाग तैयार था लेकिन शरीर साथ नहीं दे रहा था।

**भाला फेंक स्पर्धा**



**नीरज** ने कहा कि जब मैं भाले के साथ दौड़ता हूं तो क्रास स्टेप लेने पर कमर पर भी काफी दबाव पड़ता है। लेकिन अभी मैं अपनी तकनीक में बदलाव नहीं कर पा रहा हूं। इसके अलावा मेरी भाले की लाइन भी सही नहीं थी।

*लुसाने डाइमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि*

भारत के दोहरे ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने शनिवार को 22 अगस्त को लुसाने में होने वाली आगामी डाइमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की पुष्टि की। लंबे समय से ग्रोइन की चोट से परेशान नीरज ने हाल में संपन्न पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। तीन साल पहले उन्होंने तोक्यो खेलों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था।

## जीव मिल्खा सिंह जांबिया लीजेंड्स में संयुक्त 19वें स्थान पर


# महिला स्काटिश ओपन में कट से चूकीं अदिति

इर्विन, 17 अगस्त (भाषा)।

भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आइएसपीएस हांडा महिला स्काटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। लेडीज यूरोपीय टूर पर पांच बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था।

अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोर तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। अदिति स्काटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकीं हैं, जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। आस्ट्रेलिया की मिनजी ली (तीन अंडर 69) और मेगान खेंग आठ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

**गोल्फ**



*लाहिड़ी लिव ग्रीनबियर में संयुक्त 38वें स्थान पर*

अमेरिका में भारत के अनिर्बान लाहिड़ी लिव गोल्फ ग्रीनबियर के शुरुआती दौर में पार 70 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर है। लाहिड़ी ने इस 54 होल की स्पर्धा के पहले दिन एक बोगी और एक बर्डी लगाई। पिछले साल के व्यक्तिगत चैम्पियन टेलोर गूच 54 खिलाड़ियों की प्रतियोगिता में बोगी रहित सात अंडर 63 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

**जीव जांबिया गोल्फ लीजेंड्स में संयुक्त 19वें स्थान पर :** लुसाका में भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया गोल्फ लीजेंड्स के पहले दौर में 72 के स्कोर से संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर हैं।

भारत में अगले हफ्ते लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता की मेजबानी करने वाले जीव ने एक बर्डी और एक बोगी की, जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। साइमन खान ने पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है और वह लीजेंड्स टूर पर पहली जीत दर्ज करने की ओर बढ़ रहे हैं।

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व में रियोहलांग सहायक रैफरी नियुक्त

नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

रियोहलांग धर डोमीनिकन गणराज्य में होने वाले फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए चुनी जाने वाली दूसरी भारतीय महिला सहायक रैफरी बन गई हैं। मेघालय की 34 वर्षीय रियोहलांग को शुक्रवार को फीफा ने 38 मैच अधिकारियों की सूची में शामिल किया जो 10 अक्तूबर से तीन नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में अधिकारी की भूमिका में मौजूद रहेंगी।

उवेना फर्नांडिस विश्व कप में अधिकारी की भूमिका निभाने वाली पहली भारतीय महिला सहायक रैफरी हैं। उवेना ने जोर्डन में 2016 फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में जिम्मेदारी निभाई थी। मेघालय पुलिस विभाग में काम करने वाली रियोहलांग ने कहा, 'विश्व कप के लिए मेरी नियुक्ति बहुत सम्मान की बात है।' सहायक रेफरी ने कहा कि मुझे फीफा की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। मैं यह भी ध्यान रखूंगी कि मैं वहां भारत के प्रतिनिधि के तौर पर रहूंगी। मैं भारत का झंडा ऊंचा रखने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगी।

**फुटबाल**

**रियोहलांग** ने कहा कि फुटबाल खेलना बंद करने के बाद मैं रैफरी पाठ्यक्रम का हिस्सा बन गई और यह मुझे दिलचस्प लगा क्योंकि इससे मैं उस खेल से जुड़ी रही जिसे मैं बेहद प्यार करती हूं।

**पेरिस में 28 अगस्त से 8 सितंबर तक होगा आयोजन | पैरालंपिक | भारत के 84 खिलाड़ी 12 खेलों में दिखाएंगे दम**

# प्रमोद का बाहर होना निराशाजनक : देवेंद्र झाझरिया


नई दिल्ली, 17 अगस्त (भाषा)।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआइ) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि डोपिंग नियमों के उल्लंघन के कारण पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत का भारतीय दल से बाहर होना निराशाजनक है।

पेरिस पैरालंपिक का आयोजन 28 अगस्त से आठ सितंबर तक होगा। इसमें भारत के 84 खिलाड़ी 12 खेलों में पदक के लिए जोर लगाएंगे। तोक्यो खेलों के स्वर्ण पदक विजेता (पुरुष एकल एलएल तीन वर्ग) पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को बीडब्लूएफ के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबाउट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। पेरिस पैरालंपिक के लिए भारतीय दल के विदाई समारोह के इतर झाझरिया ने प्रमोद के बारे में पूछे जाने पर कहा कि इस तरह के मामले से निपटने की पूरी जिम्मेदारी खुद खिलाड़ी की होती है। उन्होंने कहा कि देखिए, इसमें कोई शक नहीं की प्रमोद भगत हमारे स्टार एथलीट और तोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक विजेता हैं लेकिन मैंने 25 पदक का जो लक्ष्य बनाया है वह हमारे मौजूदा 84 खिलाड़ियों के दल से है। इसमें प्रमोद भगत शामिल नहीं है। बीडब्लूएफ ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा था कि बैडमिंटन विश्व महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भारत के तोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिए निलंबित किया गया है और वह पेरिस पैरालंपिक नहीं खेलेंगे। इसमें कहा गया कि एक मार्च 2024 को खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भगत को बीडब्लूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया। वह एक साल में तीन बार अपना ठिकाना बताने में नाकाम रहे थे।

छत्तीस वर्ष के एसएल3 खिलाड़ी भगत ने सीएएस (खेल पंचाट) के अपील विभाग में इस फैसले को चुनौती दी थी, जो पिछले महीने खारिज हो गई। झाझरिया ने कहा कि प्रमोद की देश के लिए उपलब्धि काफी बड़ी है लेकिन खेल के जो नियम-कानून है उन्हें खिलाड़ी को किसी भी हालत में पूरा करना होता है। पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने वाले झाझरिया ने कहा कि प्रमोद का भारतीय दल में नहीं होना एक झटका है, क्योंकि उन्होंने देश को पैरालंपिक का शीर्ष पदक दिलाया था।

**तोक्यो** पैरालंपिक में 56 खिलाड़ी थे, इस बार 84 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे। खिलाड़ी पहली बार ब्लाइंड (दृष्टिबाधित) जूडो, पैरा नौकायन और पैरा साइकिलिंग में चुनौती पेश करेंगे।



**झाझरिया** ने कहा कि हर खिलाड़ी पदक जीतने का दावेदार है, हमारा सबसे बड़ा दल एथलेटिक्स में है और मुझे सबसे ज्यादा पदक की उम्मीद इसी से है। 47 खिलाड़ी पहली बार पैरालंपिक में खेलेंगे।

# 'खेलों की शक्ति का उपयोग सामाजिक उद्देश्यों के लिए होना चाहिए'

ढाका, 17 अगस्त (भाषा)।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने शनिवार को कहा कि खेलों की शक्ति का उपयोग सामाजिक उद्देश्यों के लिए किया जाना चाहिए जैसा कि पेरिस ओलंपिक 2024 के दौरान किया गया है।

पेरिस 2024 और साझेदारों ने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों को आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से एक जिम्मेदार प्रतियोगिता बनाने का निर्णय लिया है। नोबेल पुरस्कार विजेता यूनुस ने कहा, 'मैं खेलों की शक्ति का उपयोग सामाजिक उद्देश्यों के लिए करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा हूं। मुझे खुशी है कि पेरिस ओलंपिक 2024 ने इस पर ध्यान दिया। पेरिस ओलंपिक 2024 के साथ हमने ओलंपिक की एक नई अवधारणा बनाई 'सामाजिक व्यवसाय ओलंपिक।'

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 41, अंक 274

दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,

बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

www.readwhere.com